आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 1 सितंबर 2024 ■ भाद्र कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-154 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 2 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

पुलिस के निजात अभियान से जुड़े बॉलीवुड और छालीवुड के कलाकार

रायपुर,1सितंबर। नशे के खिलाफ पुलिस के अभियान से बॉलीवुड की कई सेलिब्रिटी जुड़े. निजात अभियान के तहत बॉलीवुड और छालीवुड के कलाकारों ने सोशल मीडिया के जरिए लोगों को प्रेरणादायी संदेश दिया. पुलिस के निजात अभियान से बॉलीवुड स्टार आशुतोष राणा, आदित्य पंचोली, प्रभु देवा, अरबाज खान, राजपाल यादव के अलावा धरसींवा विधायक व अभिनेता अनुज शर्मा, कलाकर प्रकाश अवस्थी, राकेश शर्मा, मोना सेन, लोक गायिका ममता चंद्राकर, तीजन बाई, दिलीप षडंगी, सुनील तिवारी, आंचल शर्मा, जाकिर हुसैन, गोपाल सिंह, योगेश अग्रवाल सहित अन्य लोगों ने आम लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया है.

दो नाबालिग दोस्तों की ट्रेन से कटकर मौत

भिलाई,1 सितंबर। भिलाई रिसाली में पार्श्वनाथ जैन मंदिर के पीछे दुर्ग राजहरा रेलवे ट्रैक पर कल देर शाम को दो नाबालिग दोस्तों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। हादसे के पहले दोनों दोस्तों के रेल पटरी पर बैठकर मोबाइल फोन चलाने की चर्चा है। मृतक पूरण कुमार साहू पिता सुनील कुमार साहू (14 वर्ष) सरस्वती कुंज वेस्ट रिसाली व वीर सिंह पिता हरदीप सिंह (13 वर्ष) सड़क 10 नहर के पास आशीष नगर रिसाली का निवासी है। पद्मनाभपुर पुलिस ने मामले में धारा 194 बीएनएस के तहत मर्ग कायम कर लिया है पार्श्वनाथ जैन मंदिर के पीछे दुर्ग राजहरा रेलवे लाइन पर बैठकर पूरण कुमार साहू और वीर सिंह अपने अपने मोबाइल फोन पर व्यस्त थे। तभी दुर्ग से मरोदा होकर दल्ली राजहरा की ओर जा रही यात्री ट्रेन से कटकर दोनों की मौत हो गई। माना जा रहा है दोनों दोस्त ईयरफोन लगाकर मोबाइल फोन देख रहे थे। जिसके चलते ट्रेन की आवाज उन्हें सुनाई नहीं दी होगी। पुलिस को घटना की सूचना देर रात्रि 1 बजे के लगभग प्राप्त हुई। पुलिस ने दोनो बच्चों के परिजनों को सूचना दी। इसके बाद उनकी मौजूदगी में शव का पंचनामा करके उसे पीएम के लिए दुर्ग जिला अस्पताल भेजा गया। रविवार को पीएम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। वहीं हादसे के अन्य संभावित कारण का पता लगाने पुलिस मृतकों के दोस्तों और परिजनों से पूछताछ कर रही है।खुदकुशी करने की भी संभावना पद्मनाभपुर टीआई अंबर सिंह भारद्वाज, ने बताया कि दोनों लड़के मोबाइल में गेम खलने के आदी थे। इस आदत को लेकर घर वाले टोका टाकी करते थे। इसके चलते दोनों नाबालिग दोस्त मोबाइल लेकर घर से निकल जाते थे और चुपके से मोबाइल पर गेम खेलते रहते थे पुलिस पता कर रही है कि कहीं परिजनों ने उन्हें इसके लिए अधिक डांट दिया हो, जिसकी वजह से उन्होंने ऐसा किया हो पुलिस को घटना स्थल के पास से बच्चों की साइकिल भी मिली है।

भाजपा युवा मोर्चा को मिला है सात लाख युवाओं को सदस्यता दिलाने का लक्ष्य

रायपुर,1 सितंबर। भाजपा युवा मोर्चा को सात लाख युवाओं को सदस्यता दिलाने का लक्ष्य मिला है. हर ज़िले में 11 लोगों की कमेटी बनी है. मोर्चा के हर कार्यकर्ता को ज़िम्मेदारी मिली है. इस बात की जानकारी भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने दी. बीजेपी की सदस्यता अभियान पर भाजपा युवा मोर्चा की प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने बताया कि प्रत्येक मंडल से युवा मोर्चा को पांच बूथ दिया जाएगा, हर बूथ में 200 लोगों को जोड़ने का लक्ष्य है. एक मण्डल में 1500 युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया है. रितेश मोहले भाजपा सदस्यता अभियान के लिए युवा मोर्चा प्रभारी बनाए गए हैं. रवि भगत ने बताया कि दिल्ली में 28 अगस्त को समस्त बीजेपी युवा मोर्चा की बैठक हुई थी.

कोलकाता कांड के विरोध में कई जगह प्रदर्शन

कोलकाता,1 सितंबर। कोलकाता के सरकारी आरजी कर अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ कथित बलात्कार और हत्या की घटना के विरोध में यहां रविवार को कई रैलियां और प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ-साथ नागरिक संगठनों के सदस्यों की दिन में शहर में और पूरे पश्चिम बंगाल में सड़कों पर उतरकर विरोध-प्रदर्शन करने की योजना है।

तृणमूल कांग्रेस की महिला सदस्य बलात्कारियों को मृत्युदंड देने के लिए कानून में संशोधन की मांग को लेकर विभिन्न ब्लॉक पर प्रदर्शन करेंगी। वहीं, भाजपा एस्प्लेनेड में 29 अगस्त से शुरू अपने धरने को जारी रखेगी। केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पहले कहा था कि प्रदर्शनकारी चाहते हैं कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चिकित्सक बलात्कार-हत्या मामले को लेकर अपने पद से इस्तीफा दें। पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया है, जिसमें बलात्कार के दोषियों को मृत्युदंड के प्रावधान संबंधी एक विधेयक पेश कर उसे पारित किया जाएगा। रविवार दोपहर को मध्य कोलकाता के कॉलेज स्क्वायर से एस्प्लेनेड तक भव्य 'महा मिछिल' रैली निकाले जाने का कार्यक्रम है, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल होंगे। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, ''यह एक गैर-राजनीतिक रैली है और इसकी योजना सोशल मीडिया पर बनाई गई। इसमें हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को 39 वें चक्रधर समारोह में शामिल होने का आमंत्रण

रायपुर 1 सितंबर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज यहां राजधानी रायपुर स्थित निवास में कलेक्टर रायगढ़ श्री कार्तिकेया गोयल और पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने सौजन्य मुलाकात कर 39वें चक्रधर समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने आमंत्रण स्वीकार कर समारोह के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चक्रधर समारोह रायगढ़ की पहचान है। अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों ने समारोह में प्रस्तुति देकर इसके गौरव को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि रायगढ़ से मैं सांसद रहा और इस आयोजन को करीब से देखा है। श्री साय ने कहा कि समारोह से मेरा भावनात्मक लगाव भी है। महाराजा चक्रधर ने रायगढ़ को अमूल्य सांस्कृतिक विरासत सौंपी है, जो लगातार समृद्ध हो रहा है। समारोह की लोकप्रियता का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि कलाकारों और कलाप्रेमियों को वर्ष भर इस समारोह का इंतजार रहता हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्थानीय लोक कलाकारों को भी समारोह में प्रमुखता के साथ शामिल करने को कहा।

सिक्योरिटी गार्ड निकला चोर

भिलाई,1 सितंबर। शंकराचार्य अस्पताल की पार्किंग से वाहन चोरी करने वाला कोई और नहीं बल्कि पार्किंग का सिक्योरिटी गार्ड निकला। कुल 5 आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 11 नग दो पहिया वाहन अनुमानित कीमत 10 लाख रुपए जब्त किया है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि चौकी स्मृति नगर अंतर्गत शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के पार्किंग से लगातार मोटर साइकिल चोरी के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त हो रही थी। जिस पर पुलिस ने टीम बनाकर जांच की। मुखबीर से सूचना पर प्रकरण के मुख्य आरोपी आकाश चौबे को पकड़ा गया। आरोपी से कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि वह शंकराचार्य अस्पताल में सिक्युरिटी गार्ड का काम करता है । जिसे पार्किंग एरिया के बारे में पूरी जानकारी है।

जिन्होंने अपने अन्य साथी सतीश सिन्हा (एम्बुलेंस चालक), अजय चौहान के साथ मिलकर योजना बनाये कि पार्किंग एरिया में सैकड़ो गाडी खड़ी रहती है, शंकराचार्य अस्पताल के स्टाफहोने के कारण कोई हम पर शक नही करेगा। योजनाबध्द तरीके से आकाश चौबे एवं उसके साथी मिलकर पार्किंग में खडी मोटर साइकिल का लॉक तोड़कर चोरी कर ले जाते थे एवं अपने जान पहचान वालो को सस्ते दामो में बेच देते थे। इस प्रकार उक्त आरोपियों नो करीब 08-09 माह में 11 नग मोटर साइकिल चोरी की है। इसमे से 05 गाड़ियों की बिक्री कर चुके थे इन आरोपियों को पुलिस ने दबोचा आकाश चौबे(23वर्ष) निवासी परपोडी जिला बेमेतरा,सूरज साहू (22 वर्ष) निवासी देवपुरा गंर्ज्ड,उमेश कुमार साहू (25 वर्ष) निवासी ग्राम रहुद थाना रनचिरई जिला बालोद,सतीश कुमार(27 वर्ष) निवासी ग्राम रहुद थाना रनचिरई जिला बालोद तथा अजय चौहान (23 वर्ष) निवासी राजनांदगांव है।

जेडीयू नेता केसी त्यागी ने पद से दिया इस्तीफा

पटना,1 सितंबर। बिहार में बड़ी सियासी हलचल हुई है। राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। लेकिन बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी की तरफ से प्रेस रिलीज जारी कर अभी यह कहा गया है कि केसी त्यागी ने निजी कारणों की वजह से पार्टी के प्रवक्ता पद से इस्तीफा दिया है। जदयू ने केसी त्यागी के इस्तीफे के बाद नए राष्ट्रीय प्रवक्ता का ऐलान भी कर दिया है। केसी त्यागी की जगह अब राजीव रंजन प्रसाद को जदयू का राष्ट्रीय प्रवक्ता घोषित किया गया है। जनता दल यूनाइटेड के महासचिव आफाक अहमद खान की तरफ से विज्ञप्ति जारी कर कहा गया है, जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने राजीव रंजन प्रसाद को राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है। केसी त्यागी जो प्रवक्ता के पद पर पार्टी में हैं, उन्होंने निजी कारण से पार्टी के प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है। बताया जा रहा है कि केसी त्यागी पार्टी के राजनीतिक सलाहकार बने रहेंगे केसी त्यागी की जदयू के दिग्गज नेता हैं और कई मोर्चों पर केसी त्यागी पार्टी की तरफ से बोलते आए हैं। तेज तर्रार प्रवक्ता और कुशल राजनेता के तौर पर जाने जाने वाले केसी त्यागी के इस्तीफा ने सबको चौंका दिया है। हालांकि, कुछ दिनों पहले केसी त्यागी ने एक बार और चौंकाया था जब वो विपक्षी दलों के एक ग्रुप में नजर आए थे। दरअसल देश के विपक्षी दलों के एक ग्रुप ने फिलिस्तीन के नेता से मुलाकात थी। यह मुलाकात अल गुद्स के महासचिव मोहम्मद मकराम बलावी से हुई थी। इस दौरान कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं के अलावा वहां जेडीयू नेता केसी त्यागी भी नजर आए थे। इस मुलाकात के बाद संयुक्त बयान जारी किया गया था। इस बयान को लेकर एक विज्ञप्ति जारी की गई थी जिसमें केसी त्यागी का हस्ताक्षर भी था। विपक्षी दलों ने इस दौरान इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध पर चिंता जाहिर की थी। इसके अलावा फिलिस्तीनी नागरिकों के नरसंहार पर भी विपक्षी नेताओं ने निंदा की थी और सांसदों ने भारत सरकार से आग्रह किया था कि वो इजरायल को हथियार और गोला-बारूद की आपूर्ति ना करे।

कांग्रेस नेता ने पत्नी और दो बेटों के साथ खाया जहर, कर्ज के कारण आत्महत्या की आशंका

जांजगीर-चांपा,1 अगस्त। छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. यहां कांग्रेस नेता ने अपनी पत्नी समेत दो बेटों के साथ जहर खा कर आत्महत्या कर ली है. घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. यह मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, जांजगीर के बोंगा पार निवासी कांग्रेस नेता पंच राम यादव ने अपने परिवार के साथ शुक्रवार रात जहर खाया था. जहर खाने के बाद सभी को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बिलासपुर के सिम्स अस्पताल रेफर किया गया था. अस्पताल ले जाते वक्त बड़े बेटे की मौत हो गई, जबकि शनिवार रात को पंच राम यादव, उनकी पत्नी और छोटे बेटे ने भी दम तोड़ दिया. पंच राम यादव ठेकेदारी और फेब्रीकेशन का काम करते थे. इस आत्महत्या के पीछे कर्ज से परेशान होने की आशंका जताई जा रही है. पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर 10 बोधा तालाब निवासी पंचराम पिता (65 वर्ष) उनकी पत्नी दिनेश नंदनी यादव (55 वर्ष), और उनके दो बेटे सूरज यादव (27 वर्ष) और नीरज यादव (32 वर्ष) ने 30 अगस्त की रात अज्ञात कारणों से जहर खा लिया. जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया. सभी की स्थिति गंभीर होने की वजह से ष्ठद्बह्लस्न अस्पताल बिलासपुर रेफर कर दिया गया. सिम्स अस्पताल में नीरज यादव उम्र 32 वर्ष की 31 अगस्त को इलाज के दौरान मौत हो गई है, जबकि परिवार के तीन अन्य सदस्यों को RB अस्पताल Ring Road No-2 महाराणा प्रताप चौक में इलाज के दौरान देर रात दम तोड़ दिया. फिलहाल, मृत परिवार के घर पुलिस पहुंची गई है और घर को सील कर जांच में जुटी हुई है.

चहेते ठेकेदारों को उपकृत करने पालिका के अधिकारियों ने दूसरे ठेकेदारों को नहीं दी निविदा

हाईकोर्ट ने लगाई फटकार, कहा-यह आपके घर की खेती नहीं

खैरागढ़,1 सितंबर। ठेकेदार अनिमेष सिंह और छबील दहू तिवारी की ओर से दायर याचिका की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने खैरागढ़ नगरपालिका को जमकर फटकार लगाई. हाई कोर्ट ने कहा कि आपके घर की खेती नहीं है. आप अपनी नहीं चला रहे हैं कि जिसको चाहे देंगे और जिसको चाहेंगे नहीं देंगे. उच्च न्यायालय ने 4 सितंबर तक सभी ठेकेदारों को फ़ार्म जारी करने के निर्देश दिए हैं. पूरा मामला 15वें वित्त के कार्यों का है, जहां नगर पालिका खैरागढ़ में लगभग ढ़ाई करोड़ रुपए की राशि के विभिन्न कार्यों की निविदा निकाली गई थी, जिसकी आखिरी तारीख 13 अगस्त थी. पालिका के अधिकारी अपने चहेते ठेकेदारों को ही निविदा फ़ार्म दिए, जिसकी शिकायत ठेकेदारों ने कलेक्टर समेत प्रभारी मंत्री से भी की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होने पर ठेकेदारों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया. निविदा फार्म वितरण के अनियमितता को लेकर ठेकेदारों ने सीएमओ प्रमोद शुक्ला, और उप अभियंता दीपाली मिश्रा तंबोली पर कारवाई की मांग करते हुए कहा कि दोनों अधिकारियों ने निविदा की खुली बिक्री करने की जगह भाजपा से जुड़े ठेकेदारों को अनुचित लाभ देने की नीयत से निर्धारित समय तक किसी को निविदा फार्म नहीं दिया और ना ही रसीद काटी. लेकिन देर रात प्रभारी कर्मचारी को घर बुलाकर रसीद काटी गई. पूरे मामले को लेकर शिकायतकर्ता अनिमेष सिंह ने बताया कि खैरागढ़ में निविदा फ़ार्म को लेकर बहुत ड्रामा हुआ था, जिसकी शिकायत उन्होंने कलेक्टर से की थी. लेकिन उन्हें वहाँ से न्याय नहीं मिला, जिसके बाद उन्होंने उच्च न्यायालय से न्याय की गुहार लगायी थी. उच्च न्यायालय ने नगरपालिका खैरागढ़ फटकार लगाते हुए कहा कि पालिका के वकील कोर्ट में खड़े होकर झूठ बोल रहे हैं कि हम फ़ार्म लेने ही नहीं गए, जबकि 13 तारीख को हम रात 8 बजे तक नगरपालिका में फ़ार्म लेने खड़े रहे, लेकिन सीएमओ प्रमोद शुक्ला ने हमें फ़ार्म नहीं दिया. अब कोर्ट ने हमें 4 सितंबर तक फार्म देने के लिए निर्देशित किया है.

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर लगाया बड़ा आरोप

रायपुर,1 सितंबर। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि उनकी नीतियों के कारण प्रदेश में कुपोषण की समस्या गंभीर हो गई थी. भाजपा सरकार के कार्यकाल में कुपोषण में कमी लाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया जा रहा है.रायपुर जाने के दौरान कटघोरा में मीडिया से बातचीत करते हुए मंत्री राजवाड़े ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं और बच्चों को नियमित रूप से पोषित आहार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे प्रदेश में कुपोषण की स्थिति में सुधार हो रहा है. उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार की योजनाएं और प्रयास जमीनी स्तर पर असर दिखा रहे हैं, और आने वाले समय में कुपोषण की समस्या को और भी नियंत्रित किया जाएगा. राजवाड़े ने कांग्रेस की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि पिछली सरकार के दौरान कुपोषण को नजरअंदाज किया गया, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश में कुपोषित बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी हुई. भाजपा सरकार ने इस चुनौती को गंभीरता से लेते हुए कई ठोस कदम उठाए हैं, जिससे अब स्थिति में सुधार हो रहा है. उन्होंने कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव सरकार गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों के पोषण के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है.

बांग्लादेश में हिंदू शिक्षकों से जबरन लिया जा रहा इस्तीफा

ढाका,1 सितंबर। शेख हसीना सरकारी की बर्खास्तगी के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ताजा मामला वहां बच्चों को पढ़ाने वाले हिंदू शिक्षकों से जुड़ा है। उन्हें अपनी सरकारी नौकरी से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उनसे जबरन इस्तीफा लिया जा रहा है। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पड़ोसी देश में अब तक कम से कम 50 हिंदू शिक्षकों को अपनी नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया गया है। बांग्लादेशी दैनिक प्रोथोम अलो के अनुसार, बरिशाल के बेकरगंज सरकारी कॉलेज की प्रिंसिपल शुक्ला रानी हलदर को भी अपना इस्तीफा देना पड़ गया है। 29 अगस्त को छात्रों और बाहरी लोगों की भीड़ ने उनके कार्यालय पर धावा बोल दिया और उनसे इस्तीफा देने की मांग की। कई घंटों तक डराने-धमकाने के बाद परेशान हलदर ने एक सादा कागज पर सिर्फ मैं इस्तीफा देती हूं लिखकर सरकारी नौकरी छोड़ दी।इससे पहले 18 अगस्त को अजीमपुर गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल और कॉलेज की करीब 50 छात्राओं ने प्रिंसिपल गीतांजलि बरुआ को घेर लिया और उनसे सहायक प्रधानाध्यापक गौतम चंद्र पॉल और शारीरिक शिक्षा शिक्षिका शहनाजा अख्तर से इस्तीफा मांगा। बरुआ ने डेली स्टार को बताया, ÷18 अगस्त से पहले उन्होंने कभी मेरा इस्तीफा नहीं मांगा। उस सुबह उन्होंने मेरे कार्यालय में धावा बोला और मुझे अपमानित किया।÷ नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के वादों के बावजूद बांग्लादेश में हिंदू विरोधी घटनाएं हो रही हैं। इसकी वजह से बांग्लादेश में हिंदू शिक्षकों के बीच भय और असहायता की भावना स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है।

भिलाई-3 कॉलेज के हिन्दी प्रोफेसर को मारने दी सुपारी

रीवा से धरे गए तीन आरोपी, मुख्य सरगना की तलाश जारी

दुर्ग,1सितंबर। भिलाई-3 स्थित खूबचंद बघेल कॉलेज के प्रोफेसर विनोद शर्मा को मारने के लिए सुपारी देने का मामला सामने आया है. पुलिस मामले में तीन आरोपियों को मध्य प्रदेश के रीवा से दबोच चुकी है. वहीं सुपारी देने वाले मुख्य आरोपी प्रवीर शर्मा, धीरज और अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश में जुटी है. पुलिस अब तक घटना के पीछे की वजह को नहीं समझ पाई है. माना जा रहा है मुख्य आरोपी को पकड़े जाने के बाद वजह का खुलासा होगा. दरअसल, यह घटना 21 जुलाई की है. प्रकरण में पुलिस ने प्रोफेसर विनोद शर्मा के ड्राइवर की शिकायत दर्ज कराई थी कि कॉलेज की छुट्टी के बाद वह प्रोफेसर को लेकर पुलिस पेट्रोल पंप के पास पेट्रोल डलवाने रुके. इसी बीच प्रोफेसर सिगरेट लेने दुकान की ओर बढ़ रहे थे, तभी उनके पास तीन बाइक सवार पहुंचे और गाली-गलौच करते हुए रॉड-डंडों से हमला कर दिया. इसके बाद बदमाश जब ड्राइवर की ओर बढ़े, तब वह कार लेकर कॉलेज की ओर भागा और अन्य स्टाफ को घटना की सूचना दी. घटना में गंभीर रूप से घायल प्रोफेसर को रायपुर के निजी अस्पताल ले जाया गया. जहां से उन्हे एयर एम्बुलेंश के माध्यम दिल्ली के वेदांता हॉस्पिटल ले जाया गया. फिलहाल उनका इलाज दिल्ली में चल रहा हैं. मामले में पुलिस अज्ञात के खिलाफ धारा 109, 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की. पुलिस को सीसीटीवी में दो बाइक पर 6 बदमाश नजर आए. यह बाइक बदमाशों को भिलाई तीन के विठ्ठलपुरम के पास दी गई थी. वहीं एक स्निफ्ट कार उनके सामने चल रही थी. सीसीटीवी में नजर आई कार को पुलिस ने जब्त कर लिया है. यह कार प्रवीर शर्मा की है. वहीं प्रोफेसर पर हमला करने वाले बदमाशों का सीसीटीवी फुटेज मिला है. इस बीच पुलिस को मोबाइल लोकेशन के अनुसार मध्य प्रदेश के रीवा के रहने वाले बदमाशों की जानकारी हुई. पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोच लिया है. आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने अपना गुनाह कबूल किया, उनकी निशानदेही पर बाकी आरोपियों के तलाश में जुट गई है.

बिलासपुर में श्मशान में जलती चिता के बगल में चल रही थी तांत्रिक क्रिया

बिलासपुर,1सितंबर। बीती देर रात जलती चिता के पास युवक-युवती की फोटो लेकर तांत्रिक क्रिया करते हुए एक महिला और एक उसके सहयोगी पुरुष को पुलिस ने पकड़ा है. वह मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के बत्राक चौक मुक्तिधाम का है. मामले में तांत्रिक क्रिया करने वालों से पूछताछ में पता चला है कि सहयोगी युवक के भांजे को कैंसर है इसलिए उसके स्वास्थ्य सुधार के लिए मुक्तिधाम में पूजा पाठ कर रहे थे. दरअसल, सिरगिट्टी बत्राक चौक के मुक्तिधाम में शनिवार की देर रात जलती चिता के सामने महिला और पुरुष को तंत्र पूजा करते लोगों ने पकड़ा. दोनों युवक और युवती की बीच में फोटो रखकर मोमबत्ती और दिया जलाकर पूजा कर रहे थे. इसकी जानकारी जब देर रात आसपास के लोगों को लगी तो लोग डर गए. लेकिन लोगों ने हिम्मत जुटाया और मौके पर पहुंचे. पूछताछ में पता चला कि बाहर से आई महिला तांत्रिक और उसके सहयोगी जलती चिता के सामने तंत्र पूजा कर रहे थे. बीच में युवक-युवती की फोटो और पुतलों के साथ शराब सिगरेट आदि सामान पड़ा हुआ था. इस दौरान गुस्साए लोगों ने उनकी पिटाई कर दी

और सिरगिट्टी पुलिस के हवाले कर दिया. लोगों के मुताबिक महिला को तंत्र पूजा के लिए बाहर से बुलाया गया था. बताया जा रहा है कि सिरगिट्टी के न्यू कॉलोनी के शंकर नामक युवक के भांजे को कैंसर है. इसलिए उसने पूजा पाठ करने वाले अपनी परिचित को बाहर से बुलाया था जो मुक्तिधाम में पूजा कर रहे थे. पुलिस दोनों से और पूछताछ कर रही है, इसके बाद मामले का खुलासा होगा.

रायपुर में 11 हजार लॉकिंग प्लेट, नट- बोल्ट से बने भगवान गणेश

रायपुर,1 सितंबर। हर बार की तरह इस बार भी गणेश पूजा की तैयारी जोरों पर है. छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की रेलवे वैगन रिपेयर वर्कशॉप कॉलोनी में इस बार गणेशोत्सव पर कुछ अनोखा होने जा रहा है. यहां 11 हजार लॉकिंग प्लेट, नट बोल्ट, वायसर और रेलवे के विभिन्न स्क्रैप मटेरियल से लोहे के गणेशजी की कलाकृति तैयार हो रही है. जिसके निर्माण में कलाकार अशोक देवांगन अपनी टीम के साथ जुटे हुए हैं. वैगन रिपेयर शॉप में यह स्ट्रक्चर बन रहा है, जिसकी ऊंचाई 12 फीट, चौड़ाई 8 फीट और वजन होगा लगभग 1000 किलो. जानकारी के मुताबिक एक माह की अल्पावधि में इसे एक्ट अप्रेन्टिस प्रशिक्षुओं की मदद से तैयार किया जा रहा है. यह कलाकृति यहां स्थायी रूप से प्रदर्शित रहेगी। अशोक देवांगन हैं स्क्रैप के जादूगर स्क्रैप के जादूगर कहे जाने वाले अशोक देवांगन इससे पहले भी लोहे के स्क्रैप से कई स्थानों पर विशालकाय कलाकृतियों का निर्माण कर चुके हैं. देश के विभिन्न रेलवे के कारखानों में इंडिया गेट, गेट वे ऑफ इंडिया, ताजमहल, कुतुबमीनार, बुद्ध और 500 से अधिक बस्तर आर्ट पर उनकी बनाई कलाकृतियां लगाई जा चुकी हैं.

पौधरोपण को धार्मिक,राजनीतिक कार्यक्रम से जोड़ना ठीक नहीं : गजेन्द्र सिंह

■ पुलिस व प्रशासन करें मामले की निष्पक्ष जांच व दोषी लोगों पर कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई 1 सितंबर। वरिष्ठ श्रमिक नेता गजेन्द्र सिंह ने आज अपने निवास स्थान में आयोजित पत्रवार्ता में कहा कि मेरे घर के सामने स्थित सामने मैदान में किये गये वृक्षारोपण को राजनीतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम से जोडना उचित नही है। विदित है कि देश के प्रधानमंत्री की मुहिम एक पेड मां के नाम अभियान के तहत सडक 13 ब्लॉक 3 के सामने खाली मैदान में 5 से 11 अगस्त के बीच वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें सामाजिक लोग, मजदूर यूनियन के पदाधिकारी शामिल हुए थे। बीएसपी ऑफिसर एसोसिएशन के महासचिव परविन्दर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रवि सिंह एवं अन्य यूनियन के पदाधिकारी भी इस वृक्षारोपण में उपस्थित थे। इसकी जानकारी मेरे द्वारा पीएम कार्यालय, दुर्ग कलेक्टर एवं बीएसपी को भी दी गई थी लेकिन बडे अफसोस की बात है, कि इस पुनीत कार्य में कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए मंच की पीछे बडे खाली मैदान को कब्जा कर मंच को अत्यधिक पीछे कर सामने पूरे जगह पर मीना बाजार लगवाने व उसके लिए मेरे द्वारा करवाये गये वृक्षारोपण को हटाने का कार्य उनके द्वारा कार्य करने पर मेरे द्वारा विरोध किये जाने को अमान्य एवं सडक में कई वर्षों से होने वाले दुर्गापूजा के लिए रूकावट बताते हुए इस मामले को धर्म से जोडकर राजनीति कर रहे है और मेरे द्वारा दुर्गापूजा में रूकावट डालने व धर्मविरोधी होने का दुष्प्रचार कर इसमें स्वार्थ की राजीनति कर रहे हैं जिसकी मैं निंदा करता हूं। गजेन्द्र सिंह ने आगे बताया कि जबकि ब्लॉक दो के सामने बने सांस्कृतिक मंच में पिछले 54 सालों से दुर्गापूजा का आयोजन होते आ रहा हैं, जिसमें मोहल्ले के सभी लोगों की भागीदारी रहती है, मेरे परिवार व मेरी बहु का भी इसमें चंदा से लेकर विशाल भंडारे में पूरा सहयोग रहता है, लेकिन मेरे पुत्र व मेरे परिवार को इस मामले में ऐसा प्रचारित किया जा रहा है कि वृक्षारोण सांस्कृतिक मंच के आगे किया गया है, उसकी वास्तविकता ये है कि वृक्षारोपण मंच के पीछे बहुत दूर किया गया है। जिससे मंच में बनने वाले पंडाल पर व्यवधान का सवाल ही उत्पन्न नही होता। इस मामले में सच्चाई ये है कि अपने निजी स्वार्थ के लिए मंच के पीछे की खाली जमीन पर मीना बाजार लगाकर व्यापार करना चाह रहे हैं, इस कार्य के लिए सडक में रहने वाले लोगों की सहमति भी नही है, मैदान के उपर से हाईटेंषशन लाईन गई है जिसके वजह से दुर्घटना की संभावना भी बढ गई है। हमारी इस सडक में कई उम्रदराज व बिमारी से ग्रसित लोगों को इसके कारण भारी परेशानी हो सकती है। जिस पुराने मंच वाले स्थान पर दुर्गा पूजा होते आ रही है, उसी स्थान पर ही पूजा का आयोजन हो न कि मंच की बहुत पीछे की ओर दूसरा मंच बनाकर हो। उनके वास्तविक मंच के बहुत पिछे बादाम के पेड के पास अलग से खंभा गाडकर उसमें लाल कपडे में नारियल बांध दिया गया है कि यही स्टेज बनेगा। यहां स्टेज बनने से बादाम का पेड भी हटाना पडेगा। बहुत बडे बादाम का पेड हटोन के लिए पीछे की ओर बहुत बडा गढढा कर दिया था कि यहां बादाम का पेड हटाकर लगाया जायेगा जबकि वास्तविकता है कि ये बहुत बडा पेड है उसको वहां से उखाडकर दूसरे जगह लगाया जायेगा तो वह सूख जायेगा। इसके लिए उनके द्वारा खोदे गये बडे गढडे में एक गाय गिरकर बुरी तरह घायल हो चुकी है जिसको हमलोगो ने बडे मुष्किल से निकाला। हमारी शिकायत के बाद स्थान के निरीक्षण करने सीएसपी भी आये थे, उन्होंने भी उनको मना किया है और उनको खंभा उखाडने के लिए कहा है। उन्होनें बताया कि मेरे साथ हुई इन घटनाओं की शिकायत मेरे द्वारा कलेक्टर, एसपी, बीएसपी स्टेट ऑफिस के जीएम, व पुलिस थाना कोतवाली से भी की है। थाने में दो शिकायत पत्र अलग अलग मेरे द्वारा दिये गये है। इस मामले में मेरे घर के अंदर घुसकर मेरे गाली गलौच कर डराया व धमकाया गया है, जिसमें सूर्यकांत सिन्हा, वर्तमान पार्षद सेवन कुमार, महादेव मिश्रा व अन्य के खिलाफ मेरे द्वारा शिकायत की गई है, और दूसरे मामले में मैं स्टेट ऑफिस से लौट रहा था, तब मेरे उपर अज्ञात लोगों ने हमला किया और मेरी फाईल छीन कर भाग गये। इस दोनो ही मामले में पुलिस व प्रशासन निष्पक्षता के साथ जांच करे और मुझे न्याय दे, इसके अलावा इन लोगों से मेरे व मेरे परिवार को खतरा है, पुलिस इस पर ध्यान दे। गजेन्द्र सिंह ने बताया कि 1968 से मैं इस क्वार्टर में रह रहा हूं और 1970 से यह मंच बना हुआ है जहां गणेश व दूर्जा मनाते आ रहे है। पत्रवार्ता में श्रमिक नेता एच एस मिश्रा, व्यापारी संघ के अध्यक्ष के एन प्रेमनाथ, श्रमिक नेता सुमीत सिंह, तरूण कुमार निहाल,पुष्पेन्द्र सिंह भी मौजूद थे।

एक नजर

सूने मकान में चोरी करने वाला दो दिन बाद गिरफ्तार

भिलाई 1 सितंबर। सुपेला थाना क्षेत्र पांच रास्ता सुपेला में सूने मकान में चोरी करने के आरोपी को दो दिन बाद ही सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है उसके कब्जे से सोने एवं चांदी के जेवरात बरामद किया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि हेमंत कुमार सिन्हा परिवार सहित घर मे ताला लगाकर अपने ससुराल राजनांदगांव गया था, जो वापस घर आया तो उसके घर का ताला टूटा हुआ था और आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर तथा नगदी रकम को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया थे प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान दौरान सूचना मिला कि पांच रास्ता सुपेला के पास एक व्यक्ति सोने चांदी के जेवरात लेकर बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस कार्रवाई करते हुए पांच रास्ता सुपेला पहुंची पुलिस को आते देख संदेही भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया संदेही से पूछताछ करने पर अपना नाम योगेश्वर कुमार टंडन पांच रास्ता सुपेला का रहने वाला बताया आरोपी के कब्जे से सोने चांदी के जेवरात कीमती करीबन 1 लाख 50 हजार रूपये जप्त किया गया जिसे प्रार्थी हेमंत कुमार सिन्हा के मकान से चोरी करना स्वीकार किया।

प्याज के दाम रुला रहे ग्राहकों को

कवर्धा 1 सितंबर। गांवो और शहरो में प्याज 45 रुपया से लेकर 60 रुपया तक का प्याज का रेट सुनकर ग्राहकों के माथे पर चिंता की लकीरें दिख रही है । सवाल यह उठ रहा है की प्याज कम हो जिस पर आखिर सरकार क्यों नही दिख रही है फिर यह सवाल उठ रहा है की प्याज के भाव अलग अलग क्यों है । जिला प्रशासन और सरकार को ऐसी नीति बनानी होगी की ग्राहकों को सही रेट पर प्याज मिले । जिला महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती सीमा अगम अनंत ने कहा की महंगाई से सभी परेशान है मोबाइल रिचार्ज से लेकर आलू , प्याज और राहर दाल के बढ़ते दाम से सभी चिंतित है ।

बारिश से बस स्टाप सड़क पर पानी भरने से होती है यात्रियों को दिक्कत

कवर्धा 1 सितंबर। पोड़ी में बस स्टॉप पर बस रुकती है और यात्रियों को सड़क में पानी पर धीरे धीरे धीरे चलकर गुजरना पड़ता है और मार्केटिंग करने में भी दिक्कत होती है । आसपास नाली सिस्टम ऐसा बनाना चाहिए जिससे पानी सड़क से गुजर जाए ।

उच्च शिक्षा विभाग ने प्रवेश की तिथि बढ़ाई, रिक्त सीटों में मिल सकेगा प्रिज्म कॉलेज , महकाखुर्द उतई में प्रवेश

उतई 1 सितंबर। उच्च शिक्षा विभाग , छत्तीसगढ़ शासन ने आदेश जारी कर सत्र 2024 25 में कॉलेज में प्रवेश की अंतिम तिथि में वृद्धि की है। प्रिज़्म कॉलेज , महकाखुर्द उतई के प्रिन्सपल डॉ अंजना शरद ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उच्च शिक्षा विभाग का यह निर्णय छात्रों के हित को ध्यान में रख कर लिया गया एक अच्छा निर्णय है ताकि जो छात्र प्रवेश से वंचित रह गए हैं, वे इस सत्र में प्रवेश ले सकें। प्रिज़्म कॉलेज , महकाखुर्द में में कुछ सीटें शेष हैं , जिसने छात्र प्रवेश हेतु शीघ्र संपर्क कर सकते हैं या कॉलेज द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 9201836713 7693093290 पर संपर्क कर सकते हैं। छात्र हित में सीट रिक्त होने पर छात्र अब 14 सितंबर तक प्रवेश ले सकेंगे।

कवर्धा 1 सितंबर। कवर्धा में पोला पर्व के लिए पोला-बैला का सजा बाजार।

निबंध प्रतियोगिता में टुकेश्वरी,विनय,रागिनी व हर्ष रहे प्रथम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई 1 सितंबर। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन संकुल केंद्र उतई पुई के तत्वाधान में नव मंगल हाई स्कूल पुई में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सात विद्यालय दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह, उतई , द्रोणाचार्य विद्यालय उतई, राष्ट्रीय भारतीय विद्यालय डुंडेरा, नव मंगल हाई स्कूल पुई, हरिओम पब्लिक स्कूल उमरपोटी, महर्षि विद्या मंदिर पुई, नव मंगल विद्यालय धनोरा के 77 विद्यार्थियों ने भाग लिए। यह प्रतियोगिता चार स्तर प्राथमिक, माध्यमिक ,हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्तर पर संपन्न हुआ एवं प्रत्येक विभाग के लिए निबंध का विषय अलग-अलग रखा गया। प्राथमिक विभाग का विषय मेरा स्वच्छ विद्यालय माध्यमिक विभाग वृक्षारोपण का महत्व हाई स्कूल के लिए जल चक्र एवं उसका महत्व तथा हायर सेकेंडरी के लिए वन संरक्षण का विषय दिया गया। एसोसिएशन का उद्देश्य इस प्रतियोगिता के माध्यम से आज की जो ज्वलंत समस्या सामने आई है उसके प्रति बच्चों में जागरूकता फैलाना तथा इनके माध्यम से अपने आसपास के लोगों को इस और प्रेरित करने की जिम्मेदारी प्रदान करना है।इस प्रतियोगिता में प्राथमिक विभाग से कु. टुकेश्वरी प्रथम नीरज कुमार ठाकुर द्वितीय दीपशिखा विद्यालय ,कु. अंकिता देसलहरे द्वितीय हरिओम पब्लिक स्कूल ,कु. नूतन निर्मलकर तृतीय नव मंगल स्कूल, समीर साहू तृतीय महर्षि विद्या मंदिर माध्यमिक विभाग से विनय कुमार साहू प्रथम पूर्वी सेन द्वितीय भानु दास तृतीय नव मंगल स्कूल ,कु. छनक साहू ,कु. दीक्षा ,कु. सुनिधि तृतीय दीपशिखा विद्यालय एवं महर्षि विद्या मंदिर हाई स्कूल से कु. रागिनी साहू प्रथम दीपशिखा विद्यालय ,कु. तारिणी साहू द्वितीय राष्ट्रीय भारती स्कूल, तुषार देवांगन ,कु. होमिका साहू, कु. लीशा कंवर तृतीय नव मंगल स्कूल एवं राष्ट्रीय भारती स्कूल हायर सेकेंडरी से हर्ष कुमार साहू प्रथम कु. भूमिका साहू द्वितीय एवं कु. हर्षिता बारले तृतीय दीपशिखा विद्यालय उतई रहे। सभी विद्यालय के संचालक डी एल सिन्हा, दयाराम साहू, बी आर मौर्या ,प्रवीण सिंह, श्रीमती पूनम सोनी ,श्रीमती राजेश्री साहू एवं प्राचार्य के आर सिन्हा तथा समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

समाचार संक्षेप

घर के अंदर मिली लाश मामले में पुलिस ने सास,पत्नी को किया गिरफ्तार

भिलाई 1 सितंबर। रानीताई थाना क्षेत्र घर के अंदर मिली लाश मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दामाद को मौत के घाट उतारने वाली सास के साथ उसकी पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया है रानीतराई टीआई प्रकाश कांत ने बताया कि 29 अगस्त को दरबार मोखली में एक घर में सड़ी-गली लाश मिली थी शव टिकेश्वर देशमुख (×0 वर्ष) का था जो कि मरोदा का निवासी था जो अपनी पत्नी अनीता देशमुख (28 वर्ष) और सास भारती वर्मा (50 वर्ष) व बॅ'चों के साथ रहता था पुलिस मामले में मर्ग कायम कर विवेचना के दौरान पता चला कि दामाद टिकेश्वर देशमुख व उसकी सास के बीच आये दिन विवाद होता था 26 अगस्त को भी दोनों के बीच विवाद हुआ था सोने के बाद रात्रि में सास भारती वर्मा ने गैंती से टिकेश्वर देशमुख के सिर पर वार कर दिया चीखने की आवाज सुन कर पास मे सोई उसकी पत्नी अनीता देशमुख उठ गई उठ कर देखा तो उसकी मां गैंती से पति पर वार कर रही थी तब तक टिकेश्वर की मौत हो गई मौत के घाट उतारने के बाद सास भारती वर्मा टिकेश्वर के शव को घर के खंडहर नुमा कमरे मे घसीटते हुए ले गई दूसरे दिन सुबह खेत घूमने चली गई किसी को इस बाद पता नहीं चल पाया फिर घर में ताल लगाकर सभी लोग दुर्ग इलाज कराने के बहाने चले गए दोनों से पूछताछ करने पर हत्या करना स्वीकार किए पुलिस ने मृतक की पत्नी व सास को गिरफ्तार कर लिया है।

चोरी का आरोपी पकड़ा गया

भिलाई 1 सितंबर। भिलाई-3 थाना अंतर्गत कक्षा बारहवीं के छात्र को परिचित युवकों ने पहले नशे की लत लगाई इसके बाद पेरेंट्स को बताने की धमकी देकर छात्र के घर से 12 लाख रुपए के स्वर्ण आभूषण की चोरी कर ली घटना के करीब 2 महीने बाद रिपोर्ट पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि पदुमनगर निवासी की हथखोज भिलाई 03 क्षेत्र में फैक्ट्री है। उनका बेटा 16 वर्ष कक्षा 12वीं का छात्र है जो केपीएस स्कूल सरोना रायपुर में पढ़ता है। उसके परिचित अभिषेक सिंह निवासी पदुमनगर व प्रियांसु पाण्डेय निवासी एवग्रीन सिटी फेज 1 प्लाट नंबर 3 भिलाई 3 के द्वारा कुछ साल पूर्व से जान पहचान रखते हुए सिगरेट पीना सिखाकर अपने साथ में घूमाने लगे। उससे समय समय पर सिगरेट पीने, घूमने जाने पैसा मांगने लगे समय गुजारने के साथ अभिषेक सिंह एवं प्रियांशु पांडे छात्र को धमकाने लगे कि तुम सिगरेट पीते हो, घुमते हो स्कूल नहीं जाते हो इसकी जानकारी तुम्हारे पेरेंट्स को देंगे। इससे बचना चाहते हो तो रुपए लाकर दो। रुपए देने में असमर्थता बताने पर दोनों ने सोने के आभूषण लाकर देने कहा अभिषेक सिंह एवं प्रियांशु लगातार सोना लाने के लिए दबाव बनाते रहे 18 जून 2024 को उसके घर में अभिषेक सिंह तथा प्रियांषु पांडे आकर एक गोल्ड हार वजनी 84.82 ग्राम, हाथ का सोने का चूड़ा वजनी 87.28 ग्राम तथा सोने की अंगूठी 4 ग्राम जुमला कीमती 12 लाख रुपए के स्वर्ण आभूषण आलमारी से निकलवाकर ले गए 30 अगस्त को प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अभिषेक सिंह एवं प्रियांशु के खिलाफ धारा 384 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचन कर रही है।

श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया

कवर्धा 1 सितंबर। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल, सिंघनपुरी कवर्धा में विद्यालय प्रागंण में 'स्पेशल एसेम्बली' (विशेष प्रार्थना) सभा का आयोजन किया गया। जिसकी खासियत यह थी कि इस पूरे प्रार्थना का थीम मेजर ध्यानचंद के जीवन वृत्त पर आधारित था। दैनिक प्रार्थना के उपरांत अनमोल वचन, खेल आधारित कविता, खेल से संबंधित प्रश्नोत्तरी पूछा गया। इसी क्रम में विद्यालय के खेल प्रभारी के द्वारा इनके जीवन पर सारगर्भित प्रकाश डाला गया। बच्चों को खेल के प्रति जागृत किया गया। कार्यक्रम के इसी कड़ी में खेल शिक्षकों द्वारा हॉकी खेल का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चे बॉल को पकड़ते हुए स्टीक से मारते हुए और कोलाहल से विद्यालय प्रांगण को सराबोर कर रहे थे।

स्टील मेल्टिंग शॉप-2 में कर्म एवं पाली शिरोमणी सम्मान समारोह का आयोजन

भिलाई 1 सितंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-2 में कर्म शिरोमणी सम्मान कार्यक्रम का आयोजन 28 अगस्त को कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक एस देवसिकदर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में श्रमवीरों को बधाई देते हुए कहा कि स्टील मेल्टिंग शॉप-2 के हमारे समस्त कर्मचारियों को सुरक्षित कार्यप्रणाली पर ध्यान देते हुए ही उत्पादन को जारी रखना है। उन्होंने कहा हमारी पहली प्राथमिकता है अपने कर्मचारियों की सुरक्षा है। आप लोगों ने अपनी उत्कृष्ट कार्य संस्कृति से चुनौतियों को अवसर में बदलकर कई कठिन कार्यो को अंजाम दिया है। यह भिलाई के कार्य संस्कृति एवं टीम भावना की उपलब्धि है। हमारे श्रमवीरों ने अपने अथक परिश्रम, कार्यकुशलता एवं तकनीकी दक्षता से कई चुनौतियों को जीत कर परचम लहराया है। एसएमएस-2 के श्रमवीरों सीसीएस (विद्युत) श्री जुगल किशोर देवाँगन, एसबीएस (आपरेशन) श्री रामसिंग ठाकुर, एसीटी (ऑपरेशन) श्री अंकीत विष्वकर्मा, सीसीएस (प्रचालन) श्री बसंत कुमार, ओसीटी सीएस (विद्युत) श्री सुनील कच्छप, सीएस (प्रचालन) श्री कामता राम कुलदीप को माह-जून एवं जुलाई 2024 के लिए कर्म शिरोमणी प्राप्त हुआ। कनिष्ठ प्रबंधक श्री सुहैल मुबीन खान को माह अप्रैल-जून 2024 के लिए उनके उत्कृष्ट कार्यो हेतु पाली शिरोमणी सम्मान से सम्मानित किया गया।

बार एवं रॉड मिल ने टीएमटी-16 बार की रोलिंग में बनाया नया रिकॉर्ड

भिलाई 1 सितंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेवस इकाई, बार एवं रॉड मिल (बीआरएम) ने 16 मिलीमीटर मोटाई में टीएमटी बार की रोलिंग में अब तक का सर्वश्रेष्ठ दैनिक उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज किया। 30 अगस्त 2024 को बीआरएम ने टीएमटी-16 प्रोफाइल में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 1955 बिलेट की रोलिंग कर 4027 टन उत्पादन दर्ज किया, जो कि 28 जुलाई 2024 को टीएमटी- 16 प्रोफाइल में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 3930 टन (1912 बिलेट) और 17 मई 2024 को दर्ज 3890 टन उत्पादन से अधिक है। 30 अगस्त 2024 को बीआरएम ने बी शिफ्ट में टीएमटी 16 प्रोफाइल में 715 बिलेट्स की रोलिंग कर 1473 टन उत्पादन का नया शिफ्ट रिकॉर्ड दर्ज किया। इसके साथ ही मिल ने टीएमटी 16 प्रोफाइल में 17 मई 2024 को सी शिफ्ट में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ शिफ्ट रिकॉर्ड 1441 टन (700 बिलेट्स) की रोलिंग को पार किया। संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने टीएमटी बार की रोलिंग में नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए बीआरएम की टीम और सहयोगी एजेंसियों को बधाई दी है। मुख्य महाप्रबंधक (बीआरएम) श्री योगेश शास्त्री ने रिकॉर्ड प्रदर्शन का श्रेय बीआरएम की ऊर्जावान और स्वप्रेरित टीम को दिया है। भिलाई इस्पात संयंत्र के 7 मिलियन टन मॉडेवस प्रोग्राम के तहत स्थापित अत्याधुनिक इकाई बार और रॉड मिल को स्ट्रेट बार के रूप में विभिन्न प्रकार के उत्पादों की श्रृंखला को रोल करने के लिए डिजाइन किया गया है। मिल के उत्पादों की उच्च गुणवत्ता, नेगेटिव टॉलरेंस, सुसंगत यांत्रिक गुण और अच्छी वेल्डेबिलिटी के कारण सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ग्राहकों द्वारा सराहा गया है। बार और रॉड मिल के उत्पादों का उपयोग देश के विभिन्न हिस्सों में कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं जैसे मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, तटीय सड़क परियोजनाएं, सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट, बॉर्डर रोड परियोजनाएं, बीएआरसी मुंबई सहित सुरंगों, पुलों और राजमार्गों के निर्माण में किया गया है।

देवेंद्र के लिए सतनामी समाज ने जैतखाम में जलाया दीया

भिलाई 1 सितंबर। भिलाई के लोकप्रिय विधायक देवेंद्र यादव को पुलिस ने बलौदाबाजार मामले में जेल में बंद कर दी है। इसके बाद भी उनकी लोकप्रियता थोड़ी भी कम नहीं हुई है। इसके विपरीत जो लोग विधायक देवेंद्र यादव को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एआईसीसी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंप दी है। जेल में बंद विधायक देवेंद्र यादव राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। साथ ही बिहार कांग्रेस का प्रभारी सचिव भी नियुक्त किया गया है। सतनामी समाज के लोगों ने विधायक देवेंद्र यादव के लिए जैतखाम दीप प्रज्वलित किए। भिलाई सहित प्रदेश भर में सतनामी समाज ने दीप जलाया। समाज के प्रमुखों ने कहा कि जो हमारे समाज के सत्य के लिए लड़ रहा है। उसकी कभी हार नहीं हो सकती है। सत्य परेशान हो सकता है पर पराजित नहीं हो सकता है। सतनामी समाज के लोगों ने सत्य के प्रतिक जैतखाम के दीप प्रज्वलित कर ईश्वर से विधायक देवेंद्र यादव के लिए खैरियत की प्रार्थना की। आप को बता दे दी बलौदा बाजार क्षेत्र के एक गांव में खैतखाम को असामाजिक तत्वों ने क्षति पहुंचाकर सतनामी समाज के भावनाओं को आहत किया था।

एआईसीसी सचिव बनने पर भिलाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर : भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का सचिव बनाया गया है। बिहार का प्रभार दिया गया है। इससे भिलाई सहित पूरे प्रदेश भर में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं में बड़ा हर्ष का माहौल है। कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ रही है। इससे भिलाई के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वार्डों में मिठाईयां बांटी, पटाखे फोड़े। जश्न मनाया।

पुलिस अधीक्षक ने बैठक में महिला सुरक्षा पर खास ध्यान देने को कहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा 1 सितंबर। कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव द्वारा बीते कुछ दिनों पहले कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुए दुखद घटना का विशेष ध्यान रखते हुए, जिले कि महिला चिकित्सकों, अस्पताल में भर्ती बालक/ बालिकाओं/महिलाओं एवं अन्य रोगियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए जिले के अलग-अलग शासकीय एवं निजी अस्पतालों के डॉक्टर, अस्पताल प्रबंधन, नर्सिंग कॉलेज प्रबंधन का बैठक आज दिनांक-31.08.2024 को एकता चौक स्थित ट्रैफिक प्लाजा के मीटिंग हॉल में 11ः30 बजे रखा गया। उक्त बैठक में कबीरधाम जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार एवं शासकीय एवं निजी अस्पतालों के डॉक्टर, अस्पताल प्रबंधक, नर्सिंग कॉलेज प्रबंधक मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। जिन्हें पुलिस कप्तान के द्वारा अपना परिचय देते हुए सभी से क्रमवार पूर्ण परिचय प्राप्त किया गया तथा महिलाओं के सुरक्षा के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए बैठक में उपस्थित सभी डॉक्टर एवं प्रबंधन को अपने शासकीय एवं निजी संस्थान की महिला डॉक्टर/ स्टाफ को अभिव्यक्ति मोबाइल एप डाउनलोड कराने कहा गया, ताकि उन्हे कभी भी किसी भी प्रकार की समस्या या मदद की आवश्यकता हो तो वह बिना थाना आए मोबाइल एप के माध्यम से पुलिस तक अपनी शिकायत पहुंचा सकती हैं। अस्पताल प्रबंधन/ संचालकों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं, कि वे बिना पुलिस वेरिफिकेशन के किसी भी स्टाफ को अपने निजी संस्थान में कार्य करने की अनुमति न दें, यह भी जानने की कोशिश करें कि वह पूर्व में जिस स्थान पर कार्यरत था, वह किन कारणों से उस स्थान को छोड़कर आपके संस्थान में आ रहा है, या उसे संस्थान से भगाया गया है। नशेड़ी प्रवृत्ति का ना हो, इसके अलावा अस्पताल में जहां पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं है वहां सुरक्षा का उचित व्यवस्था हेतु सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराने, सीसीटीवी कैमरा अधिक से अधिक स्थानों पर लगवाने, अस्पताल में भर्ती मरीजो के परिजनों को मरीज के वास्तविक स्थिति के बारे में समय-समय पर अवगत कराने, अस्पताल में किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्व के आने या दुर्व्यवहार करने की स्थिति पर तत्काल कबीरधाम पुलिस के व्हाट्सएप ग्रुप, या डायल 112, पुलिस कंट्रोल रूम, नजदीकी थाना/चौकी को अवगत करने कहा गया, ताकि समय रहते बड़े अपराध को घटित होने से पूर्व असामाजिक तत्वों के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही किया जा सके । इस दौरान शासकीय/ निजी अस्पतालों, नर्सिंग कॉलेज व हॉस्टल में सुरक्षा उपायों पर चर्चा में सभी के द्वारा सीसीटीवी कैमरा एवं सुरक्षागार्ड लगाया जाना बताया गया। जिस पर पुलिस कप्तान के द्वारा जानकारी दिया गया कि कई बार निजी कंपनी के सुरक्षाकर्मियों की संलिप्ता अपराधिक गतिविधियों में पाई गई है। इसके लिए सुरक्षा कर्मियों का पुलिस वैरिफिकेशन अनिवार्य है, साथ ही बैठक के दौरान शासकीय एवं निजी अस्पतालों व नर्सिंग कालेज के साथ साथ अन्य अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा करते हुए संवेदनशील स्थानों पर रात्रि के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था रखने, हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों को रात्रि के समय बिना कारण के बाहर घूमने पर पाबंदी लगाने, नशे की हालत पर हॉस्टल में किसी को भी अंदर प्रवेश न देने, रात्रि के समय अस्पताल प्रबंधन द्वारा एक डायरी बनाकर प्रत्येक दिन चेक करें एवं जो भी कमी पाया जाए उसे उक्त डायरी में अंकित करने कहा गया साथ ही पुलिस के द्वारा नोडल अधिकारी भी कभी भी सरप्राइज चेकिंग कर सकते हैं, उस स्थिति में कोई भी आपत्तिजनक स्थिति में या नशे की हालत में पाया जाएगा तो ऐसे स्टॉप एवं संस्थान प्रमुख के विरुद्ध सख्त उचित वैधानिक कार्रवाई किया जायेगा कहा गया। उक्त बैठक में कबीरधाम जिले के शासकीय तथा निजी अस्पतालों के डॉक्टर, अस्पताल प्रबंधन, नर्सिंग कॉलेज प्रबंधन अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय हमारी सामूहिकता, ज्ञान और संस्कृति के संरक्षक:राज्यपाल

रायपुर 1 सितंबर। महामहिम राज्यपाल श्री रमेन डेका और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज बिलासपुर के अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित 5वां दीक्षांत समारोह में शिरकत की। उन्होंने 64 विषयों में विद्यार्थियो को 92 गोल्ड मेडल तथा 48 को पी.एच.डी. और 35 हजार 291 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री प्रशांत कुमार मिश्रा शामिल हुए। उन्हें भारतीय न्याय व्यवस्था में अमूल्य योगदान पर पी.एच.डी. की मानद उपाधि से विभूषित किया गया। कार्यक्रम में इससे पहले दीक्षांत समारोह शोभायात्रा निकाली गई। दीक्षांत समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्यमंत्री श्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव, राज्य

की प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी शामिल हुई। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक श्री अमर अग्रवाल, श्री धरम लाल कौशिक, श्री धरमजीत सिंह, श्री सुशांत शुक्ला, श्री अटल श्रीवास्तव एवं श्री दिलीप लहरिया शामिल हुए। राज्यपाल और मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथियों ने विश्वविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका कन्हर और मासिक पत्रिका अटल दृष्टि का विमोचन किया। कुलपति आचार्य अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि विश्वविद्यालय हमारी सामूहिकता, ज्ञान और संस्कृति के संरक्षक है। वे ऐसे स्थान है जहां इतिहास संरक्षित किया जाता है। साहित्य का विश्लेषण किया जाता है। आप अपनी पढ़ाई के माध्यम से विचार के विविध क्षेत्रों में जुड़ रहे है मानवता के बारे में आपकी विचार को समृद्ध किया जा रहा है। भारत सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 दूरदर्शिता का प्रतिनिधित्व करती है। इसका उद्देश्य युवाओं को तेजी से गतिशील दुनिया में आगे बढ़ने के लिए कौशल और ज्ञान से परिपूर्ण करना है। छत्तीसगढ़ के लिए यह नीति प्रगतिशील सुधारों की लहर लाती है, जो हमारे शैक्षणिक संस्थानों पर गहरा प्रभाव डालने के लिए तैयार है। विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम को न केवल उभरते हुए रूझानों और प्रौद्योगिकी के प्रति गतिशील और उत्तरदायी बनाना चाहिए बल्कि इसमें भारतीय परंपरा की समृद्ध विरासत भी शामिल होनी चाहिए। हम मिलकर एक उच्च शिक्षा प्रणाली का निर्माण कर सकते हैं, जो न केवल हमारे छात्रों की जरूरतों को पूरा करेगी बल्कि हमारे राज्य और राष्ट्र के समग्र विकास में योगदान देगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि देश विकसित भारत /2047 के संकल्प हेतु क्रियाशील है, हम भी प्रदेश में विकसित छत्तीसगढ़ विजन 2047 के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रहे हैं। मैं आश्वस्त हूँ कि इस दीक्षांत समारोह के बाद इस संस्थान के प्रतिभाशाली युवा अपनी रूचि के क्षेत्रों में अपना और अपने विश्वविद्यालय का नाम रौशन करते हुए इस संकल्प को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। यह विश्वविद्यालय अपने नवाचारों से एक उदाहरण बनता जा रहा है। मुझे यह भी ज्ञात हुआ है कि प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम उषा) के अंतर्गत विश्वविद्यालय को 20 करोड़ रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ है जो प्रशंसनीय है तथा इससे विश्वविद्यालय की अधोसंरचना का विस्तार होगा और यहां उच्च शिक्षा का स्तर और भी उन्नत होगा। हमें तक्षशिला, नालंदा जैसे भारतीय परंपरा के विशिष्ट विश्वविद्यालय को अपना आदर्श मानते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा को पाठ्यक्रमों में प्रोत्साहन देना है।

एक नजर

अवैध शराब का परिवहन करते युवक को आबकारी अमले ने पकड़ा

डोंगरगढ़ 1 सितंबर। दिगर राज्य महाराष्ट्र से संत्री अवैध शराब के साथ आरोपी को रंगे हाथ पकड़ने में आबकारी पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 28 अगस्त को डोंगरगढ़ आबकारी वृत अंतर्गत ग्राम बागरेकसा में महाराष्ट्र निर्मित देशी संत्री शराब के अवैध रूप से परिवहन/विक्रय करने की सूचना पर डोंगरगढ़ आबकारी वृत प्रभारी उज्वल सूत्रधार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर, अजय वर्मा नामक आरोपी को पकड़कर कार की तलाशी लेने पर 25.92 बल्क लीटर संत्री शराब बरामद हुई। महाराष्ट्र निर्मित अवैध शराब और परिवहन में प्रयुक्त वाहन मारुति ऑल्टो कार को जप्त कर आरोपी युवक अजय वर्मा पर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59 (ड्ड) के तहत कार्यवा की गई।

18 पौवा अवैध शराब के साथ युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

राजनांदगांव 1 सितंबर। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के निर्देशन एंव अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा ,नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदशन मे अवैध रूप से शराब बिक्री, जुआ ,सटटा पर अंकुश लगाने व कड़ी कार्यवाही करने के मार्गदर्शन व निर्देश पर थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन द्वारा थाना बसंतपुर स्टाफ के मुखबीर की सुचना के आधार पर रेड कार्यवाही कर शिव मंदिर के पास बसंतपुर मे निशांत बोरकर उर्फ राजा पिता अनिल बोरकर उम्र 25 वर्ष साकिन वार्ड नं0 43 शिवनगर राजनांदगांव थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव को अवैध रूप से शराब बिक्री करते रंगे हाथ पकडे एंव उसके कब्जे से 18 पौव्वा देशी प्लेन मंदिरा 3.240 बल्क लीटर कीमती 1620 रूपये बिक्री रकम 240 रूपये जप्ती कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया उक्त् कार्यवाही में निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन प्र0आर0 दीपक जायसवाल आर0 1527 की भूमिका सराहनीय रही।

बैगापारा में नवनिर्मित सतनाम भवन का सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में महापौर ने किया लोकार्पण

राजनांदगांव 1 सितंबर। नगर निगम द्वारा वार्ड नं. 33 लखोली बैगा पारा में महापौर निधि अंतर्गत 5 लाख रूपये की लागत से सतनाम भवन का निर्माण किया गया है। जिसका महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में एक संक्षिप्त एवं गरिमामय आयोजन में फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, बाजार विभाग की प्रभारी सदस्य व वार्ड पार्षद श्रीमती दुलारी बाई साहू, विधि एवं समान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी सदस्य श्री अमीन हुद्दा विशेष रूप से उपस्थित थे। लोकार्पण कार्यक्रम में अपने संबोधन में महापौर श्रीमती देशमुख ने समाज को बधाई देते हुए कहा कि, वार्ड पार्षद एवं सामाजिक बंधुओं की मांग पर सतनाम भवन का निर्माण किया गया है। भवन निर्माण होने से समाज के लोगों को सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य आयोजनों के लिये एक सर्वसुविधायुक्त उचित स्थान मिल गया। उन्होंने कहा कि सतनामी समाज बड़ा समाज है, इस समाज में बाबा गुरूघासीदास जैसे संत हुये, वही ममतामयी मिनी माता जैसी महिला हुयी जो प्रदेश की पहली महिला सांसद थी। समाज के लोग इनके आदर्श पर चलकर समाज हित में कार्य करे। प्रभारी सदस्य व वार्ड पार्षद श्रीमती दुलारी साहू ने कहा कि समाज वालो की मांग पर महापौर हेमा देशमुख ने अपनी महापौर निधि से 5 लाख रूपये देकर भवन का निर्माण कराया जिसके लिये में उनका समाज एवं वार्डवासियों की तरफ से आभार व्यक्त करती हूँ और वार्ड के काम में इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा करती हूँ। नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु एवं प्रभारी सदस्य श्री अमीन हुद्दा ने भी भवन के लिये समाज वालों को बधाई देते हुये बाबा गुरूघासीदास के बताये मार्गो पर चल कर समाज हित में काम करने की अपील की। कार्यक्रम के पूर्व में समाज के पं.नारायण दास राही, प्रकाश मारकंडे, धरम बघेल, डोमरूदास राही, गौकरण राही, लालचंद कुर्रे, पूनम चंद भारती, विष्णु महिलांग, सुनील डाहरे, परमेश्वर खुटारे, नरेश गेण्ड्रे, देवा चंदेल, भरत खिलाड़ी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज की महिलाओं ने मनाया सावन उत्सव।

डोंगरगढ 1 सितंबर। धर्मनगरी में महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज की महिलाओ के द्वारा सावन उत्सव मनाया गया। नीचे मौं मंदीर के पास स्थित शिव मंदीर पहुँच भगवान् भोले नाथ का विधि विधान से अभिषेक पूजा अर्चना कर सावन महोत्सव मनाया गया।

जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में कई विषयों पर चर्चा

धमतरी 1 सितंबर। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आहूत की गई। इस मौके पर पेंशन प्रकरण, पेंशन प्राधिकार प्रमाण पत्र, समयमान वेतनमान का लाभ दिलाने सहित सेवा पुस्तिका सत्यापन इत्यादि विषयों पर चर्चा की गई।

पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर ठगी कर फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 1 सितंबर। दो अलग अलग प्रार्थी हरीश गजीर एवं कुमार सोनवानी दोनो निवासी बरगा थाना लालबाग जिला राजनांदगांव द्वारा दिनांक 20.06.2023 को थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन दिया की प्रार्थीयों के बेटे व बहू कुल चार लोगों का आरोपी जीतु विश्वकर्मा एवं दोनों अपराध में अलग अलग सहयोगी के द्वारा भारतीय खाद्य निगम में नौकरी लगाने के नाम पर अलग अलग 12 लाख रू एवं 20 लाख रु कुल 36 लाख रू नगदी रकम लेकर नौकरी नहीं लगाकर धोखाधडी करने के आवेदन पर से आवेदन जांच किया गया जांच पर से आरोपी जीतु विश्वकर्मा निवासी कुनकुरी जिला जशपुर एवं अलग अलग अपराध में 02 सहयोगीयों के खिलाफ प्रार्थी के रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध घटिता करना पाये जाने से वरिष्ठ अधिकारीगण को अवगत कराकर आरोपीयों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 51/24 एवं 52/2024 धारा 420,34 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना गभीर प्रवृत्ती के होने से घटना के संबंध में जिले के वरिष्ठ अधिकारीगण को अवगत कराया गया एवं श्रीमान् पुलिस

अधीक्षक महोदय राजनादगांव श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के दिशानिर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में टीम गठित किया जाकर आरोपी जीतु विश्वकर्मा घटना कारित दिनांक से ही अपना मोबाईल नम्बर को बंद कर लगातार लोकेशन बदल रहा था लुक छिप भाग रहा था सीडीआर के अवलोकन पर पाया गया की मुख्य आरोपी जीतु विश्वकर्मा 01 माह में 4-5 बार ही आवश्यता पड़ने पर जरूरी कॉल करने के लिए दूसरे के मोबाईल को मांग कर अपना सीम लगाकर फोन करता था और तुरंत ही काम होने के बाद नम्बर बंद कर देता था आरोपी का लोकेशन कभी जशपुर कभी कुनकुरी कभी कोरबा कभी चांपा दिखाया परसो दिनांक को ही आरोपी 10 दिन बाद पुनः अपने नम्बर को चंद समय के लिए चालू किया जिसका लोकेशन चांपा के असपास दिखाया फिर बंद कर दिया कल दिनांक शायं को भी आरोपी के मोबाई का लोकेशन उसी स्थान पर दिखाने से शक हुआ की आरोपी चांपा के आसपास रुका हुआ है आरोपी के द्वारा पुनः मोबाईल को बंद कर देने के बाद चांपा के आसपास मुखबीन लगाया गया जरिए मुखबीर के सूचना के आधार पर थाना लालाबाग से तुरंत ही रात में टीम चांपा के लिए रवाना किया गया जरिए मुखबीर से पता चला की जितू विश्वकर्मा जो छत्तीसगढ़ स्टील एण्ड पावर लिमिटेड (सीएसपीएल) में सिक्योरीटी ऑफिसर के पद पर कार्यरत होकर अपने अधिनस्थ सुरक्षा गार्ड का देखरेख करता है जो रात्री ड्यूटी में उपस्थित है की सुचना पर टीम द्वारा आरोपी जीतु विश्वकर्मा को सीएसपीएल कम्पनी में घेराबंदी कर पकड़े बाद पुछताछ के लिए थाना लाया गया आरोपी जीतुराम विश्वकर्मा को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ कर गवाहों के समक्ष मेमोरेण्डम कथन लिया गया।

अवैध मुरुम खनन पर राजस्व विभाग ने 3 हाईवा और 1 जेसीबी जब्त की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ 1 सितंबर। जिले में हो रहे अवैध उत्खनन को रोकने चलाये जा रहे अभियान के तहत जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में डोंगरगढ़ एसडीएम मनोज मरकाम के दिशानिर्देश पर तहसीलदार मुकेश ठाकुर व राजस्व अमला सहित डोंगरगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम ने रेडमार कार्यवाही में मुरुम का अवैध उत्खनन व परिवहन करते डोंगरगढ़ से लगे ग्राम बछेराभांठा में 03 हाईवा व 01 जेसीबी मशीन को जप्त बना कार्यवाही की गई है। बताया जाता है क्षेत्र में इन दिनों अवैध उत्खनन का कार्य धड़ल्ले से चल रहा है वहीं ग्राम बछेराभांठा में भी कई दिनों से अवैध उत्खनन की शिकायत मिल रही थी और शिकायत मिलने के बाद पूर्व में भी लगाम कसने रात्रि को रेडमार कार्यवाही की गई थी पर सफलता हाथ नहीं लगी थी। खनन माफिया रात की बजाए दिन में गाड़ी लगा कर खनन किया जा रहा था जिसकी शिकायत एसडीएम से की गई और तत्काल टीम बना मौकास्थल पर पहुँच रंगे हाथ खनन कर रहे वाहनों को पकड़ा गया है। तहसीलदार मुकेश ठाकुर ने बताया कि सूचना मिलने पर राजस्व अमला और पुलिस की टीम के सहयोग से ग्राम बछेराभांठा में अवैध उत्खनन व परिवहन करने वाले वाहनों का जप्ती बना पुलिस थाना को सुपुर्द किया गया है। जिसमें दो हाईवा वाहन लेखु साहू निवासी बेलगाँव व एक हाईवा व एक जेसीबी वाहन श्याम अग्रवाल निवासी डोंगरगढ़ के है। इन जप्त वाहनों पर खनिज विभाग के नियम के तहत कार्यवाही की जाएगी।

वनोपज सहकारी समिति खोभा के प्रबंधक कल्याण सिंह चंद्रवंशी सेवानिवृत

छुरिया 1 सितंबर। वनोउपज सहकारी समिति खोभा जिला यूनियन राजनांदगाव के समिति खोभा के प्रबंधक के पद पर रिटायर होने पर समिति के अध्यक्ष सदस्य फाड़मुंशी यों के द्वारा 30 अगस्त को बगनादी डेम के किनारे पर विदाई कर्यक्रम रखा गया था। जिसमे श्री फल साल मोमेंटो मुंशीयो के द्वारा कल्याण सिंह चंद्रवंशी को भेट किया गया। कर्यक्रम छत्तीसगढ़ महतारी के तेलिया चित्र पर पूजा अर्चना कर अतिथि यों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित समिति के अध्यक्ष गोविन्द चंद्रवंशी कल्याण सिंह चंद्रवंशी रिटायर प्रबंधक . रवि कोले वर्तमान प्रबंधक . वा रजलाल निषाद पूरन सेन राजू मंडावी सभी ने उद्बोधन किया अपनी विचार रखा । साथ मे नंदकुमार निर्मलकर चुरामन साहू सुनील सालमे कृष्णा विश्वकर्मा चामसिंग कवर बेनो बाई साहू बसंती बाई दयाबाती बाई रामायण लाल आनंदराम बाबूलाल सिन्हा प्रवीण कुमार एनीश कुमार भगित राम परमेश्वर उपस्तिथि थे।

समाचार संक्षेप

शिक्षक को दी गई विदाई

राजनांदगांव 1 सितंबर। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला इंदावाणी में पदस्त शिक्षक धनराज देवांगन का विदाई किया गया।टेड़ेसरा - राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला इंदावाणी में पदस्त शिक्षक धनराज देवांगन हेड मस्टर के पोस्ट पर पदस्त थे । जो शाला परिवार से सेवा नृत्य हो गए। इसके उपलक्ष्य में शाला परिसर में विदाई समारोह का आयोजन रखा गया था । इसके उपलक्ष्य पर टेड़ेसरा संकुल प्राचार्य दीपक सिंह ठाकुर एवं संकुल सामान्य कामदेव साहू खासतौर पर उपस्थित थे। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में काफी समय तक बच्चों को पढ़ाई के प्रति अपनी निष्ठा भाव से पढ़ाई लिखाई के संबंध में बारिकी से बच्चों को पढ़ाई करने की ललक पैदा उत्पन्न करते रहे। प्रधान पाठक धनराज देवांगन जो कि काफी सहज व मृदु भाषी व्यक्तित्व के धनी रहे। विदाई समारोह में शाला परिवार के धरम पाल साहू, रोशन देवांगन, सीमा पाल देवांगन मेडम एवं ग्राम पंचायत इंदावानी के सरपंच तामस्कर रात्रे, पूर्व सरपंच पूरन साहू, सेवा नृत्य शिक्षक सेवाराम साहू, पितांबर साहू, केदार साहू चुनेंद्र साहू एवं गांव के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित होकर विदाई समारोह में देवांगन सर का बड़े ही आदर पूर्वक विदाई का समारोह किया गया।

पुलिस ने की 7 संदिग्धों की चेकिंग

राजनांदगांव 1 सितंबर। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक द्वारा जिले में हो रहे लगातार चोरी की घटना की रोकथाम के लिए अभियान के तहत आज दिनांक 31/08/2024 को थाना प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व पर थाना लालबाग स्टाफ जुर्म जरायम पतासाजी ग्राम भ्रमण पेट्रोलिग पर देहात की ओर रवाना हुआ था जो गांव में फेरी कर सामान बेचने वाले संदिग्धों 1. सेबू पिता रोजन 2. मुक्तार पिता कल्लू 3. सकलैन मुस्ताख पिता इबरार 4. मुअफजल पिता इबरार 5. मुकिम पिता वाहीद सभी निवासी जिला जौनपुर उत्तरप्रदेश 6. बब्लू पिता हमदानी 7 मो0 नसीर पिता नूर मोहम्मद दोनो निवासी इलाहाबाद उत्तरप्रदेश को पुछताछ कर आधार कार्ड लिया गया एवं थाना तलब किया जाकर सभी संदिग्धों का फिगर प्रिंट लिया गया। संदिग्धों का पृथक से निवास ग्राम की थाना में जानकारी भेजकर इनकी अपराधिक रिकार्ड / चरित्र के संबंध में जानकारी लिया जावेगा।

आशीर्वाद ट्रैवल्स के संचालक सुरेन्द्र यादव बेंगलूर में सम्मानित

छुरिया 1 सितंबर। बंगलुरू (कर्नाटक) में गुरुवार को बस ऑपरेटर्स कांफ्रेंडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित पब्लिक ट्रांसपोर्ट से सम्बंधित राष्ट्रीय उत्सव प्रवास 4.0 गुरुवार को शुरू हुआ। जिसमें 15 हजार बस ऑपरेटर्स के विशाल कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि टी एस एस शिवाशंकर, परिवहन मंत्री तामिलनाडु सरकार द्वारा देश के वेस्ट जोन के बस ऑपरेटर मे आशीर्वाद ट्रेवल्स छुरिया के संचालक सुरेंद्र यादव को सबसे अच्छी सर्विस के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ बस यूनीयन की ओर से बधाई दिया गया।

तुलसीदास ने ईश्वर को प्राप्त करने के दो मार्ग बताए:वर्मा

डोंगरगांव 1 सितंबर। दो दिवसीय जिला स्तरीय गोस्वामी तुलसीदास जन्मोत्सव का प्रथम दिवस सांकरदाहरा में सफलता के सम्पन्न हुआ। अयोजन में प्रातः श्री सत्यनारायण जी की स्थापना पं. शतानंद दुबे के मंत्रोच्चार व मानस दंपति श्री तामेश्वर प्रसाद साहू व टेलेश्वरी साहू जी, कबीर मठ नादिया के माध्यम से संपन्न हुआ।ध्वजारोहण कबीर मठ नादिया आश्रम के संतो के द्वारा किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात् उद्घाटन समारोह में श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के प्रांतीय अध्यक्ष गोपाल वर्मा जी ने अपने उद्बोधन में सगुण और निर्गुण के आश्रय से ईश्वर को प्राप्त करने को तुलसी का मार्ग बताया। उन्होने कहा कि सगुण निर्गुण में कोई भेद नहीं है। धर्माधिकारी सत्येंद्र साहेब ने तुलसी जी के जीवनी अपने विचार रखे व आचार्य मंगल साहेब ने कहा कि हमे सदेव सही मार्ग में चलने का प्रयास करना चाहिए जो त्रुटि हुई उससे

सीखना चाहिए। संरक्षक कुलबीर छाबड़ा जी ने कहा कि हमे रामायण को हर घर में पहुंचाने का प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि हमने मानस की प्रतियां बांटने की तैयारी कर ली है। इसके पश्चात मानस वंदना आदर्श महिला भजन मंडली द्वारा किया गया प्रथम दिवस के इस आयोजन में हरिदास मानस मंडली तुमडीबोड, श्रीराम भक्त मानस मंडली सोरीटोला, जय मां बंजारी मानस मंडली कल्लू बंजारी, संत मिलन मानस मंडली लखोली, कबीर मानस मंडली रातापायली का मानस पाठ व पं.श्री सुरेन्द्र दुबे जी द्वारा मानस सत्संग प्रवचन किया गया। उक्त आयोजन में श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान जिला राजनांदगांव, विकासखण्ड डोंगरगांव श्री राम आदर्श मानस प्रचार समिती कबीर मठ नादिया का सहयोग रहा। यह दो दिवसीय आयोजन 1 सितंबर तक होगा।

ब्लाक के कुशल प्रशिक्षकों को कई विषयों की जानकारी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 1 सितंबर। स्कूल शिक्षा विभाग राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के निर्देशन में जिले में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के जिले में सफल क्रियान्वयन के लिए कुशल प्रशिक्षकों का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण बीआरसी भवन कौरिनभाटा राजनांदगांव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन व क्रियान्वयन, स्वयंसेवी शिक्षकों को संकुल स्तर एवं विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण हेतु विकासखंड के मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। जिला स्तरीय प्रशिक्षण उपरांत ब्लाक स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ एवं राज्य मिशन प्राधिकरण द्वारा तैयार की गई। उल्लास प्रवेशिका के सभी पाठों के संबंध में जानकारी दी गई। साक्षरता का संचालन नवाचारी गतिविधियों का प्रयोग करते हुए डिजिटल साक्षरता, आपदा प्रबंधन, कौशल

विकास, वित्तीय साक्षरता, विधिक साक्षरता, चुनावी साक्षरता आदि विषयों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण प्राप्त कुशल प्रशिक्षकों द्वारा विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त संकुल समन्वयक द्वारा संकुल स्तर पर प्रधान पाठक एवं ग्राम प्रभारी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। ग्राम प्रभारी द्वारा स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्वयंसेवी शिक्षकों के प्रशिक्षण में ग्राम व वार्ड के सभी स्वयंसेवी शिक्षकों को सम्मिलित कराने हेतु संबंधित विकासखंड शिक्षा कार्यालय निर्देशित किया गया है।

कार्यक्रम अंतर्गत जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में असाक्षरों का चिन्हांकन एवं उन्हें पढ़ाने वाले स्वयं सेवी शिक्षकों का चिन्हांकन विकासखंड के सभी ग्राम एवं नगरीय क्षेत्र के वार्डों में सर्वे कर किया गया है। असाक्षरों के चिन्हांकन के दौरान प्रति केन्द्र पढ़ाने वाले स्वयं सेवी शिक्षकों का चिन्हांकन किया गया है।

उल्लास नवभारत कार्यक्रम का उद्देश्य 15 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले उन सभी के लिए पढ़ने लिखने के अवसर उपलब्ध कराना है, जो किन्हीं कारणें से साक्षरता और संख्या ज्ञान अर्जित नहीं कर पाए। इस संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसाओं के क्रियान्वयन के लिए 01 अप्रैल 2022 से भारत सरकार द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम जिसका लोकप्रिय नाम उल्लास है, प्रारंभ किया गया है, जिसमें प्रौढ़ शिक्षा के सभी पक्ष शामिल हैं। इस योजना का उद्देश्य बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल, बुनियादी शिक्षा और सतत शिक्षा का विकास है। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों को बुनियादी साक्षरता प्रदान किया जाना है। यह कार्यक्रम जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के माध्यम से जिले में क्रियान्वित किया जा रहा है। प्रशिक्षण सत्र के अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री नितिन हिरवानी, एपीसी समग्र शिक्षा श्री प्रणिता शर्मा, श्री आदर्श वासनिक व श्री मनोज मरकाम, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्री भगत सिंह ठाकुर उपस्थित थे। प्रशिक्षण में राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर्स श्रीमती कल्पना पटले, श्री रविंद्र सिंह ठाकुर, श्री देवेश कुमार जैन के द्वारा प्रशिक्षण में जिले के समस्त विकासखंड के कुशल प्रशिक्षकों प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

125 शैक्षणिक संस्थानों में ग्रीन आर्मी का प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

रायपुर 1 सितंबर। ग्रीन आर्मी संस्थान द्वारा आज पर्यावरण संरक्षण विषय पर 125 स्कूल कालेजों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। संस्था द्वारा युवाओ की पर्यावरण संरक्षण में क्या भूमिका हो वो किस प्रकार से पढ़ाई करते करते भी पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकते है, इस विषय पर आज वृहद पैमाने पर प्रशिक्षण कार्याशाला वंदे मातरम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम वन्दे मातरम् क्यो रखा गया प्रारम्भ में इस विषय में वन्दे मातरम् का संक्षिप्त इतिहास बताया गया की कैसे यह गीत देश की आजादी के आंदोलन की एक पहचान बनी, कैसे यह आजादी की लड़ाई का वार क्राइ ,युद्धनाद बना। कैसे इसे समूर्ण राष्ट्र ने हमारा राष्ट्रीय गीत के रुप में स्वीकार किया। यह प्रशिक्षण रायपुर ही नही वरन संपूर्ण छत्तीसगढ़ स्तर पर आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से रायपुर शहर के 110 स्कूल कालेजों एवं अन्य जिलों में 15 शैक्षणिक संस्थानों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

सन नियो के कलाकार संगीता घोष, बृंदा दहल और सिद्धि शर्मा ने जन्माष्टमी को लेकर साझा किए अपने विचार

जन्माष्टमी के पर्व को भगवान श्री कृष्ण के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। यह पूरी दुनिया में सम्पूर्ण आस्था और भक्ति के साथ मनाया जाता है। इसे न सिर्फ भारत में बल्कि विदेशों में भी पूरे

उत्साह के साथ मनाया जाता है। ऐसे में सन नियो के कलाकार भी कृष्ण के लिए अपनी भक्ति को व्यक्त करने में पीछे नहीं हैं। इस ख़ास मौके को लेकर अभिनेत्री संगीता घोष, बृंदा दहल और सिद्धि शर्मा ने अपनी परंपराओं और इस साल की तैयारियों को लेकर यह कुछ मुख्य बातें बताई। सन नियो के 'साझा सिंदूर' शो में सरोज की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री संगीता घोष ने बताया, ₹बचपन में जन्माष्टमी त्योहार को लेकर मैं बहुत उत्साहित रहती थी क्योंकि हमारे पास घर पर एक छोटा सा चांदी का झूला था। मैं पूरे उत्साह और प्यार के साथ झूले को फूलों से सजाया करती थी, जिसमें उसमे बाल गोपाल को बिठाया हर साल, हम अपने घर पर जन्माष्टमी की पूजा आयोजित करते हैं, लेकिन इस बार, मैं सन नियो के 'साझा सिंदूर' शो की शूटिंग में व्यस्त हूं। दिलचस्प बात यह है कि हमारे शो में भी एक जन्माष्टमी सीक्वेंस है, इसलिए हम सेट पर भी इस दिन को धूमधाम से मनाया। और हम इन सभी परंपराओं का पालन किया।

एनमाही फिल्म प्रोडक्शन एवं निर्माता मोहित कुमार साहू की छत्तीसगढ़ी फिल्म

रायपुर । छत्तीसगढ़ के जाने-माने निर्माता मोहित कुमार साहू एन.माही फिल्म प्रोडक्शन एवं सहनिर्माता आनन्द मानिकपुरी की प्रशंसनीय छत्तीसगढ़ी फिल्म ए ददा रे प्रदेश के 49 स्क्रीन सहित नागपूर स्थित सिनेमाघर में एक साथ रीलिज की गई। पहले ही दिन सुधि दर्शकों ने फिल्म की प्रशंसा की। खासतौर से फिल्म की कहानी में भूत-मशान के भ्रम का भांडा फोड़ कर अंधविश्वास पर गहरी चोट करने वाली इस फिल्म को दर्शकों की खूब

सराहना मिल रही है। राजधानी के श्याम टॉकीज में फिल्म देखने आये दर्शकों की भीड़ में ज्यादातर युवा व महिलाओं की संख्या अधिक रही। ग्रामीण परिवेश में घटित होने वाले भूतहा कहानियों खास तौर से चटिया-मटिया व चुड़ैल की भ्रमात्मक मनगढ़त किस्सों पर आधारित सत्य घटना से प्रेरित है छत्तीसगढ़ी फिल्म ए ददा रे। फिल्म के निर्देशक, अभिनेता एवं लेखक आनन्द मानिकपुरी ने बताया कि फिल्म की कहानी उनकी नानी एवं पिताजी द्वारा बताएं किस्सों पर आधारित है। उन्होंने बताया कि बचपन में उनकी नानी और पिताजी ने बताया था कि किस तरह मटिया और रक्सा देखकर वे डर गए थे और उनके मुंह से निकला था- ए ददा रे...। जिसे आनन्द मानिकपुरी ने मनोरंजक तौर पर इसी नाम से फिल्म में बनाकर छालीवुड के दर्शकों के लिए पेश किया है।

शुभ मुखर्जी की फिल्म 'कहवा' का पहले ही चला इंटरनेशनल लेवल पर जादू

डॉक्यूमेंट्री और विज्ञापन में कुछ प्रभावशाली काम करने के बाद, शुभ मुखर्जी ने 13 साल बाद फिक्शनल फिल्ममेकिंग में वापसी की हैं अपनी फिल्म कहवा के साथ। ये फिल्म कश्मीर में सेट है और वहां के हाल की कुछ महत्वपूर्ण सच्ची घटनाओं पर रोशनी डालती है। फिल्म ने इंटरनेशनल लेवल पर कई फिल्म फेस्टिवल्स में काफी हलचल मचाई, और अब फिल्ममेकर ने इंडियन ऑडियंस के लिए कहवा का ट्रेलर जारी किया, जिसमे गुंजन उतरेजा की लीड रोल में हैं। ऐसे में फिल्ममेकर से जब

स्वतंत्रता दिवस के आसपास इसका ट्रेलर रिलीज़ करने के पीछे का कारण पूछा गया, तो शुभ ने जवाब में कहा, ₹यह फ़िल्म हम सब के लिए एक महत्वपूर्ण जगह, कश्मीर के बारे में बात करती है। कश्मीर हमेशा से बहुत अस्थिर रहा है और शांति भंग होने के लिए रडार पर रहा है। इस जगह को हमेशा दो अलग-अलग विचारधाराओं- भारत समर्थक या भारत विरोधी- के लेंस के माध्यम से देखा गया है। जैसा कि हम भारत की स्वतंत्रता का जश्न मना रहे हैं, कश्मीर जैसे राज्य में स्वतंत्रता के महत्व को समझना बहुत जरूरी है।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹यही वह चीज है जिसके लिए वे हमेशा अपने मन में लड़ते रहे हैं, उनकी स्वतंत्रता की भावना जो उन्हें लगता है कि उन्हें नहीं मिली। स्वतंत्रता

शरवरी वाघ कियारा आडवाणी से बहुत प्रेरित हैं

कियारा आडवाणी निस्संदेह भारतीय सिनेमा की सबसे बहुमुखी और पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक हैं। अपने काम, अभिनय और इंडस्ट्री में अपने सफ़र के साथ, कियारा आडवाणी कई युवा अभिनेत्रियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रही हैं। हाल ही में, अभिनेत्री शरवरी वाघ ने एक इंटरव्यू में कियारा आडवाणी के बारे में काफ़ी बात की और कहा, ₹मुझे वाकई लगता है कि कि या रा आडवाणी का सफ़र बहुत प्रेरणादायक है, क्योंकि मुझे लगता है कि वह बहुत लंबे समय तक ऐसी फ़िल्मों

का हिस्सा रहीं, जिनके बारे में लोगों को पता भी नहीं था? और आज वह टॉप अभिनेत्रियों में से एक हैं। अभिनेत्री ने आगे कहा, ₹मुझे लगता है कि दृढ़ संकल्प, मुझे यकीन है कि उन्हें आगे बढ़ते रहना था और खुद को बेहतर बनाना था और बेहतर प्रदर्शन करना था। मुझे लगता है कि यह कुछ प्रेरणादायक है। आने वाली फिल्मो की बात करे तो कियारा आडवाणी गेम चेंजर, वॉर 2 और डॉन 3 में नजर आएंगी, जबकि शरवरी वाघ अगली बार अल्फा में नजर आएंगी।

मैं एक्शन फिल्में करना चाहती हूं: शालिनी पांडे

शालिनी पांडे सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिन्होंने 'अर्जुन रेड्डी', 'जयेशभाई जोरदार' और हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'महाराज' में अपने अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया है। दर्शक

'महाराज' में उनके अभिनय की सराहना कर रहे हैं, जिसमें उनके सह-कलाकार जुनैद खान भी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में, शालिनी पांडे ने अपनी सीक्रेट स्किल्स का खुलासा किया और कहा, ₹मुझे नृत्य और खेल पसंद हैं। मैं पहले भी फिल्म महाराज में नृत्य कर चुकी हूं। तैराकी के अलावा, मैं बैडमिंटन और वॉलीबॉल में भी अच्छी हूं। मैं शारीरिक गतिविधियों में भी अच्छी हूं, इसलिए मैं एक एक्शन फिल्म करना चाहती हूं। जबकि दर्शकों ने उनकी पिछली फिल्मों में एक अभिनेत्री के रूप में उनकी रेंज देखी है, शालिनी को एक्शन अवतार में देखना रोमांचक होगा। इस बीच, शालिनी पांडे अगली बार 'डब्बा कार्टेल' और 'बंदवाले' में दिखाई देंगी।

प्रिया एटली ने आज "रेड नॉट" लॉन्च किया - एक नया और बोल्ड फैशन ब्रांड

प्रिया एटली, जो एक प्रसिद्ध अभिनेत्री, फिल्म निर्माता और उद्यमी हैं, ने आज अपने नए डिजाइनर कपड़ों के ब्रांड रेरेड नॉटर की घोषणा की है। इस ब्रांड की कीमतें 5999/- रुपये से अधिक हैं और यह पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए फैशन प्रस्तुत करता है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर अब लाइव है, जिसमें पुरुषों के लिए को-ऑर्ड्स और शर्ट्स, और महिलाओं के लिए साड़ियाँ, जंपसूट्स, स्लिट सलवार, टियरड ड्रेस आदि शामिल हैं, जो सभी आधुनिक और अभिनव

प्रिंट डिजाइन के साथ हैं। यह कलेक्शन प्रीमियम सेगमेंट के लिए है और भविष्य में डिजाइनर रिटेलर्स तक पहुंचने की योजना है। प्रिया एटली ने कहा, ₹फैशन किसी के व्यक्तित्व और रचनात्मकता का विस्तार होता है। 'रेड नॉट' के साथ, मैं एक ऐसा ब्रांड बनाना चाहती थी जो आधुनिक व्यक्तियों से मेल खाता हो, जो अलग दिखने और स्टेटमेंट बनाने से न डरें। इस कलेक्शन में हर पीस मेरी डिजाइन के प्रति पैशन और फैशन के माध्यम से व्यक्तित्व के उत्सव को मनाने की मेरी आस्था को दर्शाता है। प्रिया एटली अपने शानदार और ट्रेंडसेटिंग फैशन विकल्पों के लिए जानी जाती हैं।

&TV के 'भीमा' में विषम्भर सिंह की भूमिका निभाएंगे विक्रम द्विवेदी!

विक्रम द्विवेदी, जिन्हें आखिरी बार &TV के शो 'एक महानायक डॉ. बी.आर. अम्बेडकर' में देखा गया था, अब चैनल के नए शो 'भीमा' में एक दिलचस्प किरदार निभाने के लिए तैयार हैं। कुछ महीने पहले ही विक्रम का 'एक महानायक डॉ. बी.आर. अम्बेडकर' में एक ग्रे शेड वाले किरदार का सफर समाप्त हुआ था, और अब उन्होंने 'भीमा' में कदम रखा है। खास बात यह है कि इस बार जबलपुर से तालुकर रखने वाले विक्रम एक शक्तिशाली किरदार, विषम्भर सिंह का रोल निभा रहे हैं, जहां वे

अपने आसपास की अन्यायपूर्ण घटनाओं के खिलाफ लड़ते नजर आएंगे। विषम्भर सिंह की भूमिका निभाने को लेकर उत्साहित विक्रम द्विवेदी कहते हैं, ₹मैं 'भीमा' में विषम्भर सिंह के किरदार में कदम रखने के लिए उत्साहित हूं। विषम्भर एक ऐसा किरदार है, जो मेरे दिल के करीब है क्योंकि वह उन सिद्धांतों का प्रतिनिधित्व करता है जो अक्सर समाज में अनदेखे रह जाते हैं। एक शिक्षित व्यक्ति के रूप में, विषम्भर इस बात पर दृढ़ रहते हैं कि किसी को भी उसकी जाति या वर्ग के आधार पर आंका या भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। उनकी प्रगतिशील सोच और सभी को सम्मान के साथ देखने की प्रतिबद्धता उन्हें एक

मनोरंजन से भरा सप्ताह एण्डटीवी के संग!

एण्डटीवी के शोज 'अटल', 'भीमा', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में कुछ रोमांचक ट्विस्ट्स देखने के लिये तैयार हो जाइये। एण्डटीवी के 'भीमा' में धनिया का किरदार अदा कर रही स्मिता सेबल ने कहा, ''भीमा स्कूल जाना शुरू करती है तो उसे हर उस व्यक्ति से परेशानियों का सामना करना पड़ता है जो उसकी पढ़ाई के खिलाफ है। कैलाशा बुआ भीमा को उसकी पढ़ाई जारी रखने से रोकना चाहती है और उस पर उसकी पढ़ाई छोड़ने का दबाव बनाने के लिए एक योजना बनाती है। इसका परिणाम यह

होता है कि भीमा को चोट लग जाती है और उसे वैद्य के उपचार की जरूरत होती है। अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए भीमा के दृढ़संकल्प से उसके समुदाय को गंभीर परिणाम झेलने का खतरा बढ़ जाता है।'' एण्डटीवी के 'अटल' के बारे में, कृष्ण बिहारी की भूमिका निभा रहे आशुतोष कुलकर्णी ने बताया, ''जब ब्रिटिश सरकार ने मोहल्ले में सभी को अपने घर खाली करने का आदेश दिया, तब अटल ने सभी को समझाया और अपनी बातों से सबको मना लिया। इसके बार मोहल्ले में हर कोई वहीं रहने और ब्रिटिश आदेश के खिलाफ एकजुट होने के लिये तैयार हो गया।

'पुष्पा इम्पॉसिबल' में स्कूल की एडमिन हेड के रूप में चुनी जाएंगी?

मुंबई, अगस्त 2024: सोनी सब के 'पुष्पा इम्पॉसिबल' ने पुष्पा (करुणा पांडे) की प्रेरक कहानी के साथ दर्शकों के दिलों पर कब्जा बनाया हुआ है। पुष्पा एक मजबूत इरादों वाली महिला है जो अटूट

उम्मीद के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करती है। हाल के एपिसोड में, कुंज बाला (केतकी दवे) के आने से पूरे परिवार के फिर एक साथ आने की उम्मीद जगी है, जिससे उन्हें एक-दूसरे का सामना करने और अपने मतभेदों को सुलझाने की प्रेरणा मिली है। आगामी एपिसोड में पुष्पा स्कूल की एडमिन हेड बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। हालांकि, स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के दौरान नानावटी के पेय में मलकानी छेड़छाड़ कर उसके भाषण को खराब कर देता है। इससे वह अपने शब्दों में लड़खड़ा जाता है और अपना भाषण खराब कर देता है। मलकानी का लक्ष्य ट्रस्टियों को उनके खिलाफ कर नानावटी और पुष्पा दोनों को हटाना है। जब ऐसा लगता है कि उसकी योजना सफल हो सकती है, राशि (देशना दूराड़) संकटमोचक बनकर सामने आती है

अयोध्या आगमन के जश्न में टिमटिमाएंगे 10 हजार दीये और चिन्नी प्रकाश का विशेष डांस सिक्वेंस होगा

सोनी सब के श्रीमद् रामायण ने कहानी के अगले चरण में प्रवेश किया है। श्री राम (सुजय रेऊ) और सीता (प्राची बंसल) 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौट आए हैं। उनकी वापसी की खुशी दिवाली के अवसर के रूप में मनाई जाती है, जहां अयोध्या के निवासियों ने अपने प्रिय दिव्य जोड़े के स्वागत के लिए दीये जलाए। इस उत्सव को खास बनाने के लिए एक लुभावना दिवाली सीक्वेंस शूट किया गया है। 10 दीयों की जगमगाहट से सजाया गया है, जो अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक

है। यह शानदार आयोजन दिवाली के दिव्य माहौल को जीवंत बनाने के लिए किया गया है। यह दर्शकों के लिए यादगार दृश्य की दावत होगी। भव्य दृश्यों के साथ-साथ इस एपिसोड में प्रसिद्ध बॉलीवुड कोरियोग्राफर चिन्नी प्रकाश की ओर से विशेष रूप से कोरियोग्राफ किया गया डांस सिक्वेंस होगा। यह डांस न केवल दिवाली के उत्सव को खास बना देगा, बल्कि इसे दो दिनों में शूट किया गया है। स्क्रीन पर इसकी प्रामाणिक भव्यता सुनिश्चित करने के लिए बहुत सारे रिहर्सल को ध्यान में रखते

&TV के 'भीमा' में विषम्भर सिंह की भूमिका निभाएंगे विक्रम द्विवेदी!

विक्रम द्विवेदी, जिन्हें आखिरी बार &TV के शो 'एक महानायक डॉ. बी.आर. अम्बेडकर' में देखा गया था, अब चैनल के नए शो 'भीमा' में एक दिलचस्प किरदार निभाने के लिए तैयार हैं। कुछ महीने पहले ही विक्रम का 'एक महानायक डॉ. बी.आर. अम्बेडकर' में एक ग्रे शेड वाले किरदार का सफर समाप्त हुआ था, और अब उन्होंने 'भीमा' में कदम रखा है। खास बात यह है कि इस बार जबलपुर से तालुकर रखने वाले विक्रम एक शक्तिशाली किरदार, विषम्भर सिंह का रोल निभा रहे हैं, जहां वे अपने आसपास की अन्यायपूर्ण घटनाओं के खिलाफ लड़ते नजर आएंगे। विषम्भर सिंह की भूमिका निभाने को लेकर उत्साहित विक्रम द्विवेदी कहते हैं, ₹मैं 'भीमा' में विषम्भर सिंह के किरदार में कदम रखने के लिए उत्साहित हूं। विषम्भर एक ऐसा किरदार है, जो मेरे दिल के करीब है क्योंकि वह उन सिद्धांतों का प्रतिनिधित्व करता है जो अक्सर समाज में अनदेखे रह जाते हैं। एक शिक्षित व्यक्ति के रूप में, विषम्भर इस बात पर दृढ़ रहते हैं कि किसी को भी उसकी जाति या वर्ग के आधार पर आंका या भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। उनकी प्रगतिशील सोच और सभी को सम्मान के साथ देखने की प्रतिबद्धता उन्हें एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व बनाती है।₹ वह आगे कहते हैं, ₹इस भूमिका में बदलाव मेरे लिए एक अद्भुत यात्रा रही है, खासकर 'एक महानायक डॉ.

देवरानी-जेठानी के रिश्तों पर आधारित हैं सुमन इंदौरी

मातृ सुख प्राप्त करने के पांच वर्षों बाद छोटे पर्दे पर अपने जीवंत अभिनय के साथ लौट कर आई अनीता ने कहा पांच वर्षों बाद एक्टिंग में लौटने से अच्छा लग रहा है। मैं एक्साइटेड हूँ। कलर्स टीवी पर सुमन इंदौरी नामक धारावाहिक से दूसरी पारी की शुरूआत करने वाली अनिता हसनंदानी ने कहा कि मैं शो को लेकर एक्साइटेड होगी। अभिनय की दुनियां लौटने वाली अनिता ने कहा कि सुमन इंदौरा एक ऐसा शो है जिसमें यह दर्शाया गया है कि जिसे फोन नहीं किया गया। यह शुद्ध पारिवारिक कहानी है। हर एपिसोड की अलग-अलग संदेश देता है। अनिता ने बताया कि यह

काफी पावरफुल शो साबित होगा। यह पहली बार है जब टीवी पर देवरानी -जेठानी के रिश्तों की कहानी दिखाई जाएगी। जिन रिश्तों को अब तक नहीं दिखाया गया है इन रिश्तों पर फोकस किया जाएगा। सुमन इंदौरी पारिवारिक कहानी है। इंदौरी का कहना है कि यह शो धमाल मचाएगा। शो में कामेडी भी है। अनिता ने बताया कि उसने साउथ की फिल्म बेब सीरीज किया है। अनिता ने बताया कि मुझे एक्टिंग का शौक है।

एन्टरटेनमेन्ट से भरा सप्ताह!

एण्डटीवी के शोज 'अटल', 'भीमा', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' अपनी दिलचस्प और मनोरंजक कहानियों से दर्शकों को लगातार लुभा रहे हैं। एण्डटीवी के 'अटल' में कृष्णा देवी की भूमिका निभा रहीं नेहा जोशी ने बताया, ''एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना के बाद अटल के पेय में मलकानी कृष्ण बिहारी और दादाजी को अस्पताल में भर्ती कराया जाता है। कृष्णा देवी और अटल डॉक्टर से निवेदन करते हैं कि वह इलाज जारी रखें और पैसों का भुगतान अस्पताल से छुट्टी होने के बाद कर दिया जाएगा। कृष्णा देवी याद करती हैं कि अटल के पिता और दादाजी ने मुश्किलों के दौरान कई लोगों की मदद की थी और वह ऐसे लोगों से सहायता लेने का फैसला करती हैं। इस बीच एक क्रांतिकारी अटल के पास किसी काम को पूरा करवाने के लिये आता है। इलाज का खर्च निकालने के लिये अटल उस काम की हामी भर देता है। इस बीच, तोमर को एक ब्रिटिश अधिकारी फटकार लगाता है, क्योंकि वह नकाबपोश लड़के को नहीं पकड़ सका। इधर

सुशीला, अवध की पत्नी सरस्वती को मारने की एक डरावनी योजना बनाती है और इसका आरोप वह कृष्णा देवी पर मढ़ना चाहती है।'' एण्डटीवी के 'भीमा' में धनिया की भूमिका निभा रहीं स्मिता साबले ने कहा, ''भीमा की शिक्षा का विरोध करने वालीं कैलाशा बुआ उससे बदला लेने के लिये उसके समुदाय के लोगों को काम करने और रोज की मजदूरी कमाने से रोकती हैं। फिर वह दूसरे गांव से लोगों को बुलाकर उन्हें दोगुनी मजदूरी देती हैं। कैलाशा बुआ के ऐसा करने से भीमा के समाज को काम नहीं मिलेगा। इसके जवाब में भीमा अपने लोगों की हिमायत करने का फैसला लेती है और दूसरे गांव के लोगों से आग्रह करती है कि वे काम न करें।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' के बारे में राजेश, ऊर्फ गीतांजलि मिश्रा ने बताया, ''जब हप्पू का परिवार लगातार उसे कमतर समझता है, तब उसे लगता है कि कोई उसे पसंद नहीं करता और वह नाराज हो जाती है। वह कमिश्नर (किशोर भानुशाली) को यह बात बताती है और कमिश्नर उसे अपनी छवि सुधारने और अधिकार जमाने की सलाह देता है। इस बीच, एक्टर बनने का सपना देख रहा बेनी (विश्वनाथ चटर्जी), हप्पू की इज्जत बढ़ाने के लिये एक मंत्री की नकल करने को तैयार हो जाता है। अब हप्पू का सम्मान होने लगता है, लेकिन जल्दी ही राजेश (गीतांजलि मिश्रा) से अपनी नई टिफिन सर्विस के शुभारंभ के लिये मंत्री को बुलाने के लिये कहती है और हप्पू फंस जाता है।'' 'भाबीजी घर पर हैं' की अनीता, ऊर्फ विदिशा श्रीवास्तव ने बताया, ''लखनऊ से विभूति की बुलबुल बुआ आती हैं।

कलाकारों ने अपने पसंदीदा खेलों और अपने जीवन में उनकी अहमियत पर बात की

खेलों से अनेकों फायदे मिलते हैं, जैसे कि शरीर की बेहतर फिटनेस, मानसिक सेहत और सामाजिक जुड़ाव। एण्डटीवी के कलाकार बता रहे हैं कि खेल उनकी समग्र तंदुरुस्ती को कैसे बढ़ाते हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं: अमित भारद्वाज (मेवा, 'भीमा'), आशुतोष कुलकर्णी (कृष्ण बिहारी वाजपेयी 'अटल'), गीतांजली मिश्रा (राजेश, 'हप्पू की उलटन पलटन') और आसिफ शेख (विभूति नारायण मिश्रा, 'भाबीजी घर पर हैं')। भीमा में मेवा की भूमिका निभा रहे अमित भारद्वाज ने बताया, ''मुझे शतरंज और क्रिकेट खेलना पसंद है। हालांकि, शतरंज को मैं ज्यादा महत्व देता हूँ। जब भी मुझे खाली समय मिलता है, मैं अपने बच्चों और दोस्तों के साथ शतरंज खेलने का मजा लेता हूँ और अकेला होने पर ऑनलाइन शतरंज भी खेलता हूँ। मेरे लिये शतरंज एक खेल से कहीं बढ़कर है और उससे दिमाग की बेहतरीन कसरत होती है। इससे याददाश्त तेज होती है, चुनौती की स्थितियों में जल्दी से सोच लेने की क्षमता बढ़ती है और दिमाग को दबाव की स्थिति में भी अच्छी तरह से काम करने में मदद मिलती है। एक्टर होने के नाते मैं समस्या को हल करने और याद रखने की कुशलताओं का महत्व समझता हूँ। क्योंकि, इनका इस्तेमाल में अक्सर शूटिंग के दौरान करता हूँ। शतरंज से सकारात्मक सहज बुद्धि को भी बढ़ावा मिलता है और समझ में गहराई आती है। यह फायदे शतरंज खेलने से अलग वक्त में भी मिलते हैं।'' अटल में कृष्ण बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभा रहे आशुतोष कुलकर्णी ने बताया, ''बास्केटबॉल मेरा पसंदीदा खेल है। यह खेल मैं बचपन से खेल रहा हूँ। मैं अपने स्कूल और कॉलेज की टीमों में सक्रिय रहता था। हालांकि, अब मैं कम खेलता हूँ, लेकिन कोर्ट में जाने का मौका फिर भी नहीं छोड़ता हूँ। चाहे यह मौका पब्लिक पार्क में मिले, रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्स में या होटल में। स्कोर करने का रोमांच और खुशी बेजोड़ होती है। बास्केटबॉल से लचीलापन और एकाग्रता बढ़ती है, शरीर को ऊर्जा मिलती है, सेहत सुधरती है और मांसपेशियों में ताकत आती है। इसमें अनुशासन, टीम के साथ काम करने और तेजी से फैसला करने को बढ़ावा मिलता है और दिमाग ज्यादा केन्द्रित रहता है। कुल मिलाकर इससे पूरे शरीर की कसरत हो जाती है और यह गतिविधि मजेदार तथा फायदेमंद होती है।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश, ऊर्फ गीतांजली मिश्रा ने बताया, ''क्रिकेट मेरे लिये एक खेल से कहीं बढ़कर है; वह मेरा जुनून है। एक्टर होने के नाते मुझे क्रिकेट का अनुशासन, रणनीति और टीम वर्क हमेशा से पसंद रहा है। क्रिकेट खेलने से

यह पढ़कर अच्छा लगता है कि लोग शो का आनंद ले रहे हैं: तेजस्विनी सिंह

मुंबई, अगस्त 2024: तेजस्विनी सिंह, जोकि एण्डटीवी के नये शो 'भीमा' में टाइटल भूमिका निभा रही हैं, उनके परफॉर्मेंस के लिये काफी तारीफें मिल रही हैं। जयपुर की इस नन्हीं अदाकारा ने बहुत कम समय में ही दर्शकों के दिलों पर अपनी छाप छोड़ी है। एक छोटी सी बातचीत में, तेजस्विनी ने अभिनय के लिये अपने प्यार और अपनी प्रेरणा के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि अपने किरदार से असल जिंदगी में वह किस तरह जुड़ाव महसूस करती हैं।

तेजस्विनी, 'भीमा' में अपने किरदार के लिये तारीफें पाकर आपको कैसा लग रहा है?

बहुत अच्छा लग रहा है। 'भीमा' के प्रोमोज जब रिलीज हुये थे, तभी से मेरे परिवार वाले, दोस्त और क्लासमेट्स मुझसे कह रहे हैं कि उन्हें मेरा किरदार कितना अच्छा लगता है। लेकिन मेरे लिये सबसे ज्यादा खुशी वाला पल वो था, जब मेरी मां ने कहा, ''मेरी बिटिया बहुत अच्छी ऐक्टिंग कर रही है।'' मुझे भीमा का किरदार निभाना बहुत अच्छा लगता है और मुझे जब भी मेरी दादी का फोन मिलता है, मैं बार-बार प्रोमोज, क्लिप्स और पोस्ट्स देखती हूं। यह पढ़कर अच्छा लगता है कि लोग इस शो का आनंद ले रहे हैं और उन्हें मेरा किरदार पसंद आ रहा है।

जिन्होंने अभी तक भीमा नहीं देखी है, आप उन्हें क्या कहना चाहेंगी?

प्लीज हमारा शो 'भीमा' देखिये। मेरा दावा है कि आपको इससे प्यार हो जायेगा।

क्या आप अपने किरदार के बारे में हमें कुछ बता सकती हैं?

भीमा जिज्ञासा और सवालों का एक आकर्षक मेल है। वह हमेशा सवाल पूछती रहती है और अपने आस-पास की दुनिया को समझने की कोशिश करती है। उसकी आंखों में साहस और दृढ़ निश्चय की चमक है, जो उसके जोशीले स्वभाव को दिखाता है। उसे अपने दोस्तों एवं बहन के साथ गेम्स, खासतौर से कंचे खेलना पसंद है। अपनी मां (स्मिता सेबल) और चचेरे भाई कुंदन से उसका सबसे करीबी रिश्ता है, हालांकि, उसे अपनी ताई बिल्कुल अच्छी नहीं लगती है।

क्या आप अपने शो के बारे में हमें कुछ बता सकती हैं?

1980 की पृष्ठभूमि पर आधारित 'भीमा' में भीमा नाम की एक छोटी बच्ची की कहानी दिखाई गई है। यह एक सोशल ड्रामा है, जो उसके संघर्षों और समान अधिकारों के लिये उसके सफर पर आधारित है। इस शो में दर्शकों को उसका साहसिक सफर देखने को मिलेगा, जहां वह अपने परिवार, समाज और आर्थिक स्थितियों द्वारा उत्पन्न बाधाओं से लड़ती है। अनगिनत अन्यायों और भेदभाव का सामना करने के बावजूद वह बेखौफ होकर इन बाधाओं को पार करने की कोशिश करती है।

'बादलों पे पांव है' में उम्मीद लेकर आए

सोनी सब का 'बादल पे पांव है' बानी (अमनदीप सिद्धू) की यात्रा पर आधारित है, जो एक दृढ़ निश्चयी और महत्वाकांक्षी लड़की है। वह आर्थिक तंगी के बावजूद अपने परिवार का जीवन बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है। हाल के एपिसोड में बानी के सामने दुविधा आ जाती है क्योंकि वह शेयर बाजार में नौकरी के प्रस्ताव को स्वीकार करने पर विचार करती है। उसे चिंता है कि रजत (आकाश आहूजा) इस पर कैसी प्रतिक्रिया देंगे। जब बानी अपनी चिंताओं को साझा करने और रजत को कॉल करने का प्रयास करती है, तो लावण्या (भाविका चौधरी) हस्तक्षेप करती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि रजत बानी का कॉल मिस कर दे। रजत की चुप्पी का गलत मतलब निकालते हुए बानी नौकरी स्वीकार करने का फैसला करती है, यह मानते हुए कि रजत को इससे कोई आपत्ति नहीं होगी। आगामी एपिसोड में बानी को पता चलता है कि रजत ने अपनी नौकरी खो दी है। उसे और अधिक परेशान होने से बचाने के लिए, वह यह खबर परिवार से छिपाती है और चुपके से उसके लिए नौकरी का इंटरव्यू आयोजित करती है। उसके प्रोत्साहन और समर्थन से रजत इंटरव्यू में सफल होता है और एक नई भूमिका प्राप्त करता है। खन्ना परिवार रजत और बानी दोनों के लिए इस नई शुरुआत का जश्न मनाता है क्योंकि वे एक साथ अपने नए पेशेवर सफर पर निकल पड़े हैं।



'वागले की दुनिया' में राजेश ने वंदना के साथ शरारत की

सोनी सब का 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नये किस्से' दर्शकों को खुब पसंद आ रहा है। इसमे वागले परिवार की रोजमर्रा चुनौतियों और जीत को दिखाया गया है। हाल ही में शो ने एक नाटकीय मोड़ तब लिया जब साईं दर्शन सोसाइटी में एक युवा लड़के ने दावा किया कि राजेश वागले (सुमीत राघवन) उसके पिता हैं। इससे पूरी सोसाइटी हैरान रह गई और उन्होंने सच्चाई की तलाश शुरू कर दी। आने वाले एपिसोड में, दर्शक देखेंगे कि राजेश की पत्नी वंदना (परिवा प्रणति) इस दावे से बेपरवाह रहती है। वह राजेश पर दृढ़ता से विश्वास करती है और उसे यकीन होता है कि वह कभी भी कोई अविश्वसनीय काम नहीं करेगा। बाद में यह पता चलता है कि राजेश और सखी (चिन्मयी साल्वी द्वारा अभिनीत) ने सखी के कॉलेज प्रोजेक्ट के लिए यह शरारतभरी योजना बनाई थी। यह परखने के लिए कि जोड़े एक-दूसरे पर कितना भरोसा करते हैं।

वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नये किस्से में राजेश वागले की भूमिका निभा रहे सुमीत राघवन ने कहा, ₹राजेश न केवल एक प्यार करने वाले पिता हैं, बल्कि एक प्यारे और आदर्श पति भी हैं। यह अप्रत्याशित शरारत राजेश और वंदना के बीच मजबूत विश्वास और संबंध को सामने लाती है, जो उनके रिश्ते में एक खूबसूरत आयाम जोड़ती है। इस तरह के पल शो को वाकई दिल को छू लेने वाला और प्रेरणादायक बनाते हैं।

नीट-जेईई कोचिंग के तीन विद्यार्थियों का शासकीय मेडिकल कॉलेज में चयन

■ जहां चाह है वहां राह को चरितार्थ किया आकाश पोड़ियामी ने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 1 सितम्बर। जहां चाह होती है वहां राह निकल आती ही है, अगर आपके पास कुछ करने की इच्छा शक्ति है, तो आपको ऐसा करने से कोई नहीं रोक सकता। ये जीवन के लगभग हर पहलू पर समान रूप से लागू होती है। जीवन में हर इंसान समाज पर निर्भर रहता है और हर इंसान चाहता है कि वो अपने परिवार के साथ ही समाज के हर पहलू में सहयोग करे। चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्र के साथ ही समाज से जुड़कर कोई भी ही सेवा कार्य करने में आत्मसंतुष्टि होती है। मेरे मन में बचपन से प्रबल इच्छा रही कि समाज के लिए कुछ करूं, जो समाज में सकारात्मक प्रभाव पड़े। मैंने और हमारे परिवार ने परेशानियों का सामना किया है। फिर आज के जो सकारात्मक परिणाम है उससे काफी खुश हूं। ये कहानी है आकाश कुमार पोड़ियामी का जो जिला मुख्यालय सुकमा से दूरस्थ वनांचल सहित संवेदनशील कोंटा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत चिउरवाड़ा के ग्राम धामन (कोंटा) का निवासी है। जिनका हाल ही में राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षा नीट में बेहतर परिणाम देकर जिले का नाम रोशन किया है। वे बताते हैं कि हमारे परिवार में मां हिड़मे और मेरी बहन साथ रहते हैं। पिताजी का देहांत 2007 में ही हो गया था। उस समय मेरी स्कूली शिक्षा प्रारंभ भी नहीं हुई थी। इस दौरान हमारे परिवार को बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि हमारा गांव माओवाद प्रभावित होने के कारण हमें किसी तरह परिवार का पालन पोषण करना था। वे बताते हैं कि मेरी मां ने हमें मजदूरी और बाजार में वनोपज बेचकर हमें पालन पोषण के साथ ही हमारी स्कूल की शिक्षा दिलाई है।

आकाश ने बताया कि 2015 से मेरी प्राथमिक शिक्षा पोटाकेबिन तोंगपाल में हुई, इसके बाद माध्यमिक शिक्षा पाकेला पोटाकेबिन में पढ़ाई की।इसके पश्चात मेरा चयन प्रयास आवासीय विद्यालय रायपुर संस्था में हुआ, वहां 9 वीं से 12 वीं कक्षा तक की पढ़ाई पूरी हुई। उन्होंने बताया कि 2022 में बायोलॉजी (साइंस) विषय में 12 वीं कक्षा पास की। आगे बताते हैं कि 12 वीं के दौरान प्रथम प्रयास में नीट परीक्षा क्वालीफाई नहीं हुआ और मैंने ड्राप लेने का विचार किया और जिला मुख्यालय सुकमा में जिला प्रशासन द्वारा संचालित सक्षम नीट कोचिंग में अध्ययन किया और नीट हेतु पुनः प्रयास किया, इस बार भी मैं सफल नही हुआ। मैंने फिर से जिला मुख्यालय में सक्षम कोचिंग में अध्ययन पर ध्यान केंद्रित कर मेहनत किया और अंततः तीसरे प्रयास में मैंने नीट क्वालीफाई कर लिया। कुछ दिनों पश्चात् काउसलिंग की तिथि आ गई और छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस बिलासपुर में मेरा चयन हो गया। इस चयन से मैं और मेरा पूरा परिवार बहुत खुश है। आगे आकाश ने कहा कि हम जैसे दूरस्थ वंनाचल क्षेत्र और माओवाद से प्रभावित इलाके के बच्चों के सपनों को पंख देने का प्रयास जिला प्रशासन कर रही है उसके लिए मैं बहुत धन्यवाद देता हूं।

कलेक्टर हरिस एस. ने नीट की परीक्षा 2024 में चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण दिलाने के लिए प्रशासन द्वारा हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। जिसका उत्साहजनक और सकारात्मक परिणाम हमें मिला निरंतर मिल रहा है। इस परिणाम से निश्चित ही बच्चों को प्रेरणा मिलेगी।

जिला शिक्षा अधिकारी जी आर मांडवी ने बताया कि जेईई एवं नीट कोचिंग संस्थान सुकमा के तीन बच्चों का एमबीबीएस के लिए शासकीय मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए चयन हुआ है जिसमें आकाश कुमार पोड़ियामी को छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस बिलासपुर, गुलशन मोड़ियाम को स्वर्गीय बलीराम कश्यप स्मृति शासकीय मेडिकल कॉलेज जगदलपुर और सिल्की नेताम को चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज दुर्ग में एमबीबीएस सीट आबंटित किया गया है। इस दौरान नीट व जेईई कोचिंग संस्थान के सहायक नोडल अधिकारी अशीष राम ने भी बच्चों के उक्त उपलब्धियों के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। बच्चों के चयन में प्राचार्य एम संतोषी सोनी सहित विषय विशेषज्ञ शिक्षक देव आशीष शर्मा, आदित्य शर्मा, नीतू गुरू, सोनम सिंग, जॉन सैमुएल, मुखतार कुरैशी और अन्य स्टॉफ का सक्रिय योगदान रहा।

समाचार संक्षेप

एनएसयूआई ने लाठीचार्ज के विरोध में एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा

सुकमा, 1 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ एनएसयूआई के निर्देश पर दुर्ग में हुए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज के विरोध में छत्तीसगढ के समस्त जिलों में जिले के एसपी को गुलाब देकर गेट वेल सून कार्ड दिया गया।

इस कड़ी में सुकमा जिला एनएसयूआई ने शनिवार को यह कार्यकर्म आयोजित किया गया जिसमे एनएसयूआई जिले के कार्यकर्ताओं ने सुकमा जिले के एसपी को गुलाब देने पहुंचे थे। तो वही पुलिस प्रशासन ने कार्यकर्ताओ को रोकने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। वही एनएसयूआई कार्यकर्ताओ एवं पुलिस बल के बीच काफी देर तक झुमझटकी हुई। इस दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओ ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। और राज्य सरकार पर तानाशाही रवैया अपनाया जाने का आरोप लगाया। जिसके बाद एनएसयूआई पद आधिकारी सुकमा एनएसयूआई के पद अधिकारियो ने सुकमा एडिशनल एसपी से मुलाकात किया। वही एनएसयूआई पद अधिकारियो ने दुर्ग में हुए लाठी चार्ज के विरोध में एसपी के नाम पर ज्ञापन दिया। जिसके बाद एनएसयूआई कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस कर्यालय पहुंच आगे की कार्यक्रम को लेकर सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी कोंटा विधायक कवासी से भेट मुलाकात कर आगे की तयारी पर चर्चा की। वही इस दौरान एनएसयूआई जिला अध्यक्ष कृष्ण ठाकुर, एनएसयूआई प्रदेश सचिव नामीर अली, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव सुनील यादव, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कोसा, शुभम, भीमसेन, सोहेत, रोहित, हर्ष यादव, प्रकाश, मासा कवासी, राहुल मंडल, रोहित, सौरव आदि शामिल हुए।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवश्यक दस्तावेज शत प्रतिशत जमा कराने कलेक्टर ने दिए निर्देश

सुकमा, 1 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर हरिस.एस के निर्देशन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता जैन ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में शुक्रवार को बैठक लेकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। सीईओ जिला पंचायत ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्थाई प्रतीक्षा सूची (पीडब्ल्यूएल) की समीक्षा कर, पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेजों को पात्र हितग्राहियों से दो दिवस के भीतर शत प्रतिशत जमा कर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में कोंटा एवम छिंदगढ़ ब्लॉक के जनपद सीईओ, सचिव, तकनीकी सहायक अद्यतन योजनांतर्गत कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन ने बताया कि जिले में स्थाई प्रतीक्षा सूची (पीडब्ल्यूएल) में कुल 8500 हितग्राही शेष है। जिन्हें आवास योजना के तहत लाभ दिया जाना है। आवश्यकदस्तावेज जमा करने हेतु कोंटा से 5243, छिंदगढ़ से 2967, सुकमा से 290 हितग्राही शामिल हे। जिन्हे आवास का लाभ दिया जाना है।

परिया, सिलगेर एवं बुरकापाल में सुविधा शिविर का ग्रामवासियों ने उठाया लाभ

सुकमा, 1 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर हरिस.एस के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत त्रमता जैन के कुशल मार्गदर्शन में आकांक्षी जिला सुकमा में संपूर्णता अभियान नीति आयोग के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आकाक्षी ब्लाक कोंटा में संपूर्णता अभियान के अंतर्गत नियाद नेलनार ग्राम पंचायत परिया, सिलगेर एवं बुरकापाल में सुविधा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को पहुंचाना था, जैसे स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों को मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मलेरिया की जांच, अन्य आवश्यक सहायता आधार अपडेट, राशन कार्ड, खाता खोलना, श्रमिक कार्ड, आयुष्मान कार्ड शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर कांकेर के दो खिलाड़ी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों राजधानी में हुए पुरस्कृत

उत्तर बस्तर कांकेर, 1 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य खेल अलंकरण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। राजधानी के पण्डित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में अलंकरण समारोह के आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों उत्तर बस्तर कांकेर के खो-खो खिलाड़ी एवं खेलो इंडिया के कोच राजकुमार कोरेटी को शहीद पंकज विक्रम सम्मान वर्ष 2021-22 एवं एथलेटिक्स खिलाड़ी पुनुराम प्रधान को शहीद विनोद चौबे सम्मान वर्ष 2022-23 पुरुस्कार से सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री साय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले पांच सालों में राज्य में खेल अलंकरण समारोह का आयोजन नहीं हुआ था। खिलाड़ियों की पीड़ा महसूस करते हुए समारोह को पुनः आयोजित करने का निर्णय लिया। इस वर्ष दो बार समारोह आयोजित किया गया। इसी प्रकार राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर वर्ष 2021-22 तथा वर्ष 2022-23 के खिलाड़ियों को राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया गया, साथ ही राष्ट्रीय चैम्पियनशिप वर्ष 2021-22 तथा वर्ष 2022-23 के विजेता खिलाड़ियों का भी सम्मान हुआ। जिले के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी।

एक नजर

ईडब्ल्यूआर समायोजन के लिए कार्यशाला 2 को

उत्तर बस्तर/कांकेर, 1 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुरानी पेंशन योजना लागू होने के फलस्वरूप मृत्यु या अशक्तता के प्रकरणों में पेंशन प्रकरण तैयार करने हेतु ईडब्ल्यूआर समायोजन हेतु जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 02 सितंबर 2024 को दोपहर 12 बजे कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यशाला में समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि संबंधित शाखा प्रभारी लंबित प्रकरणों सहित निर्धारित समय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

छजकां जिला अध्यक्ष ने आंध्रा सेंट्रल जेल में पत्रकारों से की मुलाकात

सुकमा, 1 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सुकमा जिला मुख्यालय से

लगभग ढाई सौ किमी की दूरी पर स्थित आंध्रा प्रदेश के सेंट्रल जेल राजमुंद्री 30 अगस्त को पहुंच कर हॉल - चाल जाना, जनता कांग्रेस पार्टी के पूर्व एवं वर्तमान अध्यक्ष। वहीं पत्रकारों के खिलाफसाजिश विषय के सन्दर्भ में गठित पार्टी के जांच दो दलिए सदस्य व युवा नेता जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के सुकमा जिला अध्यक्ष पी प्रसाद राजू, पार्टी के पुर्व अध्यक्ष के सुब्बाराव ने साथियों के साथ उक्त गांजा तस्करी में फंसाये प्रभावित पत्रकार धर्मेंद्र सिंह, मनीष सिंह सुकमा और दंतेवाड़ा के दक्षिण बस्तर पत्रकार संघ अध्यक्ष बप्पी राय सहित बचेली के निशु त्रिवेदी से राजमहेन्द्री सेंट्रल जेल में मुलाकात की और हॉल चाल जाना। चारों को हौसला देते हुए कहा कि हम सब आप लोगों के साथ है आप जल्दी ही रिहा किये जायेंगे। हमारी पार्टी के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद को भी इस संडयंत्र कर आप चार पत्रकारों को जेल भेजे हैं शासन प्रशासन से मांग करेंगे।

जल शक्ति के थीम पर जिले में जल संरक्षण किया जा रहा

सुकमा, 1 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर हरिस एस. के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन के कुशल मार्गदर्शन में सुकमा जिले में जल संरक्षण एवं जल संचयन हेतु जागरूकता कार्य किया जा रहा है। जल शक्ति अभियान से संबंधित विभागों द्वारा जल संरक्षण एवं जल संचयन हेतु नारी शक्ति से जल शक्ति के थीम पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिससे वर्षा के जल को अधिक से अधिक संरक्षित किया जा सके। इस अभियान के तहत महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित की जानी है, जिससे जल संरक्षण का संदेश जन-जन को पहुँच सके। इसी परिप्रेक्ष्य में केरलापाल सहित विभिन्न पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कलेक्टर की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न

सर्वांगीण विकास, बच्चों की शिक्षा व पोषण हो प्राथमिकता : कश्यप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 1 सितम्बर। कलेक्टर हरिस एस.ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं सेवाओं और कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि महिला बाल विकास विभाग का दायित्व जवाबदेही पूर्वक निर्वहन करें। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सूरज कश्यप, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजूला शर्मा, सीडीपीओ, सुपरवाइजर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने महतारी वंदन योजना की समीक्षा कर प्राप्त राशि सुनिश्चित करने एवं योजना से लाभान्वित करने को कहा। साथ ही आधार अपडेशन, बैंक एकाउंट जैसे लंबित प्रकरण को कार्योजना बनाकर दो सप्ताह के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। ऐसी माताएं जिनकी बेटी है और उनकी उम्र 10 वर्ष से कम है उन्हें सुकन्या समृद्धि से जोड़ने के लिए महिलाओं को प्रोत्साहित करने कहा ताकि उनके परिवार की आर्थिक संबलता हो। आंगनबाड़ी की नियमित मॉनीटरिंग के लिये उपस्थित उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कहा कि आंगनवाड़ी में बच्चों की सर्वांगीण विकास के साथ ही बच्चों की शिक्षा व पोषण प्राथमिकता पर जोर दे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, पोषण पुनर्वास केन्द्र, नोनी सुरक्षा योजना जैसे योजनाओं का लाभ सभी पात्र महिलाओं व हितग्राहियों को देना सुनिश्चित करें।

उन्होंने उपस्थित सुपरवाइजरों से कहा कि पोषण ट्रैकर ऐप में डेटा प्रविष्टि में गलतियां ना करें। सही जानकारी प्रविष्टि करें एवं रेडी टू ईट की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता के साथ समय पर वितरण करना और वितरण की एंट्री नियमित रूप से एप्टी करने के निर्देश दिए। साथ ही चिपुरपाल, कुंदनपाल और मिचवार के सुपरवाइजर को गंभीरता से कार्य करने को कहा। उन्होंने सेक्टर सुपरवाइजर को क्षेत्र में सतत भ्रमण कर अपने कार्यो को जिम्मेदारी पूर्वक करने को कहा। समीक्षा के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका के पदों पर भर्ती प्रक्रिया की परियोजना वार जानकारी ली और भर्ती प्रक्रिया समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले की कुपोषण दर को कम करने पर जोर देने के साथ ही, जिले में संचालित सभी एनआरसी का लाभ लेने के लिए प्रेरित करने को कहा। बैठक में बच्चों में वृद्धि मापन, मोबाईल वेरीफिकेशन, कुपोषण, इमेज कैप्चर, बच्चों को गर्म पका भोजन, पूरक पोषण आहार कार्यक्रम से संबंधित महिला स्व सहायता समूह को किये जाने वाले भुगतान और सक्षम आगनवाड़ी केंद्र की अद्यतन जानकारी पर विस्तृत चर्चा की गई।

नजरी नक्शा से छात्राओं ने अपने लिए की सुरक्षित-असुरक्षित स्थानों की पहचान

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 1 सितम्बर। बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत आज शनिवार को बस्ता रहित दिवस (बेग लेस डे) के अवसर पर कलेक्टर हरिस एस के निर्देशन एवम् मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जिला सुकमा नम्रता जैन के मार्गदर्शन में पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय कोंटा में स्कूलों एवं समुदायों के भीतर सुरक्षित और असुरक्षित क्षेत्रों की पहचान करने संबंधी गतिविधि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

उक्त कार्यक्रम के तहत स्कूलों व समुदायों के भीतर सुरक्षित और असुरक्षित क्षेत्रों का गतिविधि-मानचित्रण के द्वारा छात्राओं ने अपने समुदायों व गांवों में उन क्षेत्रों की पहचान किया जिसे वह असुरक्षित मानते है।

इस प्रक्रिया के माध्यम से बच्चों को सुरक्षा के बारे में समझ विकसित करना और बच्चों की प्रतिक्रियाओं के माध्यम से उनकी सुरक्षा के लिए उचित दिशा निर्देश की पहचान करना है। शिक्षकों के द्वारा बच्चों के साथ इस बात पर भी चर्चा किया गया की कि वे किसी स्थान को असुरक्षित या सुरक्षित क्यों समझते है। और सुरक्षित रहने के लिए क्या कर सकते है। छात्राओं ने इस विषय पर अपनी अभिव्यक्ति जाहिर किया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में प्रधान अध्यापक टी श्रीनिवास राव का विशेष सहयोग रहा।

पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए दो दिवसीय कार्यशाला में मिला प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 1 सितम्बर। संचालक संचालनालय कोष-लेखा एवं पेंशन के निर्देशानुसार 29 एवं 30 अगस्त को बस्तर जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को पुरानी पेंशन लागू होने के फलस्वरूप सेवानिवृत्ति सहित मृत्यु एवं अशक्तता के पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के स्थापना शाखा के वरिष्ठ कर्मचारियों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला के दौरान ईडब्ल्यूआर समायोजन, पेंशन के लंबित प्रकरण निराकरण, ईआरएम से लंबित प्रकरण का निराकरण, ओपीएस के तहत सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लंबित प्रकरण के निराकरण हेतु विस्तारपूर्वक जानकारी संयुक्त संचालक कोष-लेखा एवं पेंशन कमलेश रायस्त, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी संजय सोनवानी उपसंचालक कोष-लेखा एवं पेंशन भारती कोर्राम एवं सहायक संचालक सरिता तारिनी देवांगन के द्वारा प्रदान किया गया। कार्यशाला में सहायक कोषालय अधिकारी नरेन्द्र नाग, ममता ध्रुव और कोष-लेखा एवं पेंशन कार्यालय तथा जिला कोषालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

स्कूल के शिक्षकों व छात्रों को बाढ़ ,भूकम्प, सड़क, वज्रपात सुरक्षा तथा सर्पदंश प्रबंधन की जानकारी दी

एनडीआरएफ की टीम ने बच्चों को सिखाए आपदा प्रबंधन के गुर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 1 सितम्बर। कलेक्टर हरिस. एस के निर्देशन में पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोंटा में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, मुंडाली, कटक ओड़िशा के डिप्टी कमांडेंट पवन जोशी के मार्गदर्शन में छात्रों तथा शिक्षकों को स्कूल सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत आपदा प्रबंधन के पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर एस डी एम कोंटा शदाब खान, एन डी आर एफके डिप्टी कमांडेंट पवन जोश, प्राचार्य बी एल औरसा, प्रधान अध्यापक टी श्रीनिवास राव, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्तिथ थे।

एनडीआरएफ टीम ने प्रशिक्षण के दौरान स्कूल के शिक्षकों व छात्रों को बाढ़ व भूकम्प सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, वज्रपात सुरक्षा तथा सर्पदंश प्रबंधन के बारे में जानकारियां दी। इसके बाद बच्चों को अस्पताल-पूर्व चिकित्सा के बारे में डेमोस्ट्रेशन के माध्यम से बताया गया एवं इसका अभ्यास भी करवाया गया। बच्चों को घरो में उपलब्ध सामानों की मदद से बाढ़ के दौरान बचाव के लिए राफ्ट बनाने के तरीके तथा इसे इस्तेमाल करने की विधि के बारे में भी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर उपस्तिथ एस डी एम कोंटा शदाब खान ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा की प्रत्येक विद्यालय में आपदा प्रबंधन योजना तैयार करने की जरूरत है। आपदा प्रबंधन हेतु विद्यार्थीयों एवं शिक्षकों को सक्षम बनाने से आपात स्थिति में वह कारगर तरीके से किसी भी परिस्थिति का मुकाबला कर सकेंगे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डिप्टी कमांडेंट पवन जोशी ने कहा की आपदा प्रबंधन न्यूनीकरण हेतु एनडीआरएफ के द्वारा स्कूली विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आपदा प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण दिये जाने से विद्यालय स्तर पर उत्पन्न किसी भी समस्या से वह स्वयं समाधान करने में काफी हद तक सफ्त हो सकेंगे। आपदा में स्कूलों में कोई जान माल का नुकसान नही होगा।

उल्लेखनीय है कि कमांडेण्ट कार्यालय राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, गृह मंत्रालय तृतीय वाहिनी एनडीआरएफ मुण्डली कटक (ओड़िसा) के द्वारा विभिन्न सरकारी स्कूलों, समुदायों, ब्लॉक एवं पंचायत कार्यालयों में (फेमेक्स) सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम जिले में आयोजित किया जा रहा है।

एक नजर

यात्री बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

बीजापुर 1 सितंबर। आज प्रातः यात्री बस की ठोकर से एक ग्रामीण युवक की मौके पर ही मौत हो गई है प्राप्त जानकारी के अनुसार बीजापुर से निकली

बस जैसे ही नैमेड चौक पर पहुंची उसी दौरान राम लाल सकनी नामक युवक अपनी बाईक से अपने गांव की ओर पेदाकोडेपाल जा रहा था कि सामने से आ रही बस की चपेट मे आ गया उसे तत्काल गंभीर सिथति को देखते अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सक उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और जांच मे जुटी है।

राष्ट्रीय कराते चैम्पियनशिप में आदित्य ठाकुर दूसरे स्थान पर रहे

बीजापुर 1 सितंबर। बीबी कप ओपन कराते चैम्पियनशिप 2024 जो 9 अगस्त से 11 अगस्त तक

केरल के तिरूवनंतपुरम जिले में जिमी जार्ज इंडोर स्टेडियम में आयोजित की गयी थी जिसमें बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी के कराते खिलाड़ी आदित्य, ठाकुर ने जो जैतालूर का रहवासी है तथा आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम बीजापुर में 8वीं कक्षा में पढ़ाई करता है खिलाड़ी ने प्रतियोगिता में 14 वर्ष अंडर 60 किग्रा में कुमिते इवेंट में दूसरा स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर अपने जिले का नाम रोशन किया पहले भी इस खिलाड़ी का स्कूली गेम्स में राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली के लिए चयन हुआ था। आदित्य ठाकुर ने बताया कि अब उसे कराते में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने से डर नहीं लगता खिलाड़ी का इस प्रतियोगिता में भाग लेने से उसका आत्मविश्वास में बढ़ा, जिले के कलेक्टर व खेल प्रभारी ने आदित्य ठाकुर के उज्जवल भविष्य की कामना की। खिलाड़ी के साथ बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी की राष्ट्रीय प्रशिक्षक माला ठाकुर साथ में थे।

पोला पर्व के नजदीक आते ही बाजार गुलजार

शासन से उचित सहयोग मिले तो वह इस पुश्तैनी कला को आगे ले जा सकते हैं: कुम्हार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कुरूद 1 सितंबर। छत्तीसगढ़ का प्रथम पोला त्यौहार पर्व के नजदीक आते ही मिट्टी के कलाकारों कुम्हारों द्वारा एक सप्ताह पूर्व कुरूद नगर के बाजार में मिट्टी के नदिया बैला, पोरा, चुकी, जाता , दिया, के अलावा ही गुल्लक, करसा , कलोरी, लाल हांडी ,कलश, आदि सामानों के साथ जगह-जगह बाजार में बिक्री के लिए सज गया है। आज के बदलते दौर में भी मिट्टी के कलाकार कुम्हार लोग अपने पुश्तैनी व्यवसाय को संभाले हुए हैं। उन्हें इस कार्य में पहले जैसा मुनाफा तो नहीं रहा। लेकिन फिर भी वह अपने पूर्वजों की कला को सहेजे हुए हैं ,उनका कहना है यदि शासन से उचित सहयोग मिले तो वह इस पुश्तैनी कला को आगे ले जा सकते हैं। कुम्हार की हस्तकला ही उनके रोजगार का साधन होता है। कुम्हार अपने हाथों से मिट्टी की वस्तुएं बनाते हैं वर्तमान में में कुम्हार की स्थिति बहुत ही दयनी है। संतु कुम्हार प्रथम परखदा निवासी का कहना है पहले जैसा अभी के समय में लोग मिट्टी के

समान उपयोग करना बंद कर दिए हैं। पहले के समय में सभी लोग मिट्टी के घड़ा, मिट्टी के बने वस्तुएं खाना बनाने में भी अधिक उपयोग करते थे। लेकिन अब वर्तमान समय में स्टील तांबा पीतल जर्मन के बने सामान अधिक उपयोग करते हैं इस कारण हमारे धंधा बंद होने के कगार पर है। नंदलाल पांडे ,ग्राम परखदा परव परव में बच्चों का खिलौना , नवरात्र में कलश , दिया, गर्मी में लाल घड़ा ,बनाने के अलावा उनके पास कोई दूसरा रोजगार नहीं है कृषि के लिए भी पर्याप्त भूमि नहीं है। महेश पांडे,पंकज पांडे, मुकेश पांडे,ने चर्चा में कहा मिट्टी के सामान बनाते हैं नदिया बैला ,दिया, कलश, करसा, कलोरी, बच्चों का खिलौना बनाते हैं समय-समय पर बिकता है मेहनत के हिसाब से उतना ज्यादा मूल्य नहीं मिलता जितना मेहनत लगता है। लेने वाले व्यक्ति लेते समय मोलभाव कर कम करवा ही लेता है। गुपेश पांडे मिट्टी के वस्तुएं बनाने के अलावा इनके पास कोई दूसरा रोजगार नहीं है पर्व में मिट्टी का सामान बनाकर बेजते हैं बाजार भी उतना नहीं है। शासन से सहयोग मिल जाता तो आगे धंधा को बढ़ा सकते हैं।

श्रमिकों के पंजीयन और योजनाओं के आवेदन के लिए मोबाइल कैंप का आयोजन

महासमुंद 1 सितंबर। छत्तीसगढ़ शासन के निदेशानुसार एवं कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के पंजीयन नवीनीकरण और योजनाओं के आवेदन एवं निराकरण के लिए मोबाइल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी श्री देवेंद्र नाथ पात्र ने बताया कि इन कैंपों का आयोजन विकासखंडवार अलग अलग तिथियों पर किया जाएगा। पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर एवं असंगठित कर्मकार के पंजीयन हेतु आधार कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर एवं आय प्रमाण पत्र साथ लाए। इस संबंध मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सरपंच एवं सचिव को निर्देशित किया गया है कि वे ग्राम पंचायतों में मुनादी कराएं, ताकि सभी श्रमिकों को इस कैंप की जानकारी दी जा सके। मोबाइल कैंप का आयोजन सरायपाली विकासखण्ड में 03 सितंबर को ग्राम रवसा में, 06 सितंबर को जोगनीपाली और 25 अक्टूबर को तोरेसिंहा में किया जाएगा। इसी प्रकार पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत 10 सितंबर को टेका, 13 सितंबर को लक्ष्मीपुर एवं 21 अक्टूबर को चंगोरा में, बसना विकासखण्ड अंतर्गत 18 सितंबर को भूकेल, 20 सितंबर को बंसुला एवं 18 अक्टूबर को अरेकेल में कैंप का आयोजन किया जाएगा।

विस्फोटक सहित 4 मिलिशिया सदस्य गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 1 सितंबर। जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 30/08/2024 को थाना बीजापुर एवं डीआरजी का संयुक्त बल बण्डागुड़ा- गोरना की ओर एरिया डॉमिनेशन पर निकली हुई थी। अभियान के दौरान रास्ते में 04 संदिग्ध व्यक्ति मिले जो पुलिस पार्टी को देखकर लुक-छिप रहे थे । पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर संदिग्धों को पकड़ा गया एवं पूछताछ करने पर अपना नाम सुक्कू ऊर्फ मेटटा कुरसम(मनकेली आरपीसी सीएनएम कमाण्डर) पिता स्व0 विज्जा उम्र 25 वर्ष निवासी मनकेली सरपंच पारा थाना बीजापुर बच्चू कुरसम(संघम सदस्य) पिता पौरैया उम्र 19 वर्ष निवासी कोकरा बोरिंगपारा थाना बीजापुर सुदरू हेमला (आरपीसी मनकेली जनताना सरकार सदस्य/जंगल शाखा सदस्य) पिता स्व0 सन्नू हेमला उम्र 25 वर्ष निवासी कोकरा बोरिंगपारा थाना बीजापुर राकेश कुरसम (छ्यरू सदस्य) पिता स्व0 सुक्कू कुरसम उम्र 19 वर्ष निवासी मनकेली सरपंच पारा थाना बीजापुर पकड़े गये माओवादियों के कब्जे से विस्फोटक, टिफिन बम, सेफ्टी फ्यूज, डेटोनेटर बरामद किया गया । पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना बीजापुर में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की सुसंगत धाराओं में वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है। थाना बीजापुर एवं केरिपु 85 वाहिनी केरिपु की संयुक्त कार्यवाही में ग्राम भोसागुड़ा के जंगल से मिलिशिया सदस्य मोड़ियम आयतू ऊर्फ रोटेल पिता गुटटा उम्र 40 वर्ष निवासी गायतापारा पदेड़ा थाना बीजापुर को पकड़ा गया जिसके विरूद्ध थाना बीजापुर में हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, आगजनी, बलवा, पुलिस पार्टी पर फायरिंग एवं ढ्ढश्वष्ठ ब्लास्ट करने की घटना में शामिल होने का मामला पूर्व से दर्ज है। उक्त माओवादी के विरूद्ध थाना बीजापुर में 14 स्थाई वांरट लंबित है।

परिजनों से मारपीट कर गांव से बेदखल करने की घटना में शामिल माओवादी मिलिशिया कमाण्डर गिरफ्तार

बीजापुर 1 सितंबर। थाना जांगला क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 23/08/2024 को माओवादियों के द्वारा जन अदालत लगाकर ग्राम पोटेनार निवासी ग्रामीण सन्नू माड़वी एवं उनके परिजनों से मारपीट कर गांव से बेदखल कर गांव छोड़ने का फरमान जारी किया गया, जिसकी सूचना पर थाना जांगला में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । प्रकरण में विवेचना के दौरान घटना के नामजद माओवादी आरोपियों की पता तलाश में डीआरजी बीजापुर एवं थाना जांगला की संयुक्त टीम ग्राम गोंगला, पोटेनार, छोटेतुंगाली की ओर आरोपियों की धर पकड़ हेतु निकली थी। संयुक्त टीम द्वारा पोटेनार से घेराबंदी कर घटना में शामिल मिलिशिया कमाण्डर सोमारू माड़वी पिता सोमलू उम्र 25 वर्ष निवासी पोटेनार ईचवाड़ा पारा थाना जांगला जिला बीजापुर को पकड़ा गया । पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना जांगला में विधिक कार्यवाही पूर्ण करने उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय दंतेवाड़ा में पेश किया गया है।

समाचार संक्षेप

सेमलडोडी गांव में आंधी और बारिश से कई मकानों को क्षति, एक ग्रामीण घायल

बीजापुर 1 सितंबर। उसूर क्षेत्र के सेमलडोडी गांव मे बीती शाम अचानक आई आंधी तूफान और बारिश से गांव मे अफरातफरी का माहौल रहा आंधी तूफान से कच्चे मकानों को काफी छति पहुंची है क ई ग्रामीण घायल भी बताये जा रहे है .. शनिवार की शाम अचानक आई आंधी तूफान और तेज बारिश से गांव के क ई कच्चे मकान छतिग्रस्त हुए है तो क ई ग्रामीण घायल भी हुए है बताया गया है कि शनिवार शाम अचानक तेज हवा के साथ बारिश हुई जिससे गांव के क ई कच्चे मकान पेड इतयादि के गिरने से छतिग्रस्त हुए हैं क ई ग्रामीणो को सिर हाथ पैर मे चोट पहुंची है घटना की सूचना पटवारी को दी गई है जांच के बाद ही छति का वास्तविक आकलंन हो सकेगा।

जिला फुटबॉल संघ का हुआ पुनर्गठन

बीजापुर 1 सितंबर। शनिवार 31-08-2024 को जिला फुटबॉल संघ द्वारा बीजापुर संघ का पुनर्गठन किया गया जिसमें जितेंद्र हेमला को अध्यक्ष और दामोदर यालम को उपाध्यक्ष बनाया गया है वही सचिव पद फ्रांसिस तिर्की, सहसचिव अजीत यालम, संतोष गाली, कोषाध्यक्ष- महेश सोडी, और संघ के कार्यकारणी सदस्य- गजेंद्र यालम, सागर यालम, अनिल यालम, रोशन नागेश, किरण सोम, सचिन सिंह, मुन्ना कुरसम, सोनू मिच्चा, नीरज टोप्पो, नरेंद्र मट्टी, अनुज तिर्की, प्रशांत कुमार आदि होंगे। जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष जितेंद्र हेमला ने बताया कि बीजापुर, भोपाल पटनम, उसूर और भैरमगढ़ ब्लॉकों से छ- (6) अलग अलग क्लबों का गठन किया जाएगा जिनके अपने नाम होंगे, क्लबों के गठन के बाद अक्टूबर माह में जिला स्तरीय फुटबॉल लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिससे की फुटबॉल में रुचि रखने वाले ग्रामीण युवाओं को फुटबॉल खेलने का अवसर मिलने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को प्रदेश स्तरीय और राष्ट्रीय स्तरीय आयोजित होने वाले विभिन्न प्रकार के फुटबॉल प्रतियोगिताओं में भाग लेने का सुनहरा मौक़ा मिलेगा।

कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रक्षेत्र में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए गए पौधे

बीजापुर 1 सितंबर। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 5 जून, 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वैश्विक अभियान एक पेड़ माँ के नाम का शुभारंभ किया। वैश्विक अभियान के भाग के रूप में, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने जानकारी दी कि सितंबर, 2024 तक देश भर में 80 करोड़ पौधे लगाने और मार्च, 2025 तक 140 करोड़ पौधे लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। एक पेड़ माँ के नाम अभियान एक जन आंदोलन है और लोग पेड़ लगाकर अपनी माँ और धरती माँ के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए इसमें भाग ले रहे हैं। पेड़ लगाने से सरकार द्वारा शुरू किए गए मिशन लाइफ जो पर्यावरण के प्रति जागरुक जीवनशैली का एक जन आंदोलन है, के उ?देश्य की पूर्ति भी होती है। कृषि में, पेड़ लगाना टिकाऊ खेती को प्राप्त करने के लक्ष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। पेड़ मिट्टी, पानी की गुणवता में सुधार करके और जैव विविधता को बढ़ाकर कृषि उत्पादकता में सुधार करने में मदद करते हैं। पेड़ किसानों को लकड़ी और गैर-लकड़ी उत्पादों से अतिरिक्त आय का स्रोत भी प्रदान करते हैं। इस अभियान में भूमि क्षरण और मरुस्थलीकरण को रोकने और भूमि को हरा-भरा करने की अपार क्षमता है। उक्त अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र, बीजापुर के द्वारा केन्द्र के प्रक्षेत्र में 50 पौधों का वृक्षारोपण किया गया एवं विभिन्न स्व सहायता समूहों के महिलाओं को भी पौधों का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में केन्द्र के प्रमुख श्री अरूण कुमार सकनी, वैज्ञानिक श्री बी.के. ठाकुर, श्री अरविन्द कुमार आयम, डॉ. दिनेश कुमार मरापी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

नशामुक्त भारत एवं रोड सेफ्टी के लिए छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 1 सितंबर। कलेक्टर के निर्देशानुसार सेंट थॉमस स्कूल बीजापुर में नशामुक्त भारत हृस्क्ष एवं रोड सेफ्टी हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने नशा के बारे में जाना सुना तथा नशा से होने वाले बीमारी के बारे में जाना नशा से हम कैसे बच सकते हैं, नशा पुर्नवास केन्द्र राज्य में कौन-कौन से जिले में स्थापित है। इसके बारे में जाने नशा नाश का जड़ है। अधिकांश अपराध नशे के कारण घटित होता है तथा छोटे-छोटे बच्चे भी नशा के दौरान अपराधिक घटना कर जाता है। इसके बचाव कैसे करें पढ़ाई में ध्यान देने खाली समय में गीत संगीत व अन्य आऊटडोर इंनडोर खेल के माध्यम से अपने लक्ष्यों को पूर्ति करें। माननीय प्रधानमंत्री की परिकल्पना है कि नशामुक्त भारत अभियान के परिकल्पना को साकार करने हेतु युवा पीढ़ी को आगे आने की आवश्यकता हैं इसके बारे में विस्तृत जानकारी कमलेश कुमार पटेल उप संचालक समाज कल्याण द्वारा दिया गया। रोड सेफ्टी के बारे में विस्तृत जानकारी श्री

अवध राव सिन्हा याता यात पुलिस द्वारा दिया गया। उनके द्वारा बताया गया कि कैसे यातायात का पालन कर रोड दुर्घटना से अपने आप एवं दूसरे के जिंदगी को बचा सकते हैं। उप निरीक्षक पूनम शर्मा द्वारा सभी बच्चों को कैसे हम गुडटच-बेडटच को आभास कर सकते हैं यदि इन प्रकार के आभास होने पर अपने गुरुजनों एवं माता-पिता को बताने के लिए समझाइस दी गई। रीत भारद्वाज महिला बाल विकास द्वारा चाइल्ड लाइन टोल फ्री नम्बर के प्रचार-प्रसार पर विस्तृत जानकारी प्रदाय किया गया। उक्त कार्यक्रम में सेंट थॉमस स्कूल के मैनेजर सेबानशन (फादर) प्राचार्य अन्य शिक्षकगण, समाज कल्याण के उपसंचालक कमलेश कुमार पटेल उप निरीक्षक पूनम शर्मा यातायात पुलिस अवध सिन्हा, रीना भारद्वाज महिला बाल विकास के उपस्थित में सम्पन्न हुआ अंत में संकल्प एवं शपथ दिलाया गया।

अनाथ बच्चों को पिता के नाम पर स्वीकृत पीएम आवास मिला

बीजापुर 1 सितंबर। जिले के अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना अपने बेघरों और बेसहारा को आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य को प्राप्त कर रहा है। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं चूंकि उसूर जनपद के एंगपल्ली ग्राम पंचायत से एक मार्मिक कहानी निकलकर सामने आ रही है। जहां 4 अनाथ और नाबालिक भाई बहनों को अंततः उनके स्वर्गीय पिता के नाम से स्वीकृत पी एम आवास की पक्की छत का आसरा मिल गया। जिला सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार के निर्देश के बाद ग्राम पंचायत सचिव बी बिच्चेम ने अपनी निगरानी और जिम्मेदारी में बनवाया आवास। शनिवार को गृह प्रवेश के अवसर पर शामिल होते हुए श्री नंदनवार ने बच्चों के हाथों फीता कटवा कर प्रतीकात्मक रूप से आवास की चाबी सौंपी साथ ही चारो बच्चों क्रमश गीता, रंजीता, आसनी और अनिरुद्ध को उपहार में नए कपड़े भी दिए। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों के सामने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने एवं बेहतर कार्य करने के लिए ग्राम पंचायत सचिव की पीठथपथपाई । सचिव बी बिच्चेम ने बताया कि हितग्राही स्व श्री शिवराम मट्टी की मृत्यु आवास स्वीकृति के 3 माह बाद हो गई थी , वहीं उनकी पत्नी की मृत्यु पूर्व में ही हो चुकी थी। चारों बच्चे के सर से कम उम्र में अपने मां बाप का सहारा खो गया था। वर्तमान में यह अपने चाचा के पास ही रहते हैं। जब यह बात जिला सीईओ सर को पता लगी तो उन्होंने आवास बनवाने मुझे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने प्रोत्साहित करने के साथ निर्देशित किया। अब आवास बनकर तैयार है मुझे भी आज यह काम कर बहुत खुशी मिली कि मैं किसी जरूरतमंद के काम आ पाया।

नेशनल सब-जूनियर गर्ल्स फुटबॉल चैंपियनशिप के लिये छत्तीसगढ़ की टीम 31 अगस्त को पश्चिम बंगाल रवाना होगी

बीजापुर 1 सितंबर। एनटीपीसी कोरबा में 12 अगस्त से 30 अगस्त 2024 तक सब-जूनियर गर्ल्स टीम का कैम्प लगाया गया जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के अठ्ठाईस खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें बीजापुर के तीन खिलाड़ी भी शामिल थे। कैम्प के पश्चात अठ्ठाईस खिलाड़ियों में से बाईस खिलाड़ियों का चयन स्किल के आधार पर नेशनल टीम के लिये किया गया, जिसमें बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी के तीनों खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ टीम के लिये हुआ जिसमें नमिता तेलम, सेवंती ओयम और अलपा कोरम है। बंगाल में छत्तीसगढ़ की टीम तीन मैच खेलेगी छत्तीसगढ़ का पहला मैच आसाम से दूसरा मैच दिल्ली से एवं तीसरा मैच पश्चिम बंगाल से खेलेगी।

मरीजों से अच्छा व्यवहार कर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराएं:भानू चंद्राकर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कुरूद 1 सितंबर। विगत दिनों सिविल अस्पताल कुरूद में अस्पताल प्रबंधन की लापहरवाही से घटित एक हृदय विदारक घटना में 4 बच्चों कि माता जो महज 34 वर्ष की थी जिसकी मृत्यु हो गई जिससे उनके परिजन आहत है और बच्चों के सिर से माँ का सायं उठ गया जिसकी जवाबदेही स्वास्थ्य विभाग कुरूद तय नही कर पाई है । लगातार कुछ न कुछ घटनाओं से हमेशा सुर्खियों में बना रहता है जिसमे अधिकतर अस्पताल प्रशासन के कार्य में लापरवाही के वजह से घटित होती रही है ।

अस्पताल सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार सिविल अस्पताल कुरूद में जो कर्मचारी जिम्मेदारी पूर्वक अपना कार्य का निर्वहन करते है ऐसे कर्मचारी से ही कार्य के लिये दबाव डाला जाता है जो काम नहीं कर रहे वे अपने मन माफिक अपनी ड्यूटी अदा कर रहे और ऐसे कर्मचारियों का वेतन आसानी से आहरण हो रहा सिविल अस्पताल में भी अधिकारी के लिये चाटूकारिता, जी हुजूरी करने और पैर छूने वालो का बोलबाला है। सूत्र आगे बताते है कि इस अस्पताल में जातिवाद के चलते एक जाति वर्ग के कर्मचारियों के लिये ड्यूटी करने न करने के लिये खुली छूट है । इस तरह जातिगत भेदभाव शासकीय कार्यलय के लिये उचित प्रतित नहीं होता अधिकारी के लिये सभी कर्मचारियों के लिये समान भाव रखना होता है इस परंपरा को समाप्त करना सही होगा क्योंकि सभी अधिकारी कर्मचारी शासकीय कार्य के लिए सरकार से वेतन लेते है । अधिकारी कर्मचारियों का दायित्व है कि अपनी जिम्मेदारियो का निर्वाहन सही तरीके से कर आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए और उपचार करे ।

साथ ही अधिकारी को चाहिए कि वे जातिगत

भेदभाव या एक जाति के कर्मचारियों को छूट देकर उनकी गलतियों को अनदेखा कर बचाव न करते हुऐ उनके ऊपर भी नियमानुसार कार्यवाही किया जाना चाहिए। आयुष्मान कार्ड प्रोत्साहन राशि के नाम पर अनाप शनाप तरीके से भी कोई मरीज को भर्ती नहीं करना चाहिए जरूरतमंद मरीजों को हि उपचार के लिए भर्ती रखना चाहिये साथ ही बीएमओ को चाहिए कि शासकीय कर्मचारियों से अपने घर का निजी कार्य करवाने से बचना चाहिए इसी क्रम में सिविल अस्पताल कुरूद में कृपा प्राप्त दो नेत्र सहायक पदस्थ है । जिसमे एक का मूल पदस्थापना सिर्री है जो कुरूद के नेत्र सहायक के स्थान पर है और कुरूद में जिनका पदस्थापना है उसको सिर्री में पदस्थ कर रखें है साथ ही एक और अतिरिक्त नेत्र सहायक यहाँ कार्य कर रहे जबकि किसी एक को जिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में वर्तमान रिक्त है वहां पदस्थ करना चाहिए ताकि दोनों अपनी कार्यों का निर्वहन अपने अपने पदस्थापना स्थल पर रहकर जिम्मेदारी पूर्वक कर सके । घटित घटना को लेकर प्रभारी बीएमओ डॉ उमाशंकर नवरत्न द्वारा बताया गया कि आज सभी डॉक्टरो और अन्य स्टॉफ का बैठक रखकर सूचित किया गया की घटना से आमजनों में अस्पताल प्रशासन उपचार और स्टॉफ के व्यवहार को लेकर आक्रोश व्याप्त है सभी निर्धारित समय तक अपने कार्य में उपस्थित रहकर जिम्मेदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और मरीजों से सौहार्दपूर्ण छत व्यवहार करने हेतु समझाईश दिये जाने और इस प्रकार के गलतियों कि पुनरावृत्ति से बचने का निर्देश दिया । क्या कहते है नगर पंचायत कुरूद प्रतिपक्ष के नेता भानु चंद्राकर का कहना है कि लगातार सिविल अस्पताल कुरूद में इस प्रकार की घटना घटित हो रही है जिससे आमजनों से शासकीय अस्पताल में ईलाज करवाने से भरोसा उठते जा रहा इसलिए अस्पताल प्रबंधन को चाहिए कि मरीजों के बेहतर उपचार के लिये सभी चिकित्सक और स्टॉफ एक दूसरे का टांग न खींचते हुए आपसी तालमेल बनाकर बेहतर कार्य करे ताकि जनता के बीच शासकीय अस्पताल के प्रति भरोसा बरकरार रहे और जनता के आक्रोश का सामना न करना पड़े ।

एक नजर

स्वस्थ लईका कार्यक्रम पर की गई विस्तृत चर्चा

बलौदाबाजार, 1 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में कुपोषण के स्तर में कमी लाने के लिए एम्स रायपुर यूनिसेफके तकनीकी सहयोग से महिला एवं बाल विकास विभाग अति गंभीर कुपोषित एवं मध्यम् कुपोषित बच्चों का समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन (सी मैम) ''स्वस्थ लईका कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में आज जिला पोषण समिति की बैठह सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कलेक्टर सोनी ने बच्चों की वृद्धि निगरानी पर विशेष ध्यान दिए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया साथ ही समुदाय में व्यवहार परिवर्तन हेतु विशेष प्रयास करने पर जोर देने की बात कही.उक्त बैठक में 0-5 वर्ष तक के गंभीर/मध्यम् कुपोषित बच्चे जिसमें किसी प्रकार का चिकित्सा जटिलता न हो का समुदाय पर प्रबंधन करने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। उक्त बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्रेन्द्र जाटवर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी आदित्य शर्मा, यूनीसेफ पोषण अधिकारी एम्स रायपुर डॉ. महेन्द्र प्रजापति पोषण सलाहकार, सुश्री रीमा मालाकार, जिला पोषण समन्वयक एम्स रायपुर रूपेश चक्रधारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सृष्टि शर्मा सहित समस्त परियोजना अधिकारी एवं समस्त पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए पूर्व जारी विज्ञापन निरस्त

बलौदाबाजार, 1 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। संयुक्त जिला कार्यालय विज्ञापन कमांक/581/वि.लि./2023 दिनांक 30 मई 2023 अनुसार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा राजस्व विभाग अंतर्गत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु जारी विज्ञापन को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। इस हेतु कलेक्टर दीपक सोनी ने आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

150 लीटर महुआ व 14 लीटर नॉन ड्यूटी पेड देशी मदिरा मसाला जब्त

बलौदाबाजार, 1 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी एल.के.गायकवाड़ के मार्गदर्शन में आज ग्राम-खैरी में भारी मात्रा में अवैध मदिरा की सूचना पर जिला आबकारी विभाग की दल एवं संभागीय उड़नदस्ता रायपुर के साथ संयुक्त रूप से खैरी नाला के किनारे झाड़ियों के बीच दबिश दी गई। मौके पर 4 चढ़ी हुई भट्ठी एवं 100 ली. महुआ मदिरा तथा एक अन्य जगह पर 50 ली. महुआ मदिरा कुल 150.00 ली. की जप्ती की कार्यवाही की गई। साथ ही 65 बोरियों में मदिरा निर्माण के लिये तैयार लाहन कुल 2600 कि.ग्रा. का नष्टीकरण किया गया।इसी तरह 26 अगस्त शुष्क दिवस को संयुक्त दल द्वारा थाना भाटापारा ग्रामीण अंतर्गत ग्राम कड़ार में 80 पाव कुल 14.400 ब.ली. नॉन ड्यूटी पेड देशी मदिरा मसाला आरोपी डूमन कुमार के कब्जे से बरामद किया गया एवं इसके साथ ही अवैध विक्रय के 3 प्रकरण एवं अवैध रूप से मदिरापान की सुविधा उपलब्ध कराये पाये जाने पर 4 व्यक्तियों के विरूद्ध प्रकरण कायम किया गया।

पीएमएफएमई ऋण के लिए आवेदन आमंत्रित

बलौदाबाजार, 1 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बलौदाबाजार द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) अंतर्गत उद्यम स्थापित करने हेतु इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए गए है। इस योजना के जिले को 75 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके अंतर्गत नवीन या विद्यमान माइक्रो फूड प्रोसेसिंग उद्यमों को ऋण सहायता राष्ट्रीयकृत बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जायेगी। योजना में प्रोजेक्ट लागत के 35 प्रतिशत पर क्रेडिट-लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी का प्रावधान है। अधिकतम सब्सिडी 10 लाख रू. तक प्रति उद्यम है। बैंक द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अंशदान आवेदक द्वारा देय होगा। आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा इसके लिए कोई न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निर्धारित नहीं है। ग्रुप कैटेगिरी में स्व सहायता समूहों, किसान उत्पादक संगठन को फूड प्रोसेसिंग उद्यम के साथ कॉमन इंफ्रास्ट्रक्चर, वैल्यूम चौन, इनक्यूबसन सेंटर स्थापित करने के लिए प्रोजेक्ट लागत का 35 प्रतिशत पर अधिकतम 3 करोड़ तक क्रेडिट-लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी का प्रावधान है।

3 दिव्यांगों का कृत्रिम उपकरण के लिए लिया गया माप

बलौदाबाजार, 1 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर दीपक सोनी ने आम लोगों की समस्याओं, शिकायतों को गंभीरता से सुनकर अधिकारियों को निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। जन दर्शन में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्रकरणों के अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए यथा शीघ्र नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण प्रकरणों को समय सीमा में दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही संबंधित अधिकारियों को प्रेषित किया। इसके साथ ही आज जनदर्शन में 3 दिव्यांगों के कृत्रिम उपकरण हेतु माप लिया गया जिसमें ग्राम हददी के चेतन लाल साहू, ग्राम अमेरा योगेश कुमार ध्रुव एवं जरौद के मोहन लाल कुर्रे शामिल है। इसी तरह कसडोल विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम मटिया निवासी दिव्यांग मनोज चेलक ने दिव्यांग राशन कार्ड हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर खाद्य अधिकारी को राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिए गए। खाद्य विभाग द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए उन्हें एक घंटे के भीतर ही राशन कार्ड बनाकर कलेक्टर सोनी के हाथों प्रदान किया गया।

आयोजन

तिल्दा-नेवरा, 1 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। चांपा प्रवास के दौरान सिद्धि विनायक मंदिर में विघ्नहर्ता गणेश जी का दर्शन कर आशीर्वाद लिया एवं वहाँ कात्रे नगर स्थित भारतीय कुष्ठ निवारक संघ कार्यालय में आश्रम की माताओं-बहनों से रक्षासूत्र बंधवाया तथा नागरिक वृंद में फ्ल वितरित किये। साथ ही इस अवसर पर स्व. सदाशिव गोविन्द कात्रे जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा के साथ जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े जी भी उपस्थित रहीं। इस दौरान मंत्री जी ने कुष्ठ निवारण संघ के कार्यकर्ताओं से भी भेंट की।

आपराधिक प्रकरण में फंसाने की धमकी देकर लाखों रुपए की वसूली करने वाला प्रधान आरक्षक गिरफ्तार

रक्षित केंद्र बलौदाबाजार में पदस्थ प्रधान आरक्षक अंजोर सिंह मांझी सहित अब तक 7 आरोपियों को पकड़ा गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 1 सितम्बर। बलौदाबाजार शहर एवं आसपास के विभिन्न लोगों को अपने झांसे में लेकर उन्हें महिला संबंधी अपराध में फंसाने एवं लोक-लाज का भय दिखाकर लाखों रुपए की मोटी रकम वसूली करने संबंधी मामले में थाना सिटी कोतवाली में अपराध धारा 384, 389, 34 भादवि में कुल 04 अपराध दर्ज किया गया है। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में मोंटी उर्फ प्रत्युष मरैया, महान मिश्रा, रवीना टंडन, दुर्गा टंडन, पुष्पमाला फेकर, शिरीष पाण्डेय सहित 06 आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रकरण में पूर्व में पकडे गए आरोपियों से पूछताछ पर, प्रकरण में संलिप्तता तथा आरोपियों को संरक्षण पहुंचाने की जानकारी मिलने पर आज दिनांक 30.08.2024 को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस में पदस्थ प्रधान आरक्षक अंजोर सिंह मांझी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में अब तक कुल 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

9 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 30.08.2024 को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम नयापारा में घेराबंदी कर, अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले एक आरोपी शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से ?1800 कीमत मूल्य का कुल 09 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए, जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

भाजपा सदस्यता महाअभियान को लेकर हुई सुहेला मंडल की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सोनाखान/कसडोल, 1 सितम्बर। भाजपा सदस्यता महाअभियान के तहत प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू के आतिथ्य में सुहेला मंडल की बैठक सम्पन्न हुआ। 28 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी सदस्यता महाअभियान के तहत भाजपा मंडल सुहेला जिला बलौदाबाजार में भाजपा प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू (प्रभारी) के मुख्य आतिथ्य में एवं मंडल अध्यक्ष शिव कटारिया के अध्यक्षता में तथा विशिष्ठ अतिथि अदिति बघमार जिला पंचायत सदस्य, हितेश रात्रे जिला संयोजक सोशल मीडिया के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। उक्त बैठक में विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते संगठन की शक्ति को फिर से मजबूत बनाने का संकल्प लेकर सदस्यता महाअभियान को सफल बनाने और सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से अपने लक्ष्य को शीघ्र ही पूरा करने हेतु आग्रह किया गया। साथ ही सोशल मीडिया के अत्याधुनिक दौर में हर कार्य सहजता से किया जा रहा है। मोबाइल के माध्यम से हम सभी भाजपा के इस सदस्यता महाअभियान को सरलता पूर्वक कर सकते है। आज की इस बैठक में भाजपा प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू, शिव कटारिया मंडल अध्यक्ष, अदिति बघमार जिला पंचायत सदस्य, हितेश रात्रे जिला संयोजक सोशल मीडिया, शांति लाल पात्रे जिला मंत्री, डॉ. धनीराम साहू, हेमंत बघमार, गंगादास मधुकर, संतोष वर्मा, मातेश्वरी साहू, बंशीलाल वर्मा, थानेश्वर बघमार, शेषनारायण वर्मा सहित मंडल पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

10 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 1 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 28 अगस्त को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा दशरमा रोड बलौदाबाजार में घेराबंदी कर, अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले एक आरोपी शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से ?2000 कीमत मूल्य का कुल 10 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए, जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर में 32 बंदियों का इलाज

बलौदाबाजार, 1 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला जेल बलौदाबाजार में परिरुद्ध 32 बंदियों का आयुर्वेद पध्दति से इलाज किया गया। बंदियों एवं जेल स्टॉफपुराना सर्दी खांसी, चर्मरोग, उदररोग, ब्लड प्रेशर, शुगर रोग का आयुर्वेद पद्धति से रहन- सहन, खान-पान पध्य- अपथ्य की जानकारी एवं दवाई दी गई। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. गोदावरी पैकरा ने बताया कि संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जेलों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन परिरुद्ध बंदियों के समुचित उपचार व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर शिविर में चिकित्सक डॉ.एल.एस. ध्रुव, फार्मासिस्ट सीता साण्डे, औषधालय सेवक योगेन्द्र गंडरे उपस्थित रहे।

जनसमस्या निवारण शिविर में हितग्राहियों को किया गया जनमन पत्रिका का वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 1 सितम्बर। राज्य शासन द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, महत्वपूर्ण निर्णय एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने हेतु मासिक पत्रिका 'छत्तीसगढ़ जनमन' का प्रकाशन जनसंपर्क विभाग द्वारा किया जाता है। उक्त पत्रिका का वितरण आज जिले के पलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोदवा में तीसरा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में आए युवाओं एवं अन्य व्यक्तियों को जनमन पत्रिका की प्रशंसा करते हुए पत्रिका को लाभकारी बताया। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे कालेज विद्यार्थी अविनाश वर्मा, सुशील कुमार साहू ने बताया कि जनमन पत्रिका के माध्यम से शासन की सभी योजनाओं की जानकारी के साथ स्टीक तथ्यात्मक आंकड़े भी मिलते हैं, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी में लगे सभी युवाओं को यह पत्रिका अवश्य पढ़नी चाहिए।

पीएम जनमन आवास योजना

पक्का घर बनने से ममता की जिंदगी में आई खुशहाली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 1 सितम्बर। बलौदाबाजार भाटापारा जिले के कसडोल विकासखंड अंतर्गत अंतिम छोर में स्थित वनांचल ग्राम बल्दाकछार की निवासी ममता कमार की कहानी, उन तमाम संघर्षशील महिलाओं की कहानी है जो अपने परिवार के बेहतर भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। ममता कमार के परिवार में उनके पति पंच राम कमार और तीन बेटियाँ हैं: नंदनी कमार 10 साल की है जो चौथी कक्षा, निधि 7 साल है जो पहली कक्षा में पढ़ती है। ममता की सबसे छोटी बेटी लवली अभी 3 साल की ही है।

पंच राम कमार का जीवन-यापन बांस के कार्य पर निर्भर है, जो एक पारंपरिक और श्रमसाध्य कार्य है। इस मेहनत के बावजूद, परिवार के लिए एक स्थायी और सुरक्षित छत का सपना अधूरा था। पहले वे एक कच्चे मकान में रहते थे, जहाँ मौसम की मार से बचना हमेशा एक चुनौती रहती थी।

लेकिन प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना ने ममता कमार और उनके परिवार की जिंदगी में नई रोशनी ला दी है। इस योजना के तहत उन्हें पक्का मकान मिल गया है, जिससे अब उनके जीवन में स्थिरता और सुरक्षा की भावना पैदा हो गई है। अब, ममता और उनका परिवार एक सुरक्षित और मजबूत घर में रह रहा है, जहाँ उनकी बेटियाँ बिना किसी चिंता के अपने भविष्य की ओर बढ़ सकती हैं। ममता कमार इस योजना के लिए प्रधानमंत्री और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पक्के मकान ने उनके परिवार के जीवन को एक नई दिशा दी है और उनकी बेटियों के भविष्य के प्रति उन्हें आत्मविश्वास से भर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया की मुझे महतारी वंदन के तहत प्रतिमाह 1 हजार रूपये मिलता है जिसका उपयोग बांस खरीदने एवं दैनिक खर्चे के लिए करती हूं।

यह कहानी ममता कमार के संघर्ष और उनकी सफलता की है और यह इस बात का उदाहरण है कि सही समय पर सही मदद कैसे एक साधारण परिवार की जिंदगी बदल सकती है।

समाचार संक्षेप

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मनाया गया नेत्रदान पखवाड़ा

भाटापारा, 1 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम जन जागरूकता अभियान के रूप मे मनाया जा रहा है यह कार्यक्रम 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक कार्यक्रम मनाया जा रहा है भाटापारा ब्लाक मे स्वास्थ्य विभाग के नेत्र सहायक, अधिकारियों के द्वारा अलग अलग जगहों एवं स्कूलों मे कार्यक्रम किये जा रहे हैं। जिसमे 31 अगस्त शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया गया जिसमें मोतियाबिंद आपरेशन कराने के बाद 4 मरीजों ने घोषणा पत्र भरकर नेत्रदान करने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला अंधत्व नोडल अधिकारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा डा. राजेश अवस्थी के मार्ग दर्शन मे कार्यक्रम संपन्न कराया जा रहा है। डा. राजेंद्र महेश्वरी खण्डचिकित्सा अधिकारी भाटापारा, डा.सुषमा महेश्वरी नेत्र रोग विशेषज्ञ भाटापारा, नेत्र सहायक अधिकारी किस्मत कुमार गुलेरी, सारीक हैदरी, नोहर, राकेश, वंदना प्रसाद, पद्मिनी सिंगरोल, सभी के द्वारा इस कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए कार्यक्रम मनाया जा रहा है।

ग्रीन आर्मी ने स्कूलों में किया वंदेमातरम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

भाटापारा, 1 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ग्रीन आर्मी भाटापारा छत्तीसगढ़ द्वारा लगातार! सभी स्कूलों में वंदेमातरम् प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया आत्मानंद उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी विद्यालय, नगर पालिका कन्या शाला, मंयुर शिशु मंदिर इतवारी राम शासकीय बहु देशीय विधालय पंचम दीवान स्कूल भाटापारा मे, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, प्लास्टिक उपयोग पर प्रतिबन्ध प्रदूषण नियंत्रण विषयों पर शाला की छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया, एवं सदस्य बनाकर प्रमाणपत्र देकर सम्मानित कर सदस्य बनाया गया। जिला-सयोजक डॉ अरूण छाबड़ा प्रशिक्षक डा वीणा साहू, अध्यक्ष- सुनील दुबे, , आलोक मोदी, अनिल जयसवाल सुधीर मिश्रा सीमा मल तथा मुख्य अतिथि के रूप मे आर.पी. पटेल की उपस्थिति रही।संस्था के प्रचार्य शैलेन्द्र नामदेव रामजी जोशी, दिनेश शर्मा, सी एन बाजपेयी एवं समस्त स्टाफका पूर्ण सहयोग रहा। सभी शाला परिसर मे फ्लदार पौधे लगाए गए। अंत मे विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई।

पुलिस कार्यालय में सेवानिवृति पर उप निरीक्षक बंजारे और प्रधान आरक्षक डहरिया को दी गई विदाई

बलौदाबाजार, 1 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 31 अगस्त को बजे पुलिस कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में सेवानिवृत्त उप निरीक्षक हृदय लाल बंजारे एवं प्रधान आरक्षक अलख राम डहरिया का विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हृदय लाल बंजारे पुलिस विभाग में 10 जनवरी 1981 को आरक्षक के पद पर भर्ती हुए थे। तत्पश्चात 1 फरवरी 2017 को उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। बंजारे जिला रायपुर के विभिन्न थानों में पदस्थ रहे है तथा अभी वर्तमान में थाना पलारी में पदस्थ होकर कार्यरत थे। हृदय लाल बंजारे 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हुए हैं। अलख राम डहरिया पुलिस विभाग में 20 अप्रैल 1985 को आरक्षक के पद पर भर्ती हुए थे। तत्पश्चात 4 मई 2011 को प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। पूर्व में वे जिला रायपुर में पदस्थ रहे हैं तथा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में थाना भाटापारा शहर, कसडोल, लवन, सिमगा तथा अभी वर्तमान में थाना गिधपुरी में पदस्थ होकर कार्यरत थे। अलख राम डहरिया 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हुए हैं। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार एवं राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनों सेवानिवृत्त उप निरीक्षक हृदय लाल बंजारे एवं प्रधान आरक्षक अलख राम डहरिया के उज्जवल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनका विभाग के प्रति किए गए उल्लेखनीय कार्यों की प्रशंसा किया गया तथा इन्हे शाल एवं श्रीफल से सम्मानित कर पुलिस विभाग की ओर से स्मृति चिन्ह तथा उपहार भेंट किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में दोनों सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के परिवार के सभी सदस्य, रक्षित केंद्र एवं पुलिस कार्यालय के सभी स्टाफउपस्थित थे।

डायल 1962 पर मिलेगा पशुओं के ईलाज की सुविधा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 1 सितम्बर। पशुपालकों को अब पशुओं के बीमार होने पर उन्हें अस्पताल ले जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बीमारी की सूचना टोल फ्री नंबर 1962 पर दर्ज होते ही नजदीकी विकासखंड में तैनात वैन मौके पर पहुंच जाएगी। इसके साथ ही मोबाइल नंबर 70000026407 पर भी पशुओं से सम्बंधित सूचना दिया जा सकता है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर पशु चिकित्सा विभाग द्वारा जिले में कृत्रिम गर्भधान एवं टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ नरेंद्र सिंह ने बताया कि सड़क पर विचरण करने वाले आवारा व बेसहारा मवेशियों सहित बीमार पशुओं के ईलाज के लिए उक्त दोनों नंबरों से कॉल कर सकते हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बीमार पशुओं को पशु चिकित्सालय तक ले जाने की समस्या नहीं होगी।

न्यायालय तहसीलदार, लाल बहादुर नगर, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.-202407090100021
अ/21 वर्ष 2023-24

ईश्तहार

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव से जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। आवेदक दुमन लाल कंवर आ. ललतेश्वर कंवर, जाति गोंड़, निवासी ग्राम झंडातालाब, तहसील लाल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव कृषक ग्राम झंडातालाब, तहसील लाल बहादुर नगर में अपने स्वामित्व में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 594/7 रकबा 0.63 एकड़ भूमि को गैर आदिवासी व्यक्ति शुभम वैष्णव पिता मनोज वैष्णव, निवासी ग्राम दरीबांध, को विक्रय करने की अनुमति दिये जाने के संबंध में आवेदक द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय, राजनांदगांव को प्रस्तुत आवेदन पत्र पर जांच प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.), डोंगरगढ़ के माध्यम से प्राप्त हुआ है, जिस पर श्रीमान कलेक्टर महोदय द्वारा आदिवासी की भूमि को गैर आदिवासी को विक्रय करने के संबंध में नियमानुसार निर्धारित कंडिकाओं पर नियमानुसार जांच कर प्रतिवेदन यथाशीघ्र प्रेषित करने हेतु आदेशित किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में आवेदित भूमि को गैर आदिवासी को विक्रय किये जाने की अनुमति आवेदक को दिये जाने हेतु किसी को कोई दावा व आपत्ति हो तो, वे अपना दावा आपत्ति दिनांक 13.09.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 28.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार
ला.ब.नगर (छ.ग.)

मुहर

एक नजर

पर्यूषण पर्व पर सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं बच्चों ने स्नात्र व नवांगी पूजा में भाग लिया

रायपुर, 1 सितम्बर। खरतरगच्छाधिपति आचार्य जिनमणि प्रभ सूरीश्वर द्वारा प्रतिष्ठित सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में प्रातः 5 बजे पट खुलने के साथ ही भक्तों ने पुजारी आडो खोल दर्शन करवा दे, मुझे नित दर्शन रो नेम दर्शन करवा दे भजन गाते हुए परमात्मा के दर्शन वन्दन किये। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि पर्युषण पर्व के प्रथम दिवस परमात्मा के जन्मकल्याणक प्रत्यर्थ स्नात्र महोत्सव में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पर्युषण पर्व में विशेष आराधना करते हुए संध्या 6 . 45 बजे से श्रावक श्राविकाओं द्वारा महाविदेह आराधना केन्द्र में खरतरगच्छ विधि से प्रतिक्रमण किया जावेगा। आज सुप्रसिद्ध जैन भजन गायक हिमांशु बुरड़ भैरव सोसायटी स्थित जिनमंदिर में भक्ति गीत प्रस्तुत करेंगे, कार्यक्रम के लाभार्थी मूलचंद संतोष सरला बैद परिवार है। द्वितीय दिवस इक्तिसा जाप व प्रभु भक्ति सुप्रसिद्ध भजन गायक मयंक डागा प्रस्तुति देंगे।

अंबिकापुर गोली हत्याकांड : अग्रवाल समाज ने की जांच की माँग

रायपुर, 1 सितम्बर। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में बेहद हैरान करने वाली पुलिस की स्टोरी कि मृतक युवक ने खुद के मर्डर के लिए अपने नौकर को सुपारी दी थी से असंतुष्ट अग्रवाल समाज के पदाधिकारी कन्हैया अग्रवाल और हरिवल्लभ अग्रवाल के नेतृत्व में डी . जी. पी. की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी पुलिस महानिरीक्षक एस .सी द्विवेदी से मिलकर हत्या कांड की बारीकी से जाँच कर वास्तविक अपराधी को गिरफ़्तार करने की माँग करते हुए ज्ञापन सौंपा। अंबिकापुर के युवा व्यवसायी अक्षत अग्रवाल को सीने में तीन गोली मारकर हत्या की गई थी घटना के बाद शव जंगल में खड़ी कार के अंदर मिला है. इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी के बयान के हवाले से पुलिस का कहना है कि मृतक ने स्वयं पचास हज़ार रुपये की सुपारी के साथ रिवाल्वर देकर स्वयं की हत्या करवाई है मृतक के पिता ने कहा कि वे पुलिस की जांच से संतुष्ट नहीं हैं।

पर्यूषण पर्व पर बच्चों में नवांगी पूजन करने अपूर्व उत्साह

रायपुर, 1 सितम्बर। खरतरगच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर द्वारा प्रतिष्ठित सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जैन दादाबाड़ी में पर्युषण पर्व के दूसरे दिन सैकड़ों बच्चों ने नवांगी पूजन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रातः जिनमंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालुओं का आना आरम्भ हो गया सर्वप्रथम स्नात्र पूजन के परमात्मा का जन्मकल्याणक मनाया गया। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि पर्युषण पर्व में रविवार अवकाश दिवस होने के कारण 500 से ज्यादा श्रावक श्राविकाओं ने सीमंधर स्वामी, सुमतिनाथ जी, पार्श्वनाथ व वर्तमान शासननायक महावीर स्वामी की प्रतिमाओं का अनामिका अंगुली से चंदन पूजन किया। पर्युषण पर्व के अवसर पर पूजन करने वाले बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। बच्चों को पूजन विधि की जानकारी व पूजन का महात्म्य समझाया गया। ट्रस्टी नीलेश गोलछा व डॉ योगेश बंगानी ने आगे बताया कि दादागुरुदेव की प्रतिमाओं की माणक मोतियों व मखमली कपड़े से नयनाभिराम आंगी बनाई गई।

बर्फ का वो शरीफ टुकड़ा जाम में क्या गिरा बदनाम हो गया जब तक देता अपनी सफाई खुद ब खुद शराब हो गया

देश के आराध्य देव का अयोध्या में स्थापित श्रीराम का भव्य मंदिर चूने लगता हैं, नये भव्य सांसद भवन की छत टपकने लगती है, मप्र के उज्जैन के महाकाल मंदिर प्रांगण में लगी मूर्तियां हवा के झोंकें से गिर जाती हैं, उप्र के काशी विश्वनाथ के नये मंदिर कॉरीडोर की भी चर्चा होती रही है और अब महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के राजकोट में 8माह पहले लोकर्पित शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिर जा ती है?सभी के लोकार्पण या उद्घाटन में देश के पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी भी कम चर्चा नहीं है?माना जाता है कि ऐसे समारोह में जहाँ पीएम की मौजूदगी हो तो गुणवत्ता पर विशेषध्यान दिया जाता है?लगता है कि चुनाव के पहले जल्दबाजी में निर्माण, पीएम के सामने अपने नंबर बढ़ानेकी जुगत और एक प्रदेश विशेष के लोगों को ही काम देने की मज़बूरी भी बड़ा कारण हो सकती है..? अजीब बात है, 2 सांसद से अयोध्या में राममंदिर बंनाने के नाम पर केंद्र और कई राज्यों मेंसत्ता सीन भाजपा की सरकारों ने मंदिर के अच्छे निर्माण करने में कोताही बरती है! पहली बरसात में राममंदिर पहुंच मार्ग की सड़कों की हालत, मूर्तियों की चोरी किसी से छिपी नहीं है, कोरो ना काल में भी जल्दबाजी में बने नये सँसद भवन (हालांकि अभी उसकी उतनी जल्दी भी नहीं थी) की छत टपकने की चर्चा तेज है। महाराष्ट्र की राजनीति में शिवसेना, शिवाजी महाराज को महानायक बनाकर, असली शिवसेना का अंग होने का दावा करने वाले सीएम एकनाथ शिंदे के कार्यकाल में 8 महीने पहले लोकर्पित शिवाजी महाराज की मूर्ति का गिरना और उस पर बयान कि 45 किमी की रफ़्तार से हवा चलने के कारण ऐसा हुआ, हास्यास्पद ही है..? बरसों पहले बने शिवाजी के किले की एक ईंट भी आज तक नहीं गिरी है। कुल मिलाकर भाजपा और सहयोगी दलों की जहां सरकारें है वहाँ क्या हो रहा है?

नक्सलवाद का सफाया और अमित का मंत्र...

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छग पुलिस को आश्वासन दिया है कि नक्सलियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के लिये हथियार, दूरसंचार उपकरण जैसे सभी संसाधन 20 दिनों के भीतर उपलब्ध कराएंगे।बैठक में शामिल एक अधिकारी ने बताया-आश्चर्य की बात नहीं कि माओवादी, सुरक्षाबलों से बचने के लिए राज्यों के बीच सीमाओं पर खामियों का फायदा उठाते हैं।सुरक्षा बलों के साथ सहयोग बढ़ाने खुफिया संचार के हस्तांतरण पर जोर दिया गया ताकि बेहतर तैयारी, संचालन की योजना बनाई जा सके।शाह ने मार्च 2026 तक नक्सली के खात्मे का टारगेट देते हुये बताया- वर्ष 2022, चार दशकों में पहला वर्ष होगा जब हताहतों की संख्या 100 से नीचे आ गई, इसके अतिरिक्त 2014 -2024 के दशक में वामपंथी उग्रवाद की कम घट नाएं दर्ज की गईं और इस दौरान शीर्ष 14 नक्सलीनेताओं को निष्प्रभावी कर दिया गया।उन्होंने कहा कि 20 04 से 2014 के बीच 16, 463 घटनाएं दर्ज की गईं और 2014 से 2024 के बीच 7, 744 घटनाएं दर्ज की गईं, जो 53त्न की महत्व पूर्ण गिरावट को ही दर्शाता है। 2004-2014 के बीच सुरक्षा बलों, नागरिकों के बीच 6, 617 हताहत हुए जो 70त्न कम है।सुरक्षाबलों के हताहतों की संख्या में 73त्नकी कमी आई, वामपंथी उग्रवाद की घटनाओं के कारण नागरिकों की मृत्यु में 69त्न की कमी आई, गृहसचिव गोविंद मोहन और खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका के अलावा बैठक में छग, मप्र, ओडिशा, आंध्र, तेलंगाना, महाराष्ट्र के मुख्य सचिवोंऔर पुलिस महानिदेशकों (डीजी पी) ने भाग लिया।झारखंड का प्रतिनिधित्व एडीजी ने किया, नक्सल प्रभावित राज्यों के डीजीपी, मुख्य सचिवों को

नक्सलियों की आवाजाही के साथ प्रभाव क्षेत्रों में विकास पर ÷निरंतर निगरानी÷रखने को कहा है, उन्होंने डीजीपी से हर हफ्ते नक्सल विरोधी अभियानों में शामिल अधिकारियों से मिलने को भी कहा, मुख्य सचिवों को भी 15 दिन में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों की समीक्षा करने कहा है, अधिकारी के अनुसार छत्तीसगढ़, झारखंड जैसे राज्यों में ऐसी कई बैठकें पहले से ही हो रही हैं, जहां माओवादी समस्या अभी भी मौजूद है, लेकिन अब उच्चस्तरीय बैठक में समय सीमा और एसओपी पर चर्चा हो चुकी है, अब नक्सल प्रभावित राज्यों में नीति बनजाएगी?

गृह मंत्री विजय शर्मा किससे बात करेंगे..?

छग में राज्य बनने के बाद अभी तक वरिष्ठ विधायकों को गृहमंत्री बनाया जाता

था, नंद कुमार पटेल, बृज मोहन अग्रवाल, ननकीराम कंवर, रामविचार नेताम, रामसेवक पैकरा, ताम्रध्वज साहूआदि गृहमंत्री रह चुके हैं।नक्सली समस्या से रूबरू भी हुए। नक्सली समस्या पर 'सलवा जुडम', विशेष पुलिस अफसरों (एसपीओ) की नियुक्ति सहित कई प्रयोग भी हुए, नक्सली वारदात कम-ज्यादा होती रही। विष्णुदेव सर कार में पहली बार के विधा यक, हिंदुत्व के सहारे चुनाव जीतने वाले विजय शर्मा को डिप्टी सीएम सहित गृहमंत्री बनाया, नक्सली क्षेत्र में टार गेट देकर मुठभेड़, आत्मसमर्पण, गिरफ्तारी का दौर जारी है, विजय उत्साहित भी हैं, नक्सलियों से वार्ता की बात कई बार दोहरा भी चुके हैं, सवाल यह है, बस्तर में नक्सलियों का नेतृत्व कौन कर रहा है? किससे शांति वार्ता करेंगे? पहले वह नाम तो सामने आये..? वैसे उन्हें शायद पता नहीं होगा कि पहले संवैधानिक व्यक्ति से जेल में कुछ लोगों को मिलाया भी जा चुका है, बाद में पता चला कि वे लोग नक्सली थे ही नहीं?

विस अध्यक्ष जीतते हैं तो सरकार नहीं बनती?

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद विधानसभा चुनावों के परिणामों से यह तय है कि विधानसभा अध्यक्ष विजयी होते है तो पार्टी की सरकार नहीं बनती, पराजित होते हैं तो सरकार बनती है। राज्य के पहले विस अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल बने। 2003 के विस चुनाव में वे जीत तो गये, सरकार भाजपा की बनी। बाद में प्रेमप्रकाश पांडे अध्यक्ष बने 2008 के विस चुनाव में प्रेमप्रकाश पांडे पराजित हो गये, सरकार भाजपा की बनी।

2013 में विस अध्यक्ष धरम लाल कौशिक पराजित हो गये है, सरकार भाजपा की बनी थी, फिर गौरीशंकर अग्रवाल विस अध्यक्ष बने, वे पराजित हो गये, कांग्रेस की सरकार बनी। हाल के विस चुनाव में विस अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत तो जीत गये पर कांग्रेस की सरकार नहीं बनीं?

17 लाख असम की 2 भैसों पर खर्च...

छत्तीसगढ़ के वन विभाग ने एक साल में असम की 2 भैंसों के भोजन आदि पर 17 लाख रुपये खर्च किया। यह जानकारी आरटीआई के माध्यम से सामने आई है। 2020 में असम से बार नवापारा अभ्यारण्य से एक नर और एक मादा वन भैसों को बाड़े में रखा गया था 20 22 से लेकर 2023 तक इन दोनों भैंसों को आहार, दवा और अन्य सामग्री परकरीब 17 लाख 22 हजार 896 रु खर्च हुए थे।बाद में 20 23 में असम से चार मादा सब-एडल्ट वन बफ़ेलो और भी लाये गये। इसके बाद बाड़े में 6 की संख्या हो गई थी। जिसके बाद 2023 और 2024 में खाना, घास, बीज, तरबूज, चना खरी, पारा उनकी कुट्टी, हरे और बगीचे पर 24 लाख 94 हजार 474 रुपये खर्च हो गए थे।ऐसे में तरह तरह की चर्चा तो लाजमी ही है?

और अब बस...

- महादेव सट्टा ऐप के मामले की जाँच सीबीआई को सौंपने से क्या पूर्व सी एम भूपेश की मुश्किलें बढ़ेंगी?
- क्या छग प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष को बदला जा रहा है?
- सीएम के सचिवालय के एक ओएसडी की छुट्टी करने चर्चा तेज है?

लगातार हो रही रेप की घटना और बढ़ते अपराध के विरोध में एनएसयूआई ने निकाली मशाल यात्रा

- **स्कूल पढ़ने वाली 4 साल की बच्ची से छेड़छाड़, भिलाई में युवती और राजधानी में अधेड़ के साथ गैंगरेप के मामले पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मशाल रैली निकालकर जताया विरोध**

रायपुर, 1 सितम्बर। भिलाई स्टील प्लांट के डीपीएस स्कूल में 4 साल की बच्ची से छेड़छाड़, प्रदेश में लगातार हो रही रेप/अनाचार की घटनाएँ और लगातार बढ़ रहे अपराधों के खिलाफ शनिवार शाम को हस्ट्ठ कार्यकर्ताओं ने मशाल यात्रा निकली। हस्ट्ठ प्रदेश नीरज पांडेय के नेतृत्व में गांधी मैदान कांग्रेस भवन से गांधी प्रतिमा आज़ाद चौक तक मशाल लेकर निकले छात्र और एनएसयूआई कार्यकर्ता।

एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने कहा कि डीपीएस स्कूल में 4 साल की अबोध बच्ची के साथ हुई छेड़छाड़ की गंभीर घटना बेहद दुखद है। नियमानुसार पहले इस मामले में एफआईआर होनी थी उसके बाद जांच किया जाना था। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड के सामने बच्ची का परीक्षण क्यों नहीं करवाया? इस पूरे मामले में एसपी का बयान भी बेहद ही गैर जिमेदाराना तथा आरोपियों को बचाने वाला है।

हाल ही में 24 घंटे के अंदर राजधानी के बस स्टैंड में अधेड़ महिला और भिलाई में युवती के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना सामने आयी लेकिन पुलिस आरोपियों को अभी तक नहीं पकड़ पाई है। मशाल यात्रा में प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य बेसन, संगठन महामंत्री हेमंत पाल, ज़िला अध्यक्ष शहर शान्तनु झा, ज़िला अध्यक्ष ग्रामीण प्रशांत गोस्वामी, प्रदेश महासचिव निखिल वंजारी, महताब हुसैन, तारीक अनवर खान, वैभव मूँजेवार, रजत ठाकुर, अंकित शर्मा, अनुज शुक्ला, शुभम् शर्मा, दिव्यांश श्रीवास्तव, कृश सहारे समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

सबसे पवित्र स्थान पर दुनिया का सबसे नेक कार्य : तिलोक चंद

- **अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में बिलासा ब्लड सेंटर, लायंस व लियो क्लब रायपुर सेंट्रल तथा आर्टिस्टिक वाइब्स ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन**

रायपुर, 1 सितम्बर। अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में शनिवार को आयोजित रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि पीएमजेएफ पीडीजी एलएन तिलोक चंद बरडिया ने कहा कि सबसे पवित्र स्थान पर दुनिया का सबसे नेक कार्य हो रहा उसमे सहभागी बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

बिलासा ब्लड सेंटर, लायंस व लियो क्लब रायपुर सेंट्रल तथा आर्टिस्टिक वाइब्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में बरडिया ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को निशुल्क हास्टल और शिक्षा जिस स्थान पर मिल रहा हो उससे पवित्र जगह नहीं हो सकता। ऐसे पवित्र स्थल पर रक्तदान का नेक कार्य हो रहा हो तो यह सोने पर सुहागा है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रायपुर नगर निगम के अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने कहा कि रक्तदान करने से केवल एक व्यक्ति की जान नहीं बचती है, बल्कि कई जानें बचती हैं और उनके परिवारों को खुशियाँ भी मिलती हैं। दुबे ने तिलोक चंद बरडिया के व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि समाज के वंचितों के लिए जो कार्य वे कर रहे हैं वह अनुकरणीय है। अर्पण कल्याण समिति ने दिव्यांग बच्चों की शिक्षा और स्किल डेवेलपमेंट का संकल्प लिया है उसमे समाज के सभी वर्गों की सहभागिता अनिवार्य है।

इस अवसर रानू लूनियाअध्यक्ष लायंस क्लब रायपुर सेंट्रल, लियो मासूम लूनिया अध्यक्षा लियो क्लब रायपुर सेंट्रल, लियो तृप्ति लूनिया, आर्टिस्टिक वाइब्स फाउंडेशन, राउंड टेबल के प्रतीक बेरिवाल, अंशु अग्रवाल, विशाल दत्ता कृति संघई, अर्पण कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष धनंजय त्रिपाठी, डायरेक्टर डॉ. राकेश पांडेय, दिनेश शुक्ला भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कोआर्डिनेटर सीमा छाबड़ा ने किया।

जैतूसाव मठ में षष्ठी महोत्सव के लिए मालपुआ बनाया गया

रायपुर, 1 सितम्बर। पुरानी बस्ती रायपुर स्थित जैतूसाव मठ में भगवान कृष्ण जन्माष्टमी के उपरांत षष्ठी महोत्सव के लिए व्यापक मात्रा में मालपुआ बनाया जा रहा है। मठ के महन्त रामसुन्दर दास महाराज एवं अजय तिवारी निर्माण कार्य में तल्लीन दिखाई दिए। मालपुआ भगवान का प्रिय भोग प्रसाद है। इसे विषेष कर जन्माष्टमी और रामनवमी के अवसर पर मठ मंदिरों में बनाया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जैतूसाव मठ में इस वर्ष भगवान को भोग अर्पित करने के लिए सवा कुण्टल मालपुआ प्रसाद तैयार किया गया है। राजेश्री महन्त

महाराज एवं तिवारी ने षष्ठी महोत्सव के अवसर पर विश्व कल्याण की कामना करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य सहित संपूर्ण देश वासियों को बधाई दी है। षष्ठी महोत्सव दिनांक 1 सितंबर को मनाया जाएगा इसके लिए व्यापक तैयारियां की गई है। लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भगवान का दर्शन पूजन करके अपना जीवन धन्य बनायेंगे।

शरीर के प्रति ममत्व के विस्पन का नाम है संथाराः मुनि सुधाकर

रायपुर, 1 सितम्बर। आचार्य महाश्रमण के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर ने रायपुर स्थित लाल गंगा पटवा भवन, टैगोर नगर में गतिमान चातुर्मासिक प्रवास अंतर्गत 1 सितम्बर को 86 वर्षीय शांति देवी बैद के उनसे ग्रहण किए अनशन व्रत अर्थात संथारा प्रत्याखान के विषय में कहें जिसे मुनिश्री ने उन्हें आचार्य महाश्रमण को अनापत्ति के पश्चात कराया। विशाल जनमेदनी के मध्य परिवारजनों की अनुमति व संघीय संस्थाओं के सम् उपस्थित पदाधिकारियों की साक्षी से मुनिश्री सुधाकर द्वारा णमोत्थुणं एवं गुरु मंत्र करते हुए शांति देवी बैद को पच्चखान कराया गया। मुनिश्री ने कहा अनशन व्रत के पथ पर आगे बढ़ना सचमुच सच्ची वीरता का परिचय है। एक आत्मयोद्धा ही इस पथ पर आगे बढ़ सकता है। 31 वर्षों से निरंतर वर्षीतप करना अपने आपमें अमित आत्मबल का परिचय है। गुरुदेव की अनुकम्पा से वें अपना इच्छित लक्ष्य प्राप्त करें ऐसी कामना करता हूं।

जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, रायपुर अध्यक्ष गौतम गोलछा ने आचार्य प्रवर के संदेश का वाचन किया। सम्पूर्ण समाज ने संथारा साधिका के प्रति मंगल भावना व्यक्त की।

माता वरलक्ष्मी की पूजा कर सुहागिनों ने मांगा मनचाहा वर

तिरुमला तेलुगु महिला समाज ने भक्तिभाव से मनाया वरलक्ष्मी व्रतोत्सव

रायपुर, 1 सितम्बर। सेक्टर 2 स्थित अय्यप्पा मंदिर में शुक्रवार को तिरुमला तेलुगु महिला समाज के बैनर तले दक्षिण भारत का एक महत्वपूर्ण धार्मिक त्यौहार वरलक्ष्मी व्रतोत्सव भक्तिभाव से मनाया गया। व्रतोत्सव में शामिल महिलाओं ने धन, संपदा, शांति और समृद्धि की देवी माता वरलक्ष्मी का व्रत रखकर पति और अपने परिवार के वैभव, दीर्घायु, खुशहाली और संतानों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। देवी लक्ष्मी को समर्पित व्रतोत्सव का यह दूसरा वर्ष है। इस शुभ अवसर पर महिलाओं ने देवी लक्ष्मी से मनचाहा वर प्राप्त करने के लिए पारंपरिक वेशभूषा में कुमकुम पूजा की और साथ ही ललिता सहस्त्रनाम का पाठ भी किया।

तिरुमला समाज की अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद टी जयारेड्डी की अगुवाई में मनाए गए व्रतोत्सव को आरंभ करने से पहले पंडित एनपी राममूर्ति शर्मा ने पूजा-स्थल को गंगाजल छिड़क कर शुद्ध किया और उसके बाद चंदन, कुमकुम,

पुष्प और अक्षत भरे कलश को बीचों-बीच स्थापित किया। एक वेदी भी स्थापित की गई, जिस पर नूतन वस्त्रों, आभूषणों, फूलों सहित विभिन्न अलंकारों से सुसज्जित देवी लक्ष्मी की मूर्ति को वैदिक मंत्रों के उच्चारण के बीच प्रतिष्ठित कर सनातन पद्धति से अभिषेक किया गया। मूर्ति-स्थापना के उपरांत पंडित ने षोडशोपचार पूजा कराई और अंत में महाआरती की। षोडशोपचार पूजा में देवी-देवताओं को सोलह प्रकार के उपचार दिए जाते हैं। इस मौके पर जहां समाजसेवक तरुण शर्मा ने एक विकलांग व्यक्ति को व्हील चेयर देने के लिए आर्थिक सहायता दी, वहीं जे ललिता ने देवी अलिवेलि मंगम्मा का भक्ति-गीत गाया। व्रतोत्सव में पंडित ने महिलाओं को देवी वरलक्ष्मी की कथा सुनाई और उन्हें व्रत की विधि भी बताई। पौराणिक कथा के अनुसार एक ब्राह्मण पतिव्रता स्त्री चारुमती पति और सास-ससुर के प्रति दायित्वों का निर्वाह करते हुए नियमित रूप से माता लक्ष्मी की आराधना करती थी।

आराधना से प्रसन्न होकर एक बार माता लक्ष्मी स्वप्न में चारुमती के समक्ष प्रकट हुईं और कहा कि श्रावण पूर्णिमा के कुछ दिन पहले उनका व्रत रखने से वह मनोवांछित फल प्राप्त कर सकती है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26